Hemant Rao
P.U.C.

1966

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

स्वर्ण जयन्ती

विशेषांक

# प्रज्ञा

विशेषांक

*Subscription Rates (per issue)* :—

| | | | |
|---|---|---|---|
| U.S.A. | ... | ... | $1 |
| U.K. | ... | ... | sh10 |
| India | ... | ... | Rs. 5.00 |
| B.H.U. | ... | ... | Rs. 3.00 |

## Rules

(1) The "Prajña", shall, so far as possible, be published twice a year: one issue immediately after the Dipāwali, the other immediately before the Holi.

(2) All subscriptions should be sent to the Assistant Editor, "Prajña", B.H.U. Journal, Varanasi-5.

(3) Articles intended for publication in this Journal by B.H.U. scholars should be submitted to the College Editor before ... first issue and November 20 for the next ... d reach the Editorial Board on July 30 ... spectively.

... rdinarily be type-written on foolscap paper ... y and should not ordinarily cover more ... Teacher authors contributing original ... ournal are entitled to receive 50 off-prints ... students will get 25 off-prints.

... y technical nature will not be entertained.

# काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

## स्वर्ण जयन्ती

विशेषांक

# प्रज्ञा

विशेषांक

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक

# पूज्य महामना

हिताय सर्वलोकानां निग्रहाय च दुष्कृतां
धर्मसंस्थापनार्थाय प्रणम्य परमेश्वरम् ।
प्रसादाद्विश्वनाथस्य काश्यां भागीरथीतटे
विश्वविद्यालयः श्रेष्ठः हिन्दूनां मानवर्धनः ॥
हिन्दूराज्याधिपतिभिर्धनिकैर्धार्मिकैस्तथा
मिलित्वा स्थापितः सद्भिर्विद्याधर्मविवृद्धये ॥

जन्म :—वि० सं० १९१८ पौषकृष्ण ८ (२५-१२-१८६१)
मोक्ष :—वि० सं० २००३ मार्गशीर्षकृष्ण ४ (१२-११-१९४६)

# विषय सूची

# मालवीय-वचन

## ( पूज्य मालवीय जी के लेखों से संकलित )

हिन्दू विश्वविद्यालय की संस्थापना विद्यार्थी के भीतर शारीरिक बल के साथ धर्म की ज्योति और ज्ञान का बल भरने के लिए हुई है, इसे सदैव स्मरण रक्खो !

... ... ...

हम धर्म को चरित्र-निर्माण का सीधा मार्ग और सांसारिक सुख का सच्चा द्वार समझते हैं। हम देशभक्ति को सर्वोत्तम शक्ति मानते हैं जो मनुष्य को उच्चकोटि की निःस्वार्थ सेवा करने की ओर प्रवृत्त करती है।

... ... ...

पृथ्वी-मंडल पर जो वस्तु मुझको सबसे अधिक प्यारी है वह धर्म है और वह धर्म सनातनधर्म है।

... ... ...

यह शरीर परमात्मा का मन्दिर है। ईश्वर को सदैव अपने भीतर अनुभव करो और इस मन्दिर को कभी अपवित्र न होने दो।

... ... ...

इस पवित्र मन्दिर का रक्षक ब्रह्मचर्य है। ब्रह्मचर्य ही हमें वह आत्मबल देता है जिसके द्वारा हम संसार को जीत सकते हैं।

... ... ...

सभी कार्यों में शीलवान बनो। शील ही से मनुष्य मनुष्य बनता है। "शीलं परं भूषणम्"-- शील ही पुरुष का सबसे उत्तम भूषण है।

... ... ...

पढ़ते समय सारी दुनियाँ को एक ओर रख दो और पुस्तकों में, लेखक की विचार-धारा में डूब जाओ। यही तुम्हारी समाधि है, यही तुम्हारी उपासना है और यही तुम्हारी पूजा है।

... ... ...

हिन्दी भाषा को यदि मैं आपके सामने यह कह दूं कि यही सब बहिनों में माँ की पहली अच्छी पुत्री है, अपने माता और पिता की होनहार मूर्ति है तो अत्युक्ति न होगी।

... ... ...

जब हिन्दी का सब बहनों से सम्बन्ध है और ऐसी जब यह बड़ी बहन है, तब इसको मानकर यदि प्रान्त-प्रान्त की भाषाओं का सेवन किया जाय तो बहुत ही उपकार होगा।

... ... ...

बिजली की रोशनी से रात्रि का कुछ अन्धकार दूर हो सकता है, किन्तु सूर्य का काम बिजली नहीं कर सकती। इसी भाँति हम विदेशी भाषा के द्वारा सूर्य का प्रकाश नहीं कर सकते। साहित्य और देश की उन्नति अपने देश की भाषा द्वारा ही हो सकती है।

... ... ...

भारत धर्मप्रधान देश है। इसके चारो कोनों पर चार धाम हैं। अब आप ही सोचिए कि धार्मिक सम्बन्ध से सारे भारतवर्ष में कौन सी भाषा से काम चल सकता है। मेरी समझ में इसके लिए हिन्दी का ज्ञान बहुत आवश्यक है।

... ... ...

हमारे देश के भाइयों के मरने-जीने का न्याय हो; पर हो वह दूसरी भाषा में; यह कैसे आश्चर्य की बात है? वास्तव में न्याय उस भाषा में होना चाहिए जिसका एक-एक शब्द उसकी समझ में आता हो, जिसका कि न्याय हो रहा है।

... ... ...

मनुष्य को परमात्मा ने सबसे बड़ी निधि बुद्धि दी है। जो वस्तु बुद्धि को मैली करती है या हर लेती है उसको मादक अर्थात् नशीला द्रव्य कहते हैं। मनुष्य को उचित है कि किसी प्रकार का नशीला पदार्थ कभी ग्रहण न करे।

... ... ...

"न च मातृसमो गुरुः" पिता से दसगुना दर्जा माता का है। इतना उन्हें पढ़ा दो कि बच्चों को वह अपनी मातृभाषा में गुणा-भाग सिखा सकें। सौ श्लोक अथवा दोहों के रत्नों की माला पहनाकर स्कूल में भेजें कि गुरु कह दें कि यह किस बड़भागिनी की कोख का बच्चा है?

... ... ...

मैं तो रेल में चलता हूँ और सन्ध्या का समय आने पर सन्ध्या कर लेता हूँ।

... ... ...

आप उन्हीं वस्तुओं को खरीदिए जिनके खरीदने से अपने गरीब भाइयों को कुछ पैसा मिले।

... ... ...

———

# कुल गीत

मधुर मनोहर अतीव सुन्दर, यह सर्वविद्या की राजधानी।
यह तीन लोकों से न्यारी काशी,
सुज्ञान धर्म और सत्यराशी।
बसी है गङ्गा के रम्य तट पर, यह सर्वविद्या की राजधानी।
मधुर०—॥

नये नहीं हैं ये ईंट पत्थर,
है विश्वकर्मा का कार्य सुन्दर।
रचे हैं विद्या के भव्य मन्दिर, यह सर्वसृष्टी की राजधानी।
मधुर०—॥

यहाँ की है यह पवित्र शिक्षा,
कि सत्य पहले फिर आत्म-रक्षा।
बिके हरिश्चन्द्र थे यहीं पर, यह सत्यशिक्षा की राजधानी।
मधुर०—॥

वे वेद ईश्वर की सत्यवानी,
बनें जिन्हें पढ़ के ब्रह्मज्ञानी।
थे व्यास जी ने रचे यहीं पर, यह ब्रह्म-विद्या की राजधानी।
मधुर०—॥

वह मुक्तिपद को दिलानेवाले,
सुधर्म पथ पर चलानेवाले।
यहीं फले-फूले बुद्ध शङ्कर, यह राज-ऋषियों की राजधानी।
मधुर०—॥

सुरम्य धाराएँ वरुणा अस्सी,
नहाए जिनमें कबीर तुलसी।
भला हो कविता का क्यों न आकर, यह वाग्विद्या की राजधानी।
मधुर०—॥

विविध कला अर्थशास्त्र गायन,
गणित खनिज औषधि रसायन।
प्रतीचि-प्राची का मेल सुन्दर, यह विश्वविद्या की राजधानी।
मधुर०—॥

यह मालवीजी की देशभक्ति,
यह उनका साहस यह उनकी शक्ति।
प्रगट हुई है नवीन होकर, यह कर्मवीरों की राजधानी।
मधुर मनोहर अतीव सुन्दर, यह सर्वविद्या की राजधानी॥

राष्ट्रपति भवन, नयी दिल्ली-4.
RASHTRAPATI BHAVAN,
NEW DELHI-4.

दिसम्बर 18, 1965
अग्रहायण 27, 1887 (शक)

यह प्रसन्नता का विषय है कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय अपने सेवा काल के ५० वर्ष पूर्ण कर अपनी स्वर्ण जयन्ती मनाने का आयोजन कर रहा है। मैं इस शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों एवं छात्रवृन्द को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ भेजता हूँ।

स. राधाकृष्णन

(स० राधाकृष्णन्)

## प्रधान कुलपति का स्वर्णजयन्ती सन्देश

यह परम हर्ष का विषय है कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, जो विद्या और संस्कृति का महान् केन्द्र है और जो महामना पंडित मदनमोहन मालवीय द्वारा अर्धशताब्दी पूर्व स्थापित हुआ था, निकट भविष्य में अपनी स्वर्णजयन्ती मनाने जा रहा है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए आनन्द का अवसर है, किन्तु हम जैसे लोगों के लिए, जिन्हें इस महान संस्था के साथ साक्षात् सम्बन्धित होने का गौरव प्राप्त है, इस स्वर्णजयन्ती का विशेष महत्व है। मैं इस में अपना परम सौभाग्य समझता हूँ कि यह जयन्ती ऐसे समय पर मनाई जा रही है जब मुझे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का प्रधान कुलपति होने का गौरव प्राप्त है।

मैं इस संदेश के द्वारा उन सभी लोगों को अपना अभिनन्दन और निजी शुभकामना प्रेषित करता हूँ जो इस समय विश्वविद्यालय में अध्यापक तथा विद्यार्थी हैं, और उनको भी जो इस महान् संस्था से शिक्षा ग्रहण करके हज़ारों की संख्या में भारत तथा विदेशों में फैले हुए हैं। इस स्वर्णजयन्ती के शुभ अवसर पर हम फिर से प्रतिश्रुत हों कि हम वास्तविक शिक्षा के उच्च आदर्श, राष्ट्रीय उत्थान तथा अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना की वृद्धि के लिए कटिबद्ध रहेंगे, जो आदर्श मालवीय जी के परम प्रिय थे। वास्तव में यही आदर्श काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के भविष्य के आध्यात्मिक निर्माण के भी निश्चित रूप से विधायक रहने चहिए। विशेष रूप से जो युवक और युवतियाँ इस विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करते हैं और जो इसके वास्तविक जीवन स्रोत हैं, उनके लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि वे इन आदर्शों को हृदयङ्गम करें और इन्हें अपने जीवन तथा अन्तरात्मा का अभिन्न अङ्ग बनाएँ।

कर्ण सिंह

(कर्ण सिंह)

---

## विश्वविद्यालय-प्रशस्ति[1]

### पं० अयोध्यासिंह उपाध्याय "हरिऔध"

अनुभूति भवन विभूति वैभव
भुवन जन भावन ढरें।
कर सफलतामय सकल साधन
विफलता मति की हरें।
सुरसरित शुचि तम सित सलिल विलसित
अवनितल में बसे।
कर लाभ सुरगुरु सम विशद पद
शारदा सेवक लसे।
शिवधाम काशी में कसे तन
ज्योति जन जन में जगे।
रविसम विवेक विकास मय से
भभर भारत तम भगे।
आनन्द वन में युवकदल को
वह नवल फल दल मिले।
जिससे सफल हो मनुज-जीवन
कलित उर कलिका खिले।
तप भूमि में तप निरत तापस
हो तपोबल से बली।
कर दे सुखित दुख विजित क्षति को
वितर विरदावलि भली।
बहु विदित विद्यापीठ में वह
सुमति सरि बहती रहे।
जिसके प्रबोध प्रवाह में
सब विद्यमान विपद बहे।
महिमा मनोहर मदनमोहन
मोहिनी मोहित करे।
भव अखिल विभव अभावहर
प्रतिभाव में अनुभव भरे।
सफलित अमित गौरववलित
अति ललित चरित सुअन जने।
बुध जन विबुध जन वंद्य
हिन्दू विश्वविद्यालय बने।

---

1. Malaviya Commemoration Volume 1932-Editor.

# सैक्युलर-राज्य

श्री प्रकाशवीर शास्त्री
संसद–सदस्य (लोक सभा) दिल्ली

भारतीय संविधान में जब शासन व्यवस्था के साथ सैक्युलर शब्द जोड़ा गया तो उसका स्पष्ट अभिप्राय था शासन किसी भी सम्प्रदाय विशेष को अपनी ओर से प्रोत्साहन नहीं देगा। भारत में हर सम्प्रदाय को अपनी विचारधाराओं के प्रचार की स्वतंत्रता रहेगी। परन्तु नहीं कहा जा सकता कब और किसने सैक्युलर शब्द का अनुवाद धर्म-निरपेक्ष कर दिया? उससे यह समझा जाने लगा कि शासन का धर्म से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी प्रकार का भी कोई सम्बन्ध नहीं है। इसी भ्रम में भारतीय शिक्षण संस्थाओं में धर्म-शिक्षा पर रोक लगा दी गई। मुगलों और अंग्रेजों के शासन में भी जिस आदर्श शिक्षा-पद्धति पर प्रतिबन्ध नहीं था वह स्वतंत्र-भारत में बन्द कर दी गई। परिणाम स्वरूप छात्रों में अनु-शासनहीनता और अपने दायित्वों से दूर भगने की प्रवृत्ति का उदय होने लगा। जो प्रवृत्ति मनुष्य को उसके कर्त्तव्यों की ओर सदैव जागरूक रखती है उसका धीरे-धीरे अभाव होता चला गया।

संध्या के झुटपटे में सोने के आभूषणों से लदी एक महिला सड़क से गुजर रही थी सामने से चले आ रहे एक व्यक्ति का मन उसे देखकर आर्थिक प्रलोभन में फँसा। वह सोचने लगा कुछ आगे जाकर जब यह आने वाली छोटी गली के कोने से मुड़ेगी जहाँ बहुत अधिक अंधेरा है तो वहाँ पहुँचते ही इसका गला दबाकर हत्या कर दूंगा। इस तरह हजारों रुपए का आभूषण लेकर मैं चलता बनूंगा। यहाँ यह विचारणीय है कि अभी उसके मन में केवल यह पाप ही उदय ही हुआ है, किसी ने उसके अन्दर झांककर उसका यह पाप भाँपा भी नहीं है ऐसे में दुनिया की कोई पुलिस या गुप्तचर विभाग क्या उसके इस भयंकर निर्णय पर उसे दण्ड दे सकेगा? लेकिन यदि उसे ईश्वर में विश्वास है और वह जानता है मेरी इस विचारधारा को वह सर्वशक्तिमान देख रहा है तो स्वयं उस बुराई से हट जाएगा। पर यदि उसके मन में धर्म, ईश्वर और पाप-पुण्य नाम की कोई भावना ही नहीं है तो फिर उसे किसका भय? दुनियाँ से जिस दिन ये भावनाएँ पूरी तरह समाप्त हो जाएँगी उस दिन यह संसार केवल स्वार्थान्ध लोगों का एक समुदाय बनकर रह जाएगा। जिसकी उम्र बहुत लम्बी नहीं हो सकेगी। आज भी जहाँ-जहाँ भौतिकवाद का प्रभुत्व बैठता जा रहा है वहाँ इसके प्रमाण स्पष्ट देखने को मिल जाएँगे। खाओ-पिओ और मौज उड़ाओ की पशुओं वाली प्रवृत्ति के अतिरिक्त वहाँ और कुछ देखने को नहीं मिलेगा।

जहाँ तक सैक्युलर पद्धति से चलने वाली सरकारों का सम्बन्ध है जैसे इंग्लैंड और अमेरिका में उनके सर्वोच्च शासक महारानी और राष्ट्रपति धर्म के रक्षक एवं उसके प्रसार में सहायक माने जाते हैं। सैक्युलर शब्द का अर्थ वहाँ केवल इतना ही है कि राजा के धार्मिक विचारों के अतिरिक्त भी जो धार्मिक विश्वासों में आस्था रखने वाले व्यक्ति हैं उनपर

शासन किसी प्रकार का दवाव नहीं डालेगा। अमेरिका में तो प्रत्येक धर्म के पूजा-स्थानों की पवित्रता बनाए रखने के लिए शासन की ओर से सहायता देने की भी व्यवस्था है। साम्यवादी देशों के अतिरिक्त धार्मिक और नैतिक मान्यताओं को उद्बोधन देने की प्रवृत्ति थोड़े वहुत हेरफेर से लगभग सब जगह ही देखने को मिलेगी।

धार्मिक विश्वासों और आस्थाओं को हृदय की गहराइयों तक पहुँचाने का काम तीन स्थानों पर होता है। माँ-वाप की गोद में, शिक्षण संस्थाओं में और उसी तरह के सार्वजनिक संगठनों में। पर माँ-वाप के दिए विचारों को निखारने का मुख्य काम विशेषरूप में शिक्षण संस्थाओं का ही है। सार्वजनिक संगठन तो उन पर अपने समर्थन की मुहर लगाते हैं अथवा फिर उन्हें दिशा देने का काम करते हैं। शतपथ ब्राह्मण में इसी वात को इन शब्दों में लिखा है—

**मातृमान् पितृमान् आचार्यवान् पुरुषोवेद।**

अर्थात् मनुष्य के संस्कार बनाने में माता-पिता और आचार्य का अपना प्रमुख स्थान है। भारत में भी स्वतन्त्र होने के बाद सरकार ने इस ओर कुछ ध्यान दिया। महाराष्ट्र के भूतपूर्व राज्यपाल श्री श्रीप्रकाश की अध्यक्षता में एक समिति इसके लिए देश के प्रमुख शिक्षा-शास्त्रियों की बनी। उस समिति ने सर्व-सम्मति से वनी यह रिपोर्ट दी कि शिक्षा में धर्म का स्थान अनिवार्य है। लेकिन वरसों पहले आई उस रिपोर्ट पर इसलिए कोई निर्णय नहीं हो सका है कि उस धर्म-शिक्षा का रूप क्या रखा जाय? हिन्दू धर्म-ग्रंथों के कुछ भाग लेकर यदि पाठविधि में रखे जाँय तो मुसलमान नाराज होंगे, इसी तरह मुसलमानों के धर्म-ग्रंथों अथवा ईसाइयों के धर्म-ग्रंथों से कुछ भाग लिए जाँय तो हिन्दुओं को आपत्ति होगी। परन्तु इन सब ग्रंथों में धर्म की व्याख्या तो समान ही रूप से की गई है। क्यों न उन बातों को धर्म-शिक्षा की पाठविधियों में सम्मिलित किया जाय जो सब के लिए समान रूप से ग्राह्य हों? व्यक्ति, देश और वर्ग-विशेष की सीमाओं में आकर जब धर्म के सिद्धान्तों की व्याख्या की जाती है तो वे सम्प्रदाय हो जाते हैं। पर जब इनसे ऊपर उठकर मानवता और विश्ववन्धुत्त्व के सिद्धान्तों का प्रतिपादन कहीं किया जाता है वह धर्म की सीमा में आता है। बुद्ध का वहुजन हिताय और वहुजन सुखाय का संदेश कभी और किसी के लिए भी आपत्ति का कारण नहीं हो सकता। इसी प्रकार उपनिषदों का—

**सर्वेभवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः**

यह सन्देश भी संकुचित दृष्टिकोण का सूचक नहीं माना जाएगा। महाभारत और रामायण में भी व्यास और वाल्मीकि ने जो मनुष्यमात्र की कामना से कलम उठाई है भला वह कैसे किसी के लिए आपत्ति का विषय वन सकती है? यह बात दूसरी है किसी को इन ग्रन्थों के नाम में ही यदि साम्प्रदायिकता झलकती है तो फिर उसका क्या उपाय किया जा सकता है?

स्वराज्य के आन्दोलन में बाल गंगाधर तिलक, गोखले, मालवीय जी और गांधी जी जिस स्वराज्य की कल्पना करते थे उसमें राज्य से पहले जो 'स्व'—शब्द लगा हुआ है उससे उनका अभिप्राय था स्व-संस्कृति, स्व-भाषा, स्व-वेश। यदि स्वराज्य आने के बाद यह तीनों

नहीं आए तो उसे राज्य आना तो कहा जाएगा पर स्वराज्य की परिभाषा में वह नहीं आ सकेगा। भारतीय ऋषियों और सन्तों ने जिस धर्म की व्याख्या की है उसमें सीमित विचारधाराओं का कहीं समावेश ही नहीं है। मनु ने हाथ उठाकर जब विश्व को शान्ति और सद्भावना का पाठ पढ़ने के लिए भारत आने का आमन्त्रण दिया था तो उसमें भी यह ही सब भाव निहित थे। शताब्दियों तक ही नहीं अपितु सहस्राब्दियों तक भारत के प्रमुख नगरों और नालन्दा एवं तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों से यह ही संदेश प्रसारित होते रहे। देर या सवेर होंगें तो वह फिर भी। परन्तु शीघ्र यदि आरम्भ हो जाते तो कई बुराइयों से नई पीढ़ी बच जाती।

---

# OUR NEW UNIVERSITY*

Dr. SIR C. V. RAMAN

'Many a time when travelling in America, I was called upon to speak of India, of India's ancient civilization and of her new renaissance. They were anxious to hear of our country. When I accepted such invitations, I had to unfold a picture of our people, to paint in words India as she was and she is to-day. Do you think I spoke of Madras or of Calcutta ? No. I spoke of Benaras, of the historic city on the ridge overlooking the Ganges which stands at the very heart of India, as the living centre of our ancient culture and learning. I spoke of the new University which has sprung up so fitly, at this age-old seat of learning and is the living embodiment of the aspiration of new India. That was the message I gave to America'.

---

*From the convocation address of Dr. Sir C. V. Raman, 1927.

## ALL INDIA UNIVERSITY*

### H. E. LORD IRWIN

'Almost eleven years ago Lord Hardinge, in laying the foundation-stone from which this great institution has risen, expressed the hope that the University might come to be a place of many-sided activities, proposed to equip young men for all the various walks of life. His hopes have not been be-lieved. Those who have directed the growth of this University—and I know how much the University owes to its Vice-Chancellor—have laid their plans wisely and pursued them well. In the choice of their site and the character of their buildings they have striven to create the real academic atmosphere, impalpable but always powerful to influence the minds of those who are brought within its range. They have afforded opportunities for the study of a wide variety of subjects intellectuals and practical, theological and scientific, adequate to give a young man the mental equipment he needs to face the manifold problems of life. They were, I believe, the first to adopt here the orga-nisation of a residential teaching institution. Your system of housing the different departments, with their hostels in separate contigenous buildings, allows not only for specialisation in study but also for a common social life out side the class. And both are of the essence of the real University life."

———

*From an address by L. R. His Excellency Lord Irwin when laying the foundation stone of Sayaji Rao Gaekwad Library, 1927.

# THE NATIONAL UNIVERSITY*

## THE HON'BLE RAMSAY MACDONALD

"The Banaras Hindu University is to be national. It is to teach its own students, who are to be resident. Its religious atmosphere is to be Hindu. There can be no doubt that if this University is fortunate in its beginning, it will become the great seat of learning in India. Not the Government Colleges, but this will attract the Indian youth piously seeking knowledge, and the scholar piously teaching it. Here India has its chance of showing what is in it. But it must remember certain things from the very beginning. A University must not be brought down to low levels in order to accommodate youths who would like to have degrees, but whose education cannot carry them. A University must be bold even in claiming its intellectual independence. A University must not be a golden gate-way to office so much as a temple where men go for refreshment and guidance and equipment for living. A University must have a tradition, it must be a commune whose sovereignty is accepted by its students through life. And finally, a University is a place not where men are examined, but where they are educated. The Hindu University of all Indian Universities, has the best chance of following high ideals."

---

*'From the Government of India' 'the swarthmore Press, Ltd.,

# IN MEMORIAM

## Dr. A. B. MISRA

(*Central Drug Research Institute, Lucknow*)

"*A beneficent person is like a fountain watering the earth and spreading fertility*"

—Epicurus

Men, who have crossed the prime of their lives, have some lingering memory of the Founder of the Banaras Hindu University ,but the generation that has just emerged out of its teens does not even have a conceptual picture of him, because he departed from the world when they were still in their cradles. It is primarily for their benefit that the following word-picture of the Father of the University is essayed.

Pandit Madan Mohan Malviya fathered the idea of a Banaras Hindu University in the early part of the twentieth century. As early as 1904, he put forward a proposal at the Mint House in Banaras under the presidentship of His Highness the Maharaja of Banaras to found a Hindu University. From that day till his death, he worked ceaselessly to promote the cause and the interests of the Hindu University. Amidst his many activities, he found time to work for the Hindu University and it is doubtful if the University was ever absent from his mind. As an All-India leader, he had much to do with controversial problems but he always found some time to look after the interests of the University. He pursued the project of establishing a Hindu University with a zeal that confounded every body.

In 1904 the proposal was first made ; in 1905 the Prospectus of the University was presented ; in 1906 support of the Sanatan Dharm Sabha was sought ; in 1910 the Revised Prospectus of the University was issued ; in 1911 the Hindu University Society was registered ; in 1912 three related schemes were amalgamated ; in 1914 terms of amalgamation of Besant

Central Hindu College Association with the Hindu University Society were finalised ; in 1915 the Hindu University Bill was introduced and the University Act passed and in 1916 the Foundation Stone of the University was laid by Lord Hardinge. The events leading to the establishment of the Hindu University moved so fast between 1904 and 1916 as to daze and dazzle everybody. There were eminent men, at that time, who doubted if Malviyaji will ever succeed in his attempt to establish a university of the kind that he had in view. Some of them even thought him to be a *crystal gazer*. But Emerson has rightly said that "*if a single man plant himself indomitably on his instincts, and there abide, the huge world will come round to him*".

During the period of twelve years, from 1904 to 1916, Malviyaji was flitting across the country, from place to place, visiting peasants and princes explaining to them the aims and objects of the contemplated university and pleading with the intellectuals, rajas, maharajas and merchant princes to support the cause espoused by him, and to donate funds for the Grand Object. Since *Am Golde hängt doch alles*, he bent himself to the task of collecting funds in feverish haste.

In those far off days, Malviyaji performed a miracle by collecting 48 lacs of rupees for the Hindu University in less than two years after the passing of the Act. It is true that, in this endevour, he was assisted by H.H. the Maharaja of Banaras, H.H. the Maharaja of Bikaner and Maharajadhiraj of Darbhanga, who lent him their moral and material support for the furtherance of the object so dear to him. But for the munificence of the Maharaja of Banaras, the university could not have been built on the land on which it stands today. We may now regard it to be a matter of small importance for the Princely House of Banaras to have parted with the large acreage of land in order to house the Hindu University, but it needed some charity and lot of patriotism in the donor to perform such a feat. Maharaja Sir Prabhu Narayan Singh of Banaras, as a Defender of Hindu Faith, had little difficulty in giving away

the fertile fields and pastures lying across the river Ganga for building thereon the corpus of the Hindu University. Maharaja Sir Rameshwar Singh of Darbhanga travelled with Malviyaji, from place to place, at no small inconvenience to himself, to introduce Malviyaji to the brother princes and to solicit their help for the great Cause. The Maharaja of Bikaner, with the folded skirt of his *Achkan* walked in the Cowasjee Jehangir Hall in Bombay from seat to seat, collecting donations for the Hindu University. The story of the early days of the Hindu University makes a thrilling reading. Within a few years hardly any prince or commercial magnate was left in India who did not make a contribution to the coffers of the University.

On the one hand, Malviyaji was busy collecting funds, on the other he was busy finalising the lay-out plan of the 'Varsity with the help of Sir Ganga Ram and Raja Jwaja Pershad. Simultaneously, he was busy collecting round himself men of eminence, culture and learning of the calibre of Dr. Sir Sunderlal, Raja Sir Moti Chand, Sir P. S. Sivaswami Iyer, M. M. Pandit Aditya Ram Bhattacharya, Dr. Sir Tej Bahadur Sapru, Dr. Sir Rashbehari Ghosh, Pandit Ramavatar Sharma, Prof. Jadunath Sarkar, Dr. Ganesh Prasad, Dr. Radhakamal Mukerjee, Pandit Panchanan Tarkaratna, M. M. Pandit Pramnath Tarkabhushan, Prof. P. K. Telang, Acharya J. P. Kripalani, Dr. S. S. Bhatnagar, Dr. Birbal Sahni, Principal Charles A. King and many others. Let the readers form their own estimate of Malviyaji from the facts recounted here, but to me he was

> "*A man so various, that he seemed to be,*
> *Not one, but all mankind's epitome.*"
>
> —Dryden

In the midst of such activities and duties and obligations contingent on them he found time to live the austere life enjoined by his *Dharma* and to snatch hours of rest and of meditation to God. He had an *air distinguè* about him ; his spotless white dress, *dupatta* and *tilak* on the forehead marked him off

from the rest of men of his days. Rarely do we meet in one combined so beauteous a body and such a virtuous mind.

> "*His life was gentle, and the elements,*
> *So mixed in him, that Nature might stand up,*
> *And say to all the World : This was a man*' —
>
> —Shakespear

Malviyaji collected in the first heat of his rounds, between 1917-1922, a crore of rupees for the Hindu University which earned for him the title of the *Prince of Beggars* from no less a person than Mahatma Gandhi. The country was plunged in the Gandihan Movement from 1922 to 1942, Malviyaji was worn down by age, his travels and movements had become restricted in extent and frequency, *but his actions spoke louder than words* and money trickled into the University Chest to the extent of an additional sum of 64 lacs. Under his care, the growth of the Univeristy was *phenomenal*. In 1917-18, the number of students enrolled in the 'Varsity figured at 400. In 1939-40, when he retired from the Vice-Chancellorship, the number rose to 3600. Malviyaji dreamt of 10,000 pupils in his Seminary and once told me that, God willing, a time will come when the university will extend from Banaras to Mirzapur. But, alas ! *old times are changed, old manners gone.*

Malviyaji strove to make Hindu University an All-India Institution, where students from diifferent parts of the country, belonging to various grades of society, professing diverse faiths could assemble under one common roof and pursue their studies under celebrites. In his life-time, this wish was fulfilled because in 1940-41, the Enrolment Register showed that the students came from all the four corners of the country to the Banaras Hindu University as the figures given below will show :

| Province or State | Number of students | Province or State | No. of students |
|---|---|---|---|
| U.P. | 1910 | Assam | 73 |
| Bengal | 117 | N.W.F.P. | 38 |
| Madras | 300 | Sindh | 26 |
| Travancore State | 49 | Baluchistan | 3 |
| Cochin State | 26 | Jammu & Kashmir | 11 |
| Bihar | 646 | Mysore & Coorg | 53 |
| Orissa | 22 | Hyderabad | 28 |
| Punjab | 141 | Delhi | 33 |
| C.P. & Berar | 274 | Bombay | 130 |
| Rajputana | 170 | Burma | 2 |
| Central India | 108 | Nepal | 3 |
| | | Other places | 6 |

In the foregoing pages, I have briefly recounted the early history of the Hindu University and the part played by Malviyaji in bringing it into existence. It was a superhuman effort on the part of Malviyaji and may be compared to the efforts of Bhagirath in bringing Ganga from heaven to earth. When the Hindu University Act was passed Malviyaji had to shoulder the entire responsibility of the venture from A to Z for 24 years.

In this story of the birth and growth of the Hindu University a deep meaning resides that should not be lost upon the new generations of Hindus. Malviyaji was a man of thin build. In fact, he was all bones and no meat, and yet he could summon boundless energy to serve the causes espoused by him. What was the source of all this energy in him ? It was *amor patriae.*

It is said that a great man living for high ends is the divinest thing that can be seen on earth. The campus of the University is a consecrated spot because he trod upon it. Hindu University is only a lengthened shadow of Malviyaji.

Malviyaji was a man from the people and lived for the people. He rose to the top of the social and political hierarchy by reason of the qualities of his head and heart. Rightly has it been said that.

"*Honour and shame from no condition rise ;*
*Act well your part, there all the honour lies*".

---

# शुभाशंसनम्

(आचार्यः श्रीप्रियव्रतशर्मा, स्नातकोत्तरायुर्वेदीयसंस्थान—निर्देशकः)

( १ )

काश्यामस्याममितमहिमा मालवीयो विपश्चित्
कश्चित्तेने नवलतपसां भासमानं वितानम् ।
शीलाचारप्रवणधिषणोद्बोधनार्थे समर्थम्
शिक्षाकेन्द्रं बहुजनहितायाद्वितीयं द्विजेन्द्रः ।।

( २ )

हिंकारैर्यो दुरितनिवहं द्राक् सुदूरीकरोति
सत्याधारः समुपदिशति ब्रह्मचर्यं च वर्यम् ।
दूरीकुर्वन् सघनतिमिरं देशप्रेम्णाऽऽत्मयोगात्
कोऽसौ सूर्यस्तपति भुवने तेजसा द्योतमानः ।।

( ३ )

विद्याः सर्वा विविधविषयाः काममध्यापयन्ति
विद्वद्वर्याः गुरुकुलवरे यत्र छात्रानसंख्यान् ।
श्वासे श्वासे विबुधनिवहाः ब्रह्म नित्यं जपन्तः
गीतामेताममृतसदृशां यत्र सर्वे पिबन्ति ।।

( ४ )

विश्वव्याप्तं धवलयशसा नाम यस्यास्ति शुभ्रम्,
विद्वद्वर्गेऽप्यतुलकलया यत्प्रभावो विभाति ।
द्यौरद्यापि प्रणतशिरसा यत्पताकां दधाति
ब्रह्मज्योतिःपरिगततपःपूततेजःप्रदीप्ताम् ।।

( ५ )

लक्ष्यं क्षात्रं पुनरनुसरन् ब्राह्ममग्रे दधानः
पञ्चाशद्भिर्लसति तरुणः प्रौढिमाप्तोऽपि वर्षैः ।
यश्चाकल्पात् भवतुरुचिरः सुस्थिरो मोदमानः
वर्षन् विद्यामृतमथ सदा मानवानां हिताय ।।

———

# विश्वविद्यालय का सूत्रपात[1]

## श्री शिवप्रसाद गुप्त

सन् १९१० के दिसम्बर मास में प्रयाग में बड़ी भीड़-भाड़ हो रही थी। एक ओर विलियम वेडरवर्न, की अध्यक्षता में कांग्रेस की बैठक हो रही थी और दूसरी ओर उसी के साथ सरकारी सहयोग में वृहत् स्वदेशी प्रदर्शनी हो रही थी। प्रान्तीय सरकार का लक्ष्य था कि सन् १९०४ की वम्वई की और सन् १९०६ की कलकत्ता की प्रदर्शनियों को नीचा दिखाया जाए पर वास्तव में, कुछ लक्ष्य दूसरा ही था। एक मास के लगभग प्रयाग में रहकर भी मैंने अपने उस समय के विचार के अनुसार इस प्रदर्शनी को नहीं देखा।

इसी वर्ष में पढ़ना छोड़कर, बी० ए० में होता हुआ भी परीक्षा में नहीं बैठा। घर पर मेरे सिपुर्द कोई काम नहीं था। समय, उत्साह और स्वास्थ्य की कमी न थी। पूज्यवर मालवीय जी महाराज से घनिष्ठता हो गई थी। मैंने उन्हें 'बाबू' पुकारना आरम्भ कर दिया था और उन्होंने भी पिता के सदृश प्रेम और शिक्षा आरम्भ कर दी थी। किन्तु इतना होते हुए भी वाबू के राजनैतिक विचार से हम वालक लोग सहमत न थे और उनसे इस संबंध में प्रायः वाद-विवाद हो जाया करता था। वे बड़े प्रेम से समझाने का यत्न करते थे पर मेरी उस समय गदहपचीसी थी। वात क्यों समझ में आती ? अस्तु।

यह वह समय था जव हिन्दू-कालेज के ट्रस्टियों में 'कृष्णमूर्ति' की बात लेकर आपस में वैमनस्य की नीव पड़ चुकी थी। हिन्दू-विश्वविद्यालय की चर्चा सन् १९०४-५ में उठकर एक प्रकार शान्त हो चुकी थी और १९०९ में अलीगढ़ में मुस्लिम युनिवर्सिटी की चर्चा का आरम्भ होकर विचार का स्वरूप पा चुका था। 'गुरु गुड़ ही रहे और चेला चीनी हो गए' की कहावत इस संबंध में चरितार्थ हो चुकी थी। इसी समय हिन्दू-विश्वविद्यालय की चर्चा फिर उठ खड़ी हुई।

सिद्धान्तों को लेकर प्रस्ताव फिर उपस्थित हुआ। श्रीमती एनी विसेंट देवी चाहती थीं कि बादशाह का चार्टर लेकर एक सार्वभौम भारतीय विश्वविद्यालय काशी में खोला जाए जिसके अन्तर्गत देश के सब प्रान्तों के कालेज रह सकें और सब जगह यहाँ की परीक्षा के केन्द्र बन सकें। पर इस विचार का अन्त भी एक प्रकार से हो चुका था और उन्हें इस प्रयत्न में सफलता की आशा मिट चुकी थी। इसी अवसर पर मालवीय जी महाराज ने हि० वि० वि० का नया विचार नये रूप में फिर से उपस्थित किया। प्रयाग में स्यात् इसकी प्रथम बैठक हुई। स्वनामधन्य परलोकवासी श्री पण्डित सुन्दरलाल जी से इस नई संघटित संस्था के मंत्रित्व के लिए विनती की गई। उनके पैरों पर सच्चे ब्राह्मण मालवीय जी की पगड़ी तक डाली गई पर उन्होंने हर प्रकार की सहायता का वचन देते हुए भी, और हर तरह से सहायता देते हुए भी, जब तक सरकार का रुख स्पष्ट ज्ञात न हो जाए तब तक

---

1. From the malaviya Commemoration Volume 1932-Editor.

खुल कर स्पष्ट रूप में मंत्रित्व ग्रहण करने से इनकार ही कर दिया। कुछ उपाय न देख पूज्य बाबू ने अपने पैरों पर खड़ा होना ही विचारा और कलकत्ते के लिए प्रस्थान कर दिया। मैं भी उठल्लू के चूल्हे की तरह वेकार होने के कारण उनके साथ हो लिया। कलकत्ता पहुँच कर बाबू तो हरिसन रोड पर श्री पं० सुन्दरलाल सारस्वत के गृह पर उतरे और मैं अपनी कोठी श्री शीतल प्रसाद खड़ग प्रसाद, ३०, बरतल्ला गली में जा उतरा। पूज्य मालवीय जी ने प्रचार आरम्भ कर दिया। परलोकवासी मेरे अत्यन्त प्रियवर वयस में छोटे चाचा श्री मंगल प्रसाद, एम० ए० परीक्षा की तैयारी कर रहे थे वा स्यात परीक्षा दे चुके थे। उनके तथा श्री गोकुलचन्द के, जो उनसे और मुझसे भी थोड़े वड़े थे, प्रयत्न और उत्साह से मेरी कोठी ने इस कार्य्य में सहायता देना स्वीकार कर लिया। कलकत्ता नगर के वड़े वड़े महाजनों, साहूकारों और जनता ने भी दिल खोल कर इस कार्य में धन और मन से सहयोग दिया। स्वनामधन्य वर्तमान बीकानेर-नरेश ने भी इस संबंध में बड़ी सहायता का वचन दिया और गाड़ी चल निकली। इसी अवसर पर श्री हारकोर्ट बटलर, जो उस समय वड़े लाट के शिक्षा मंत्री थे, मालवीय जी महाराज से मिले और इनसे बहुत सी बातें कीं। आपने पहले ही कह दिया कि यदि प्रस्तावित संस्था में मातृभाषा द्वारा पढ़ाने की व्यवस्था रही तो उसमें सरकारी सहायता और सहानुभूति की आशा रखना व्यर्थ है। उन्होंने साफ-साफ कह दिया कि जिस समय तक आप अंग्रेजी भाषा में लिखते, बोलते, पढ़ते, पढ़ाते हैं तब तक तो हमें शान्ति रहती है, क्योंकि उस समय तक हम आपकी सब बातों और चालों को भली-भाँति समझ सकते हैं और उसे संभाल सकते हैं, पर जिस समय आप अपनी भाषा में कार्य करना आरम्भ कर देते हैं तब उसका समझना हमारे लिए कठिन हो जाता है। इस कारण मातृभाषा द्वारा उक्त शिक्षा देने की अनुमति सरकार से किसी अवस्था में नहीं मिल सकती। न जाने क्या विचार करके कुछ मित्रों का विरोध रहते हुए भी बाबू ने श्री बटलर का इशारा समझ कर इस बात को स्वीकार कर लिया और मातृ-भाषा द्वारा शिक्षा देने का विचार, एक प्रकार से छोड़ दिया या यह कहिए कि कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया।

इसी समय श्रीमती ऐनी विसेंट देवी के तीन व्याख्यान भारतीय विश्वविद्यालय के संबंध में कलकत्ते में हुए इसके उपरान्त एक सार्वजनिक सभा में वि० वि० की घोषणा की गई। कलकत्ते में जो आर्थिक सहायता का वचन मिला था वह प्रकट किया गया और प्रायः ५ लक्ष का वचन मिला और धन भी कुछ मिला। हमारी गाड़ी आगे खिसकी। गौरीपुर के जमींदार श्री ब्रजेन्द्रराय किशोर चौधरी के मैनेजर श्री मदनमोहन घोष बाबू, तथा श्री राधामुकुद मुकर्जी और श्री विनयकुमार सरकार की—जो नेशनल काउंसिल आफ एडु-केशन के सदस्य थे और अन्तिम दो सज्जन, जो आगे चल कर यहाँ के अध्यापक भी हुए—सहायता से वि० वि० के विचार का प्रचार बंगाली सज्जनों में खूब हुआ और कुछ धन भी मिला। परलोकवासी श्री लंगट सिंह की सहायता और उत्साह से परलोकवासी श्री महा-राजाधिराज दरभंगा से भी इस संबंध में चर्चा की गई और सहायता की आशा हुई। बाबू के लंगोटिया यार और प्रांन्त के वयोवृद्ध नेता और कार्यकर्ता, परलोकवासी श्री बाबू गंगा प्रसाद जी वर्मा भी बाबू के साथ हो लिए और कलकत्ता आ गए। श्री ईश्वरसरन जी ने

भी साथ दिया। परलोकवासी श्री पण्डित गोकरन नाथ मिश्र ने भी पूरे सहयोग का हाथ बढ़ाया और गाड़ी चल पड़ी। प्रिय मंगल प्रसाद और मैंने बाबू के सफर का प्रबन्ध, धन के खजानची का काम और इसी प्रकार के फुटकल कार्यों का भार अपने ऊपर ले लिया।

इतने समय के बाद ठीक क्रम में तो चूक हो सकती है पर जहाँ तक स्मरण है, विश्वविद्यालय का दौरा बंगाल में मालदह और फरीदपुर में, बिहार में पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और दरभंगा में, युक्तप्रान्त में जौनपुर, काशी, प्रयाग, कानपुर, इटावा, तथा पंजाब में अमृतसर और लाहौर में हुआ। इतने में ही प्रायः बीस लाख रुपयों की सहायता का वचन मिल चुका था। एक प्रकार से सारे भारत में विश्वविद्यालय के आगमान की दुन्दुभी बज चुकी थी। जनता के उत्साह का ठिकाना न था, मनुष्यों के हृदय में एक नया भाव, और एक नवीन आशा की बाढ़ सी उमड़ पड़ी थीं। कार्यकर्तागण फूले न समाते थे। भिन्न-भिन्न नगरों की सभाओं में दानियों की प्रतिस्पर्धा देखने योग्य होती थी।

मुजफ्फरपुर म एक भिक्षा माँगने वाली भंगिन ने अपनी दिन भर की कमाई, एक पैसा या एक अधेला, जो उसे मिला था इस यज्ञ-वेदी पर समर्पित कर दिया और दर्शकों को 'शुक्लसत्र' की याद दिलाकर चली गई। इसी प्रकार एक व्यक्ति ने एक फटी कमीज जो उसके बदन पर थी, उतार कर प्रदान कर दी थी। इन चीजों को नीलाम करने पर सैकड़ों रुपए मिले थे और ये वस्तुएँ भी वि० वि० को वापस कर दी गई थीं कि ये उसके संग्रहालय में विवरण के साथ सुरक्षित रखी जाएँ। यहीं मुजफ्फरपुर में एक बंगाली महोदय ने स्यात् ५ हजार रुपए दान किया था और पुनः उनके गृह पर जाने पर उनकी पत्नी ने अपना बहुमूल्य स्वर्णकंकण बाबू को भेंट दिया जिसे उनके पति ने उसका दूने से अधिक मूल्य देकर ले लिया और पत्नी को फिर वापस दे दिया और जिसे उनकी पत्नी ने संग्रहालय में . रखने के लिए पुनः बाबू को दे दिया। यहीं मुजफ्फरपुर की एक और घटना भी उल्लेखनीय है। रात्रि हो चली थी, सभा में धन एकत्र हो चुका था। एक ओर उसकी गिनती हो रही थी, दूसरी ओर छोटी-छोटी चीजें नीलाम हो रही थीं। रोशनी जरा कम थी कि एक उचक्का दो थैलियाँ हजार-हजार की उठाकर चल दिया। पीछे दौड़ हुई पर वह यह जा वह जा नाले और झाड़ियों में होकर गायब ही हो गया।

सभी जगह कुछ न कुछ ऐसी घटनाएँ हुई हैं कि जिनका उल्लेख पाठकों के लिए शिक्षाप्रद और कौतूहलवर्द्धक हो सकता है पर उस ओर न जा मैं दूसरी ओर झुकता हूँ।

ऊपर लिखा जा चुका है कि वि० वि० की दुन्दुभी बजाते हुए बाबू और उनके साथी कलकत्ता से लाहौर पहुँच गए थे। २०, २५ लाख का वचन मिल चुका था। हिन्दू विश्वविद्यालय का आन्दोलन ब्रह्मपुत्र की बाढ़ के सदृश समुद्र की ओर वेग से बह रहा था। उसके आगे का पथ रोकना असम्भव हो चुका था। जब शिमला-शिखर से बाबू के लिए बुलावा आया, बाबू के साथ मैं भी शिमला पहुँचा। परलोकवासी राजा हरनाम सिंहजी की कोठी में हम लोग ठहराए गए। बाबू उस समय के वाइसराय लार्ड हार्डिंज से मिलने गए और वहाँ से बड़े प्रसन्न आए और मुझे बुलाकर कहा कि वाइसराय ने विश्वविद्यालय को अपनाने का वचन दे दिया है। मेरे काटो तो बदन में खून नहीं। मैं तो सन्न रह गया और मेरे मुख से हठात् निकल पड़ा कि—This is the death knell of the

Hindu University अर्थात् यह तो हिन्दू विश्वविद्यालय की मृत्युघोषणा है। अस्तु हम लोग ऊपर से उतर कर फिर लाहौर वापस आए। लाहौर की बृहत् सभा में स्वनामधन्य परलोकवासी लाला लाजपतराय ने कहा कि—"Charter or no charter, Hindu University must exist," जिसके उत्तर में बाबू ने कहा कि—"Charter and charter Hindu University must exist,"

इन वाक्यों से दोनों महान् व्यक्तियों की मनोवृत्ति का भली-भाँति पता चल सकता है। अस्तु अब क्या था। अब तो चारो ओर से लोगों की सहानुभूति आने लगी। राजा-महाराजा, उपाधिधारी और देश में अपने को सर्वस्व समझने वाले लोग इधर झुक पड़े और जहाँ गरीब व साधारण लोगों की जेबों में से गाढ़ी कमाई का पैसा एक-एक दो-दो की संख्या में भी आता था वहाँ अब बड़े-बड़े लोगों का बड़ा-बड़ा दान लाखों की संख्या में आने लगा। विश्वविद्यालय जनता और गरीबों का न रह कर सरकारी छत्र छाया के नीचे मुट्ठी भर राजा-महाराजाओं व बड़े आदमियों की संस्था रह गई। लाहौर से डेपुटेशन आगे बढ़ा, मेरठ में बड़े समारोह से सभा हुई, १२ घंटे तक का लम्बा जलूस निकला, परलोकवासी महाराजा दरभंगा ने आकर शिरकत की और सभापति बनना स्वीकार किया और ५ लाख का दान भी दिया। इसी के पहले पूज्य पंडित सुन्दरलाल जी ने भी श्री हारकोर्ट बटलर के कहने पर मंत्रित्व स्वीकार कर लिया था। अब बहाव का रुख दूसरी ओर चला था और आगे क्या हुआ वह सभी जानते हैं।

——o——

# पूज्य मालवीय जी से मिला मन्त्र

विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

आचार्य और अध्यक्ष, विश्वविद्यालयीय हिन्दी-विभाग,

मगध विश्वविद्यालय, गया (बिहार)

सन् २० के समाप्त होते ही असहयोग आंदोलन आरंभ हुआ। हरिश्चन्द स्कूल की पढ़ाई छोड़ दी। कांग्रेस का झंडा छूकर आगे बढ़ गया और क्रान्तिकारियों से हाथ मिलाया। ७ वर्षों तक क्रान्ति की लहर में बहने के अनंतर सन् १९२८ में फिर अंग्रेजी पढ़ने दौड़ा। छह महीने घोर परिश्रम कर काशी विश्वविद्यालय की ऐडमिशन परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। लगे हाथों मित्रों के उकसाने पर सितम्बर में हिन्दी-साहित्य सम्मेलन की उत्तमा परीक्षा का शुल्क भेज दिया। जब तक उसके लिए पुस्तकें जुटाऊँ तब तक गुरुवर लाला भगवानदीन जी का आदेश हुआ कि तुम्हें विश्वविद्यालय की पढ़ाई करनी होगी और मेरे पीछे हिन्दी-विभाग में रहना होगा। २१ सितम्बर १९२८ में सेंन्ट्रल हिन्दू कालिज के इन्टर प्रथम वर्ष में दाखिल हो गया। प्रिंसिपल श्री ध्रुव ने मेरी फीस लाला जी के कहने से माफ कर दी। ८ अक्टूबर से कालिज में परीक्षा देनी थी। अर्धवार्षिक परीक्षा में शुल्क मुक्ति के कारण उत्तीर्ण होना अपेक्षित था। उत्तमा या साहित्यरत्न परीक्षा १ नवम्बर से होनेवाली थी। पढ़ाई की आँधी या बवंडर में जा गिरा। उस समय साहित्यरत्न की परीक्षा प्रयाग में ही होती थी। ८ अक्टूबर से १५ तक अर्ध-वार्षिक परीक्षा देकर साहित्य-सागर में डूब गया।

साहित्यरत्न की परीक्षा बड़ी-कड़ी होती थी तब। इससे कम ही परीक्षार्थी उसमें संमिलित होते थे और जो होते भी थे उनमें से कम ही उत्तीर्ण होते थे। ३२ परीक्षार्थियों न आवेदन-पत्र भरे थे। सोलह परीक्षा में बैंठे। तीन उत्तीर्ण हुए। एक मैं, दूसरे श्री अनूपलाल मण्डल और तीसरे मेरठ के एक सज्जन। मैं सर्वप्रथम, प्रथम श्रेणी का साहित्य-रत्न हुआ। इसके पूर्व किसी विषय में किसी ने प्रथम श्रेणी नहीं पाई थी। मेरी ख्याति की धूम मच गई। आचार्य नरेंद्रदेव जी ने मुझे काशी विद्यापीठ का अध्यापक नियुक्त कर कर दिया। पर मैंने पढ़ना छोड़कर पढ़ाना स्वीकार नहीं किया। मुझे १९३० में इन्टर पास कर लेने पर श्री महावीर प्रसाद द्विवेदी छात्रवृत्ति मिलने लगी। पर उसी वर्ष गुरुवर्य लालाजी का शरीरपात हो गया। १९३२ में बी० ए० पास कर मैं संस्कृत विभाग में नियमित छात्र के रूप में अध्ययन करने लग गया। १९३४ में परीक्षा निकट आने पर मेरी बहन भोजन बनाते समय बुरी तरह जल गई उसको अस्पताल भेजना परिवार के व्यक्तियों ने स्वीकार नहीं किया। उसके घावों की मरहम पट्टी में मुझे बहन की प्रार्थना के कारण विवश होकर लगना पड़ा। इसलिए १९३४ में मैंने परीक्षा नहीं दी।

१९३५ में परीक्षा देने के अनन्तर मुझे मेरे मित्र श्री सीताराम जी चतुर्वेदी ने यह कह कर पूज्य मालवीय जी के चरणों में उपस्थित किया कि अच्छे धर्मशास्त्री हैं। बात इतनी ही थी कि बहुधंधी होने के कारण चतुर्वेदी जी को अवकाश कम रहता था और पूज्य मालवीय जी ने श्री भुवनेश्वरनाथ मिश्र 'माधव' के अनन्तर सनातन धर्म महासभा के मुखपत्र 'सनातन धर्म' का उन्हें संपादक बना दिया था। वे चाहते थे कि कोई तन्मनस्क

होकर काम करने वाला मिल जाए तो मेरा बोझ हलका हो और पत्र समय से प्रकाशित होने लगे। 'सनातन धर्म' के संपादक के लिए धर्मशास्त्री होना उचित ही था।

मैं चतुर्वेदी जी के स्वभाव से परिचित था। पर सहसा अपने को धर्मशास्त्री सुनकर चौंक गया। मध्यमा परीक्षा (विशारद) में धर्मशास्त्र मेरा एक वैकल्पिक विषय था। संस्कृत एम० ए० में भी धर्मग्रंथ मैंने पढ़े थे, पर मैं धर्मशास्त्री नहीं था। साहित्यशास्त्री अवश्य था। मालवीय जी ने धर्मशास्त्र की चर्चा छेड़ी। अपनी तुच्छ ज्ञानराशि के भरोसे मैं भी कुछ कहता और हाँ में हाँ मिलाता जा रहा था कि उन्होंने श्रीमद्भागवत की चर्चा चलाई और लगे उसके उद्धरण देने तथा विवेचन करने। मैं मन्त्रमुग्ध की भाँति उनकी अमृतवाणी का श्रवण करता हुआ रससागर में निमग्नोन्मग्न हो रहा था। सहसा उनकी पृच्छा हुई कि भागवत का कोई श्लोक है आपके ध्यान में। मैं अकचका कर सोते से जाग पड़ा। सीताराम के बनाए धर्मशास्त्री की कठिन परीक्षा थी। पर एक श्लोक ने जो यों ही ध्यान में आ गया था कदाचित् मेरी परिस्थिति-मनः स्थिति का भोंपा बजाते हुए पोत बनकर मुझे पारंगत कर दिया—

**यश्च मूढतमो लोके यश्च बुद्धेः परंगतः**
**तावुभौ सुखमेधेते क्लिश्यति अन्तरितो जनः।**

चलिए मैं धर्मशास्त्री की परिक्षा में उत्तीर्ण हो गया और सनातन धर्म के संपादकीय विभाग में रख दिया गया। मैंने पूज्य मालवीय जी से प्रार्थना की थी कि कृपया मेरा नाम पत्र के संपादक के रूप में न छापा जाए। धर्मशात्रीजी संपादन में लगे। पत्र साप्ताहिक था। कभी कभी मालवीय जी भी उसमें लिखते थे। जब वे उसमें लिखने वाले होते थे तो बड़ी कठिनाई पड़ जाती थी। एक तो समय से उनका लेख नहीं मिलता था और लेख मिल जाने पर उसका प्रूफ उनके पास जाता था। उसके लौटने पर भी मशीन पर चढ़े फार्म में भी संशोधन करने की कभी कभी अपेक्षा हो जाती थी। मैं इससे परिचित नहीं था। मैंने संपादक-कला की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। संपादन-कला पर कुछ पुस्तकें भी उलटी-पलटी थीं। कहीं पढ़ा था कि किसी विचार-पत्र (व्यूज़ पेपर) के लिए भी आवश्यक है कि वह समय से प्रकाशित हो। मैंने यही नीति अपनाई। उधर संवाद आया कि अगले अंक में मालवीय जी का उग्रलेख जाएगा। नई व्यवस्था हुई थी, धर्मशास्त्री जी नए संपादक हुए थे। पत्र में नवीनता आनी ही चाहिए। पर पूज्य चरण के अग्रलेख के कारण वह और भी बिलंवित हो गया। मैंने अवसर मिलते ही इस संबन्ध में स्पष्टीकरण का निश्चय किया। धर्मशास्त्री बनने के अनन्तर मैं कभी मालवीय जी के निकट नहीं गया था। महान् पुरुषों के यहाँ नित्य उपस्थित होने में कई लाभ होते हैं। पर मैं श्रमजीवी के जीवन में विश्वास अधिक करता रहा हूँ। समय का मूल्य अधिक मानकर मैं जीवन भर इससे बचता आया। रीतिकाल के दरबारी कवियों के दरबार में पहुँच कर भी मैं दरबारी नहीं हो सका। इससे जो हानि-लाभ हुआ या लाभ-हानि हुई मैंने उसका कभी कोई विचार नहीं किया।

पूर्वोक्त स्पष्टीकरण के लिए मैं मालवीय जी के निकट दूसरी बार गया था। एक बार धर्मशास्त्री बनने और दूसरी बार अब संपादक के रूप में स्पष्टीकरण के निमित्त। मुझे

देखते ही एक क्षण निहारकर उन्होंने 'विश्वनाथ' कह कर मुझे पुकारा। मैं दंग रह गया कि सहस्रों व्यक्तियों से नित्य मिलने वाला व्यक्ति मुझे एक ही बार देखने पर इस प्रकार पहचान गया और उन्हें मेरा नाम भी स्मरण है। यह पूज्य मालवीयजी की महत्ता ही थी कि मुझ जैसे साधारण व्यक्ति को भी वे स्मृतिपथ में रखे हुए थे। मैंने "जी, बाबूजी" कहकर उत्तर दिया और साहसपूर्वक निवेदन किया कि समाचार-पत्र हो या विचार-पत्र उसका समय से प्रकाशित होना बहुत बड़ा गुण है। निवेदन है कि यदि 'सनातन धर्म' में आप का कोई अग्रलेख जाना हो तो वह मुझे एक सप्ताह पूर्व मिल जाया करे या देर से मिलने पर अगले अंक में उसे स्थान मिले और चालू अंक समय से प्रकाशित हो जाए। मेरी प्रार्थना "बाबूजी" न स्वीकार कर ली और फिर कभी मुझे किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। "सनातन धर्म" समय से प्रकाशित होने लगा और उसकी ग्राहक-संख्या बहुत बढ़ गई।

एक दिन सन् १९३६ के फरवरी महीने में पूज्य मालवीयजी ने मुझसे पूछा कि हिंदी में एम्० ए० हो या संस्कृत में। मैंने निवेदन किया कि संस्कृत में। आदेश हुआ कि इसी वर्ष तुम्हें हिंदी में एम्० ए० की परीक्षा देनी है। मैंने कहा कि १५ मार्च से परीक्षा होनेवाली है और आज १५ फरवरी है। मेरे पास फीस के रुपए भी नहीं हैं। उन्होंने तुरंत रजिस्ट्रार को बुलवाया। मेरी ५०) रुपए की फीस उन्हें दी और फार्म भरवाया और १५०) मुझे दिए। डेढ़ महीने की छुट्टी दी और परीक्षा की तैयारी करने को कहा। मैंने निवेदन किया कि "बाबू जी, आपके आदेश का पालन तो मैं कर रहा हूँ पर यह नहीं समझ में आया कि इतनी हड़बड़ी में मुझसे परीक्षा क्यों दिलाई जा रही है।" उन्होंने कहा कि मुझे विश्वविद्यालय के हिंदी-विभाग के लिए एक अध्यापक चाहिए। श्री श्यामसुन्दरदास अगले वर्ष रिटायर्ड होंगे। मैं चाहता हूँ कि तुम वहाँ काम करो।' "सनातनधर्म" का कार्य श्रीसीताराम चतुर्वेदी को डेढ़ महीने के लिए सौंप दिया गया। मैंने अध्ययन आरंभ किया। एक महीने में सारे ग्रंथों को उलट-पलट गया। २८ मार्च को परीक्षा समाप्त हुई। उस समय हिंदी एम्० ए० में प्रबंध लिखकर देना अनिवार्य था। ३१ मार्च तक प्रबंध लिखकर दे देना था। २८ से ३० तक २ दिनों में मैंने "बिहारी और उनकी कविता" पर प्रबंध प्रस्तुत कर दिया रात-दिन लगकर। वही प्रबंध "बिहारी की वाग्विभूति" के नाम से आगे पुस्तकाकार प्रकाशित किया गया। पुज्य मालवीयजी के आशीर्वाद से मैं विश्वविद्यालय में प्रथम श्रेणी में प्रथम आया।

अब उन्होंने शोध में नाम लिखाने का आदेश दिया। उस समय विश्वविद्यालय में केवल 'डी० लिट्०' की उपाधि थी। मैंने आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के निर्देशन में 'भावों का अलंकार शास्त्र की सीमा में मनोवैज्ञानिक अध्ययन' विषय पर शोध करना आरंभ किया। उस समय हिंदी-विभाग में एक ही शोध छात्रवृत्ति थी—श्रीबाबूनंदन अत्तारवाला की। केवल ३५) महीने की वृत्ति मिलती थी। १५) महीने शोधछात्र को शुल्क देना पड़ता था। बाबू श्यामसुन्दरदास छात्रवृत्ति किसी दूसरे को देना चाहते थे। उन्होंने मेरे फार्म पर केवल हस्ताक्षर भर कर दिए। उस वृत्ति के लिए संस्तुति नहीं की। मैंने पूज्य मालवीयजी से प्रार्थना की कि केवल २०) ही तो बचेंगे ऐसी छात्रवृत्ति का लेना न लेना समान जान पड़ता है। उन्होंने तुरंत विशेष आदेश से मुझे शुल्क से मुक्त कर दिया।

4

उधर बाबू श्यामसुन्दरदास इससे रुष्ट हो गए कि मेरी संस्तुति का विचार न कर ऐसे को छात्रवृत्ति दे दी गई जिसकी संस्तुति मैंने नहीं की थी। उन्होंने आदेश दिया कि तुमने जो अनुसंधान किया हो उसकी प्रत्येक तीसरे महीने मुझे रिपोर्ट दो। आचार्य शुक्ल से मैंने कहा कि यह विषय ऐसा है जिसमें सामग्री का संकलन करने में ही एक वर्ष लग जाएगा भला तीन-तीन महीने में क्या रिपोर्ट दी जाएगी। अंत में एक वर्ष के अनन्तर उसकी रिपोर्ट दी गई और कहा गया कि सामग्री का वर्ष भर में इस रूप में आकलन किया गया है। बाबू श्यामसुन्दरदास इस रिपोर्ट पर अप्रसन्न हो गए और उन्होंने कहा कि तुमने कुछ भी कार्य नहीं किया। तत्कालीन रजिस्ट्रार श्री इन्द्रदेव तिवाड़ी के यहाँ रिपोर्ट की। पर उन्होंने बाबू साहब को बहुत समझा-बुझाकर वह रिपोर्ट दाखिलदफ्तर कर दी।

सन् १९३७ में बाबू श्यामसुन्दरदास कृतकार्य होकर विश्वविद्यालय के हिंदी-विभाग के अध्यक्ष पद से पृथक् हो गए। उनके स्थान पर आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की नियुक्ति की गई। विभाग में एक स्थान रिक्त हुआ। जिसके लिए अनेक अभ्यर्थी थे। मेरा आवेदन-पत्र पूज्य मालवीय जी ने स्वयम् देखा-लिखाया था। पर आवेदन पत्रों की 'प्रेसी' में मेरे नाम के आगे इतना ही लिखा गया था-- हिंदी में प्रथम श्रेणी, अध्यापन के अनुभव का अभाव। राजनीति-विभाग के अध्यक्ष श्रीपुणतांबेकर जी ने मुझे 'प्रेसी' दिखाई तो मैं दंग रह गया। मैं सीधे मालवीय जी के निकट गया और निवेदन किया कि "बाबूजी" मेरी नियुक्ति हो या न हो, पर आपने स्वयम् मेरा आवेदन-पत्र देखा-लिखाया है और मेरे विषय में सब कुछ जानते हैं। फिर "प्रेसी" में ऐसा न्यूततम तथ्य और साथ ही भ्रामक भी क्यों दिया गया। पूज्य मालवीय जी का रोष मैंने कभी देखा नहीं था। उन्होंने तुरंत प्रधान लिपिक को बुलवाया और बहुत डाँटा तथा मेरी 'प्रेसी' स्वयम् लिखवा दी।

नियुक्ति-समिति में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल आहूत किए गए। उनसे न जाने कितनी जिरहें हुईं, पर वे हिमालय की भाँति अटल रहे और अंततोगत्वा मेरी प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति हो गई। पूज्य मालवीय जी ने मुझे बुलाकर अध्यापन के संबंध में अनेक उपदेश दिए, ऊँचा काम करने का आदेश दिया और अंत में संस्कृत में एक वाक्यखंड का उपदेश किया। पूज्य मालवीय जी का वह आदेश मेरे हृदय-पटल पर तभी से ऐसा अंकित है कि जब कभी कोई कठिनाई आती है तो उसी को मन ही मन पढ़ लेता हूँ। विश्वविद्यालय में प्राध्यापक के पद पर नियुक्त होने के अनंतर यदि मुझसे कोई ऊँचा काम बन पड़ा हो तो उसका सारा श्रेय मालवीय जी के उस वाक्यखंड को है। मैं चाहता हूँ कि जीवन में वह अमिट बना रहे और मुझे नीचे गिरने से बचाता रहे। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि पूज्यचरण ने अपने जीवन का आदर्श मंत्र मेरे कानों में फूँक दिया है। वह आज भी गूँज रहा है उनकी मंद्र ध्वनि में--

ब्राह्मणस्य शरीरोऽयं क्षुद्रकामाय नेष्यते।
[ ब्राह्मण का यह शरीर छोटे काम के लिए नहीं है। ]

———

# काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की योजना में आयुर्वेद की भूमिका

**श्री प्रियव्रत शर्मा**
निदेशक, स्नातकोत्तर आयुर्वेदीय संस्थान

१९ वीं शती के अन्तिम चरण में देश में जो जागृति की लहर फैली उसने भारतीय संस्कृति और समाज के प्रत्येक कोने को छू लिया। सदियों से दासता में दबी हुई भारतीय राजनीति ने एक ओर करवट ली तो दूसरी ओर भारतीय ज्ञान-विज्ञान ने भी अपना घर टटोला। समुद्रमंथन से जिस प्रकार अनेक रत्न प्रादुर्भूत हुए उसी प्रकार ऐसे उथल-पुथल के युग में अनेक नर--रत्न भारतीय धरातल पर आविर्भूत हुए। इनमें महामना मदन मोहन मालवीय प्रमुख थे। इनकी विशेषता यह थी कि अन्य महापुरुष जहाँ केवल राजनीतिक वातावरण की ओर ही देखते थे वहाँ महामना मालवीय की तीक्ष्ण दृष्टि राजनीति के अतिरिक्त भारतीयता के अन्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों पर भी थी। विशेषतः भारतीय संस्कृति और ज्ञान-विज्ञान जो शताब्दियों से अंधकार में पड़ा था उसे प्रकाश में लाकर अपने पैरों पर खड़ा करना, जिससे भारत वासियों में गौरव का संचार हो सके यह महामना का सर्वोच्च आदर्श था और मौलिक सूझ भी। क्योंकि उस समय प्रायः भारतीय विद्वान भी विदेशी विद्वानों के वाक्यों को ही प्रमाणभूत मानते थे, भारतीय शास्त्रों पर उनका ध्यान ही नहीं गया था। यही स्थिति जीवन की थी। अधिकांश शिक्षित समाज अँग्रेजी रहन-सहन अपना चुका था और उसी में गौरव तथा गर्व का अनुभव करता था। महामना मालवीय ने अपनी सात्विक वेश-भूषा तथा विशुद्ध सरल आचार-विचार के द्वारा समस्त देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया और अनेकों को भारतीय जीवन पद्धति का अनुगामी बनाया। चिकित्सा क्षेत्र का भी यही हाल था। विदेशी चिकित्सा अपने चाक-चिक्य से शोषण का जाल देश में फैला चुकी थी किन्तु शैशव काल में ही एक बार मालवीय जी जब अपनी बीमारी में एलोपैथी की असफलता और आयुर्वेद का अद्भुत चमत्कार देख चुके थे तभी से एलोपैथी चिकित्सा का खोखलापन प्रगट हो गया था और आयुर्वेद के प्रति उनकी निष्ठा बढ़ गई थी जो कालक्रम से दृढ़तर होती गई।

इतना होने पर भी उनका विचार रूढ़िवादी नहीं था। वह उपादेय वस्तुओं को अपनाने के पक्ष में सदा रहते थे अतः इस सम्बन्ध में उनकी विचारधारा समन्वयवादी थी। वह प्राचीन और नवीन के समन्वय के पक्षपाती थे। प्राचीन ज्ञान-विज्ञान को प्रकाश में लाकर भास्वर बनाना तथा नवीन ज्ञान के द्वारा उसे उपबृंहित कर सामयिक युगानुकूल बनाना, यह उनका आदर्श था। वह प्राचीन को नवीन परिधान में देखना चाहते थे जिसमें वह सर्वग्राह्य हो सके, समाज में उसकी उपादेयता सिद्ध हो सके। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की कल्पना इसी कारण उनकी मौलिक सूझ थी। इस विश्वविद्यालय में जहाँ उन्होंने इंजिनियरिंग, टेकनोलॉजी, इतिहास आदि के पठन-पाठन की व्यवस्था की वहाँ उन्होंने वेद, आयुर्वेद, पुराण, धर्मशास्त्र, दर्शन आदि प्राचीन शास्त्रों

की भी शिक्षा का क्रम स्थापित किया। अँग्रेजी के साथ-साथ संस्कृत और हिन्दी भी पनपने लगी। मालवीय जी के मन में नालन्दा विश्वविद्यालय, तक्षशिला विश्वविद्यालय तथा विक्रमशिला विश्वविद्यालय का स्वप्न था, जिसमें कला और साहित्य के साथ तर्कशास्त्र, आयुर्वेद, दर्शन, विज्ञान, ज्योतिष आदि विषयों का शिक्षण दिया जाता था। १९०४ ई० में पहले पहल काशी-नरेश सर प्रभुनारायण सिंह के सभापतित्व में मिन्ट हाउस काशी में एक सभा हुई जिसमें महामना मालवीय ने हिन्दू विश्वविद्यालय का विस्तृत चित्र उपस्थित किया। दिसम्बर १९०५ ई० में श्रीमान् गोखले की अध्यक्षता में कांग्रेस का अधिवेशन बनारस में हुआ। उसी अवसर पर ३१ दिसम्बर १९०५ को टाउनहाल में एक बड़ी सभा हुई जिसमें प्रस्तावित हिन्दू विश्वविद्यालय की योजना रखी गई तथा १ जनवरी, १९०६ को वहीं कांग्रेस पंडाल में हिन्दू विश्वविद्यालय स्थापित करने की घोषणा हो गई। १ अक्टूबर, १९१५ को हिन्दू विश्वविद्यालय बिल पेश हुआ और स्वीकृत हो गया। इसके अनुसार मालवीय जी का चिरसंचित मनोरथ सिद्ध हुआ। ४ फरवरी १९१६ को वसन्त पंचमी के मध्याह्न में लार्ड हार्डिंज के करकमलों से एक विशेष समारोह में विश्वविद्यालय का शिलान्यास हुआ। १९१७ से विश्वविद्यालय का कार्य विधिवत् प्रारम्भ हुआ। १९१७ में विश्वविद्यालय की स्थापना तो हो गई किन्तु अभी मालवीय जी का एक स्वप्न साकार होना बाकी था वह था आयुर्वेदिक कालेज की स्थापना।

१९०४ में विश्वविद्यालय की जो प्रस्तावित योजना थी उसमें आयुर्वेद-विभाग का प्रमुख स्थान था और उसका निम्नांकित रूप था :—

"आयुर्वेदिक विद्यालय—जिसमें एक प्रयोगशाला हो तथा वनस्पति-शास्त्र के अध्ययन के लिए एक उद्यान भी हो। एक सर्वोत्कृष्ट चिकित्सालय तथा पशु-चिकित्सालय की स्थापना की जाय।"

प्रस्तावित हिन्दू विश्वविद्यालय की योजना के प्रथम भाग में उसकी आवश्यकताओं और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए महामना मालवीय ने लिखा है :—

"भारत का प्राचीन धर्म मनुष्य की इहलौकिक और पारलौकिक जीवन-‐-संबंधी दोनों संबंधों को मानता था। हिन्दू सभ्यता का समस्त ढाँचा हिन्दू धर्म के आधार पर खड़ा है। वर्तमान संस्कृत साहित्य में सुरक्षित उस सभ्यता के अवशेष चिह्नों में एक ऐसी योजना दी गई है जिससे प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, नैतिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक उन्नति कर सके और इस प्रकार सुसंगठित समृद्ध जाति बन सके। प्राचीन धर्म का सबसे पहला उद्देश्य मनुष्य जीवन को सुरक्षित तथा उसे स्वस्थ रखना था। आयुर्वेद धर्मशास्त्र का प्रमुख अंग समझा जाता था और उस समय यह उपवेद के नाम से प्रसिद्ध था।

भारत का आयुर्वेद योरोपीय औषधि—विज्ञान का भूला हुआ पिता समझा जाता है – जिसका पुत्र को कुछ भी ज्ञान नहीं है और यद्यपि इस शास्त्र में पिछली सात-आठ शताब्दियों से कोई विशेष उन्नति नहीं हुई तथापि चरक, सुश्रुत तथा अन्य आयुर्वेदिक विषयों का ज्ञान रखनेवाले आयुर्वेदिक चिकित्सक कलकत्ते जैसे प्रसिद्ध स्थान में भी धन

और मान प्राप्त कर रहे हैं जहाँ योरोपीय सभ्यता का इतना अधिक प्रचार है और जहाँ योरोपीय ढंग से चिकित्सा की जाती है जिसकी उन्नति में समस्त पाश्चात्य देशों ने योग दिया और जिनको सुप्रसिद्ध वैज्ञानिकों ने अपनी विद्वतापूर्ण गवेषणाओं द्वारा उपकृत किया है। व्यक्तिगत तथा घरेलू स्वास्थ्य के नियम, खाने-पीने के नियम तथा प्रतिबंध इस कथन को भली प्रकार पुष्ट करते हैं। वे हिन्दू समाज के सामाजिक नियमों के अन्तर्गत आ जाते हैं तथा उनका पालन वर्तमान हिन्दू धार्मिक कृत्य समझ कर अब तक करते आ रहे हैं।"

"योरोप के संस्कृत विद्वान अब इस बात को स्वीकार करते हैं कि धर्म, दर्शन-शास्त्र, गणित, ज्योतिष, आयुर्वेद, कविता, नाटक, वास्तुकला, संगीतशास्त्र, कलाकौशल तथा उद्योग-धंधा तथा विद्या के समस्त अंगों को भारतीयों ने ही जन्म दिया है और अपने परिश्रम से उन्होंने जो रूप उन्हें दिया है उसका दूसरा उदाहरण संभवतः और कहीं भी न मिलेगा।"

"योरोपीय विद्वानों तथा अन्वेषकों का कथन ह कि भारतवर्ष ने ही अंकगणित, बीजगणित, रेखागणित, ज्योतिष-शास्त्र तथा आयुर्वेद को जन्म दिया है और वे हमारे पूर्वजों को इसके लिए धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने ही संसार को धातुओं का प्रयोग बतलाकर संसार की सभ्यता की अभिवृद्धि में सहयोग दिया था। दुःख है कि समय के परिवर्तन से भारत ने कलाकौशल तथा विज्ञान में पिछली नौ या दश शताब्दियों से कुछ भी नहीं किया। इतना ही नहीं बल्कि उसकी सब उन्नतियों का वर्तमान समय में भयंकर ह्रास होता जा रहा है। भास्कराचार्य के समय से लेकर अबतक गणित में कोई उन्नति नहीं हुई तथा आयुर्वेद ने भी वाग्भट्ट के समय से लेकर अबतक बहुत ही थोड़ी उन्नति की है। भारतीय विद्वत्ता का पौधा जिसको विद्वानों ने अपने सराहनीय परिश्रम से सींचा था, आज दिनोदिन सूखता जा रहा है।"

"भारत अपने प्राचीन गौरव को प्राप्त करने में तब तक सर्वथा असमर्थ है जबतक वर्तमान वैज्ञानिक अन्वेषणों का अध्ययन नियमित तथा अनिवार्य नहीं बनाता।"

योजना म आयुर्वेदिक कालेज का यह रूप रखा गया था:—

"उपवेदों में आयुर्वेद को विशेष महत्व दिया जाएगा। अन्य जातियों द्वारा चिकित्सा-शास्त्र तथा शरीर विज्ञान-शास्त्र में जो आश्चर्यजनक उन्नति हुई है वे सब भी आयुर्वेद के अध्ययन में सम्मिलित किए जाएँगे। इस विभाग का मुख्य उद्देश्य देश को ऐसे वैद्यों से भर देना है जो औषधि-शास्त्र तथा चीड़फाड़ दोनों विषयों में पारंगत हों। औषधि में काम आने वाली जड़ी बूटियों के लिए एक वनस्पति—वाटिका भी बनाई जाएगी।

रसों, तेलों तथा आसवों के बनाने के लिए एक प्रयोगशाला भी होगी जहाँ आयुर्वेदिक अन्वेषण के प्रयोग किए जाएँगे। योरोपीय देशों से प्रसिद्ध वैद्य तथा डाक्टर बुलाए जाएँगे जो आयुर्वेद के विद्यार्थियों को चिकित्साशास्त्र, शरीर विज्ञान-शास्त्र तथा स्वास्थ्य विज्ञान की पूर्ण रूप से शिक्षा देगें तथा संस्कृत और देशी भाषाओं में इन महत्वपूर्ण ग्रंथों के तैयार करने में वैद्य लोंगों को सहायता देंगे"।

"संस्कृत के प्रेमियों को संस्कृत शिक्षा दी जाएगी। धर्म-शिक्षा तथा आयुर्वेद में सबसे बड़ी परीक्षा में उत्तीर्ण होनेवालों के लिए संस्कृत का अध्ययन अनिवार्य होगा"।

"विश्वविद्यालय का प्रथम कर्त्तव्य संस्कृत तथा भारतीय भाषाओं में भिन्न-भिन्न कलाकौशल-संबंधी तथा वैज्ञानिक विषयों की पाठ्य पुस्तकें प्रस्तुत करना होगा। इस कार्य का सम्पादन उन विद्वानों के हाथ में दिया जाएगा जो संस्कृत भाषा तथा उसके सौन्दर्य से परिचित होते हुए आयुर्वेद, ज्योतिष, अंतरिक्ष विद्या, दर्शन-शास्त्र आदि भिन्न-भिन्न विषयों के ज्ञान में पूर्णतया पारंगत होंगे। इन सब पुस्तकों द्वारा विदेशी भाषा के ज्ञान से अपरिचित विद्यार्थियों को भिन्न-भिन्न विषयों का ज्ञान कराया जाएगा। इस प्रकार से इन विषयों का ज्ञान प्राप्त करने में उन्हें कोई कठिनता न होगी। संक्षेप में, हमारा उद्देश्य वर्तमान सभ्यता की अनुकरणीय तथा लाभदायक बातों के साथ भारतीय सभ्यता का उचित सामंजस्य स्थापित कर देना है"।

यह सोचा गया है कि दूसरा विद्यालय आयुर्वेद का हो। सरकार द्वारा स्थापित अनेक आयुर्वेदिक विद्यालय तथा पाठशालाएँ जनता के लिए हितकर कार्य कर रही हैं। किन्तु देश की आवश्यकता के अनुकूल अभी सुयोग्य वैद्यों की बहुत कमी है। जो स्नातक और शल्य चिकित्सक इन विद्यालयों से प्रतिवर्ष निकलते हैं उन्हें प्रायः नगरों ही में काम मिल जाता है। इनमें प्राचीन ढंग के यूनानी तथा आयुर्वेदिक चिकित्सावाले वैद्यों तथा हकीमों की गणना है। गावों में, जहाँ भारत की मुख्य जनता बसती है, अबतक सुयोग्य वैद्यों का दर्शन तक नहीं होता।

जिला चिकित्सालयों में भी चिकित्सा-सहायकों की नियुक्ति होती है। परन्तु इन सहायकों की संख्या बहुत ही थोड़ी है इसका परिणाम यह होता है कि असंख्य देहाती जनता आयुर्वेदिक सहायता के अभाव में अपने रोगों का निवारण नहीं कर पाती और अधिकतर लोगों को ऐसे व्यक्तियों से सहायता लेनी पड़ती है जो 'नीम हकीम खतरे जान' की कहावत को चरितार्थ करनेवाले होते हैं। इससे स्पष्ट है कि आयुर्वेदिक कालेजों की अत्यधिक आवश्यकता है। राजकीय व्यवस्थापिका सभा की पिछली बैठक में भारत के अस्पताल विभाग के इन्स्पेक्टर जनरल श्रीयुत सर्जन जनरल ल्यूकिस ने बम्बई के डाक्टर ट्रेमालजी नारीमन की सलाह का उल्लेख करते हुए कहा था कि भारतीयों को आयुर्वेदिक विद्यालयों की अधिक संख्या में स्थापना की ओर प्रयत्नशील होना चाहिए। सर्जन ल्यूकिस ने कहा है—

कि हम लोगों ने कल जो मनोहर व्याख्यान ध्यानपूर्वक सुना है, उसमें गोखले महाशय न देश की प्रारम्भिक शिक्षा के विषय में बतलाया है कि यह एक ऐसा महत्त्वपूर्ण कार्य है जिसमें सरकार को जनता के साथ हार्दिक सहयोग द्वारा प्रयत्नशील होना चाहिए। क्या मैं इन्हीं शब्दों को दूसरे रूप में इस प्रकार कह सकता हूँ कि यह एक ऐसा कार्य है जिसमें जनता को हृदय से सरकार की सहायता करनी चाहिए ? मुझे यह आशा है कि धनी तथा उदार मनुष्य इसको ध्यान में रखेंगे। मैं उनसे निश्चय कह सकता हूँ कि यदि देश में ऐसे गैरसरकारी आयुर्वेदिक विद्यालयों की स्थापना हो जाय, तो केवल उस विभाग की ही उन्नति नहीं होगी बल्कि इससे देश का बड़ा भारी हित भी होगा।

सरकारी विद्यालयों में बहुत अल्प संख्या में विद्यार्थी भरती किए जाते हैं। कलकत्ते में मैंने स्वयं अनुभव किया कि दो सौ से ऊपर विद्यार्थी प्रतिवर्ष लौटा दिए जाते हैं। अतएव देश में इस प्रकार के गैर सरकारी विद्यालयों के लिए बहुत विस्तृत क्षेत्र है। उन्हें विश्वविद्यालयों से भी सम्बद्ध किया जा सकता है या सरकारी विद्यालयों की भाँति उनका भी पृथक् प्रबन्ध किया जा सकता है जिसके अधिकारी केवल भारतीय ही रहें। मैं तो उस दिन का स्वागत करना चाहता हूँ जब भारत के कोने-कोने में इस प्रकार के विद्यालयों की स्थापना हो जाएगी, जो उत्तमता तथा श्रेष्ठ परीक्षाफलों में सरकारी विद्यालयों के टक्कर लेकर आगे बढ़ जाएँगे, जैसा कि डाक्टर नारीमन ने कहा है।

इसमें वर्षों का समय लगेगा, परन्तु अपने भारत से जाने के पहले कम से कम बम्बई तथा कलकत्ते में मैं इसे अपनी आँखों से कार्य रूप में परिणत देखकर जाना चाहता हूँ। यदि मेरे कथन से जनता के नेताओं को कुछ भी प्रोत्साहन मिला और वे इसमें हार्दिक सहायता के लिए सम्बद्ध हो गये तो मैं समझूगा कि मेरा इतना समय व्यर्थ नहीं गया।"

बनारस के प्रस्तावित आयुर्वेद विद्यालय में मुख्य बात यह होगी कि योरोपियन शल्यचिकित्सा प्रणाली के साथ-साथ हिन्दू चिकित्सा पद्धति की शिक्षा भी दी जाएगी। हिन्दू-चिकित्सा-प्रणाली की ओर बहुत कम ध्यान दिया गया है। योरोपियन-चिकित्सा-प्रणाली के पिता माने जाने वाले हिपोक्रेटस ने जिन्होंने योरोप में इस शास्त्र का अध्ययन इसे विज्ञान मान कर किया था, इस विषय की शिक्षा हिन्दुओं से ही ली थी। बंगाल के डाक्टर वाट्स कहते हैं कि आयुर्वेद के प्रारम्भिक ज्ञान के लिए हमलोग हिन्दुओं के सदैव ऋणी रहेंगे। रमेशदत्त 'अपने प्राचीन भारत की सभ्यता का इतिहास' नामक ग्रंथ में कहते हैं कि भारतीयों को यह पढ़कर हर्ष होगा कि जहाँ आजकल प्रत्येक जिले में स्वच्छता तथा दवाई के कार्यों के लिए विदेशी वैज्ञानिक बुद्धि तथा ज्ञान आवश्यक समझा जाता है, वहाँ आज से बाइस सौ वर्ष पहले महान् सिकन्दर ने अपने खेमे में हिन्दू वैद्यों को ऐसे रोगों के निदान के लिए रखा था जिन्हें यूनानी वैद्य अच्छा नहीं कर सकते थे। ग्यारह सौ वर्ष हुए बगदाद के हारुनुल रशीद बादशाह ने मयंक तथा सलेह नामक दो हिन्दू वैद्यों को अपना दरबारी वैद्य बनाया था। केवल हिन्दू एवं बौद्ध काल में ही नहीं बल्कि मुसलमानकाल में भी हिन्दू-चिकित्सा-प्रणाली राष्ट्रीय रोग निदान का साधन थी। अब भी कम से कम हिन्दुओं में उसी प्रणाली को अधिक महत्व दिया जाता है। यह भारतीय होने के कारण भारतीयों के लिए अधिक सुविधाजनक है। अन्य प्रणालियों से यह सस्ती है और अधिक गुणकारी भी है। इसका प्रमाण इसी से मिल जाएगा कि इस प्रणालीवाले जो कविराज अथवा वैद्य आयुर्वेद के अच्छे मर्मज्ञ हैं वे कलकत्ते जैसे शहर में, जहाँ योरोपियन प्रणाली के डाक्टरों की बहुतायत है, अधिक धन कमाते हैं और अधिक रोगियों को अच्छा करते हैं।

ऐसा होते हुए भी देश भर में एक भी ऐसी संस्था नहीं है जहाँ इस प्रकार के वैद्यों और कविराजों को उपयुक्त शिक्षा दी जा सके। हिन्दू जाति का हित इस बात में है कि कम से कम देश में एक ऐसे विद्यालय की स्थापना हो जिसमें नियमित तथा स्थायी रूप से इस देश के आयुर्वेदिक ज्ञान की शिक्षा दी जाय। यह विचार है कि प्रस्तावित आयुर्वेद विद्यालय जो विश्वविद्यालय में खुलेगा वह इसी प्रकार का एक केन्द्र हो जाय। हिन्दू

आयुर्वेद प्रणाली का यहाँ पुनरुद्धार किया जाएगा और अँग्रेजी ढंग की आश्चर्यजनक सफलताओं तथा प्राणिशास्त्र, शल्यचिकित्सा आदि विभागों के समावेश से उसके ज्ञान भंडार को और अधिक विस्तृत कर दिया जाएगा। इस विद्यालय का लक्ष्य देश में योग्य वैद्य उत्पन्न करना होगा जो शल्य चिकित्सा के मर्मज्ञ होंगे। यह आशा की जाती है कि भारत की दुःखी जनता की इससे वहुत वड़ी सेवा होगी।"

इन बातों से स्पष्ट हो जाता है कि महामना मालवीय के मन में आयुर्वेद को उठान के लिए कितनी तीव्र अभिलाषा थी और उनका आदर्श कितना उदार था। आयुर्वेद के स्वरूप के संबंध में उनके विचार स्पष्ट थे। वह आयुर्वेद में नवीन वैज्ञानिक आविष्कारों का समावेश कर उसके भंडार को विस्तृत करना चाहते थे और ऐसे कार्यकुशल योग्य वैद्य तैयार करना चाहते थे जो शल्य चिकित्सा के भी मर्मज्ञ हों।

आयुर्वेदिक कालेज की स्थापना में कुछ समय लगा तो इस अवधि में मालवीय जी ने देश के विद्वान वैद्यों से संपर्क स्थापित किया और इसके प्रस्तावित रूप के संबंध में विचार विमर्श किया। आयुर्वेद के क्षेत्र में भी नई चेतना उन दिनों आ चुकी थी। १९०० में निखिलभारतवर्षीयवैद्य सम्मेलन स्थापित हुआ और उसका प्रथम अधिवेशन नासिक में हुआ। तब से वैद्य महानुभाव तथा आयुर्वेद-हितैषी महापुरुष वैद्य-सम्मेलन के मंच पर एकत्र होकर आयुर्वेद की गतिविधि एवं उसके भविष्य के संबंध में विचार विमर्श करने लगे। महासम्मेलन ने भी आयुर्वेद के शिक्षण के संबंध में नवीन विचारधारा स्वीकृत की जिसके अनुसार आयुर्वेद महामंडल का विषयानुरूप नवीन पाठ्यक्रम अनुमोदित हुआ तथा देश भर में प्रवर्तित हुआ। उस काल में आयुर्वेद चक्र को प्रभावित करने वाले वैद्यों में महामहोपाध्याय कविराज गणनाथसेन सरस्वती, कविराज योगेन्द्रनाथ सेन, पं० लक्ष्मीराम स्वामी, कविराज यामिनीभूषण राय, वैद्यराज पं० डी० गोपालाचालुं, वैद्य यादव जी त्रिक्रम जी आचार्य प्रमुख थे। आयुर्वेद के प्रति अपनी असाधारण निष्ठा के कारण महामना मालवीय ने देश के वैद्यों का भी ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया और वह थोड़े ही दिनों में आयुर्वेद-जगत के भी आदरणीय नेता बन गए। १९२६ में जयपुर में १६ वाँ अधिवेशन निखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद महासम्मेलन का हुआ जिसकी अध्यक्षता मालवीय जी ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में वैद्यों का ध्यान एक ऐसे आयुर्वेद महाविद्यालय की स्थापना की ओर आकृष्ट किया जिसके साथ अनुसंधान विभाग, एक बड़ा अस्पताल, एक औषधागार, एक आयुर्वेद-वाङ्मयसंशोधन संस्थान तथा आरोग्यकेन्द्र सम्मिलित हों। उसी वर्ष (१९२६) में हिन्दू विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आयुर्वेदिक कालेज की स्थापना हुई। १४ दिसम्बर, १९३९ को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के १२ वें दीक्षान्तसमारोह के अवसर पर अपने भाषण में मालवीय जी ने आयुर्वेदिक कालेज की चर्चा करते हुए कहा कि—

विद्वानों का एक समूह इस उद्योग में व्यस्त है कि वे कला, विज्ञान तथा आयुर्वेद विषय की पाठ्यपुस्तकों की रचना हिन्दी में करें। हमलोगों ने एक टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, ला कालेज तथा एक आयुर्वेदिक कालेज की स्थापना की है। इसी से लगा हुआ एक अस्पताल भी है जहाँ एक सौ रोगियों के ठहराने का प्रबन्ध है और जहाँ भारतीय आयुर्वेद में उच्चकोटि की शिक्षा के साथ वर्त्तमान प्रचलित ढंग पर शरीर विच्छेद-शास्त्र, शरीर-शास्त्र और

चीड़-फाड़ में भी शिक्षा दी जाती है। एक बहुत बड़ा चीर फाड़ का कमरा बनाकर तैयार किया जा रहा है।

इस आयुर्वेदिक कालेज में देश के चोटी के आयुर्वेदज्ञ प्राध्यापक रक्खे गए तथा प्रयोगशालाओं की भी व्यवस्था की गई। सर सुन्दरलाल अस्पताल में मालवीय जी ने अपने आदर्श के अनुकूल चिकित्सा-विभाग आयुर्वेद का रक्खा तथा शल्य विभाग आधुनिक विज्ञान का क्योंकि, जैसा कि पहले कहा गया, उनका उद्देश्य था योग्य वैद्यों को उत्पन्न करना जो शास्त्रकर्म में भी दक्ष हों। साथ में औषधनिर्माणशाला तथा वनस्पति-उद्यान भी स्थापित हुआ। धीरे-धीरे इसने एक आदर्शरूप धारण किया और देश के कोने-कोने से छात्रों को आकर्षित करने लगा। यह उल्लेखनीय है कि भारत में यह पहला विश्व-विद्यालय था जिसमें आयुर्वेद को स्थान दिया गया और मालवीय जी प्रथम नेता थे जिन्होंने आयुर्वेद को इस आसन पर आसीन कर देश के समक्ष एक आदर्श उपस्थित किया।

संस्था के अतिरिक्त, व्यक्तिगत रूप से भी महामना मालवीय बाल्यावस्था से ही आयुर्वेद के भक्त थे और अन्तिम समय तक बने रहे। आश्चर्य की बात है कि देश के बड़े-बड़े डाक्टरों के संपर्क में रहने पर भी उन्होंने जीवन में कभी भी डाक्टरी दवा नहीं ली और इस प्रण को उन्होंने मृत्युपर्यन्त निभाया। इससे आयुर्वेद के प्रति उनकी असाधारण निष्ठा प्रकट होती है। प्राचीन और नवीन का जैसा अद्भुत सामंजस्य मालवीय जी में मिलता है वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। प्राचीनता के वह पुजारी थे किन्तु रूढ़िवादी नहीं थे। यही आदर्श उनका आयुर्वेद के संबंध में था। यही कारण है कि उन्होंने आधुनिक विज्ञान, इन्जीनियरिंग आदि कालेजों के साथ-साथ चिकित्साविज्ञान की शिक्षा के लिए आयुर्वेदिक कालेज की स्थापना की। उनका लक्ष्य नवीन के सहारे प्राचीन आयुर्वेद को विकसित करना था, जनता की सेवा के लिए शल्यकर्म-कुशल योग्य वैद्य उत्पन्न करना था। किन्तु मेडिकल कौंसिल की नीति के कारण व्यवहारिक क्षेत्र में बाधाएँ उपस्थित होने लगीं। शल्यकर्म-कुशल योग्य वैद्य तो तैयार हुए और उन्होंने नवीन आविष्कारों का भी ज्ञान प्राप्त किया किन्तु नवीन औषधों तथा शल्यकर्म के व्यवहार में अड़चनें आने लगीं। इसी के कारण यहाँ के स्नातकों को वह मर्यादा भी प्राप्त नहीं हो सकी जो एक मेडिकल कालेज के स्नातक को आसानी से प्राप्त थी। इस लक्ष्मण-रेखा को पार करना कठिन हो गया और सिद्धान्त तथा व्यवहार के इस अंतर ने एक अशान्ति उत्पन्न कर दी। भारत की स्वाधीनता के बाद भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका और महामना मालवीय अपना स्वप्न और संकल्प अधूरा ही लेकर इस संसार से चले गए। उनके जीवन की संभवतः यह सबसे बड़ी मर्मान्तिक व्यथा रही होगी।

१९६० में आयुर्वेदिक कालेज समाप्त हुआ और उसके स्थान पर मेडिकल कालेज की स्थापना हुई। मेडिकल कालेज के पाठ्यक्रम में भी आयुर्वेद का कुछ समावेश कर क्षतिपूर्ति करने की चेष्टा की गई किन्तु मेडिकल कौंसिल के विरोध के कारण यह उपक्रम भी सफल न हो सका। १९६३ से स्नातकोत्तर आयुर्वेदीय संस्थान का कार्य प्रारम्भ हुआ जिसमें मौलिक सिद्धान्त, द्रव्यविज्ञान, कायचिकित्सा, शल्य तथा प्रसूति इन पाँच विभागों के अन्तर्गत स्नातकोत्तर शिक्षण के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर अनुसन्धान-कार्य

भी हो रहे हैं। आयुर्वेद में अनुसन्धान-कार्य को अग्रसर कर उसे युगानुरूप बनाना महामना मालवीयजी की चिरवांछित अभिलाषा थी और निस्सन्देह इससे उनकी आत्मा को सन्तोष होगा।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्वर्णजयन्ती के अवसर पर महामना के संबंध में अनेक बातें याद आ रही हैं किन्तु आयुर्वेद की उनकी कहानी सबसे अनोखी है, जिसके प्रेम ने उन्हें भीतर ही भीतर जीवन भर जलाया। महामना मालवीयजी की आत्मा को संतोष तो उनके आदर्शों की रक्षा से ही होगा और इन आदर्शों में आयुर्वेद उनका परमोदात्त आदर्श था। उनकी इच्छा के अनुकूल आयुर्वेदिक कालेज पुनः प्रवर्तित कर उसके आधुनिक योग्य स्नातकों को यदि उचित मर्यादा और अवसर प्रदान किया जाय जिससे वे वैद्य होने के साथ-साथ आधुनिक चिकित्सा में भी दक्ष हों और जो ग्रामीण जनता की सेवा कर सकें तो उनकी आत्मा को और अधिक सन्तोष होगा तथा उनका वह सपना भी साकार होगा जो उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की योजना में आयुर्वेद को स्थान देने के समय देखा था।

———

# पश्चिमी भारत का हीनयान-कालीन लेण स्थापत्य

**श्री पृथ्वीकुमार अग्रवाल**
**भारती महाविद्यालय.**

ठोस चट्टान को छेनी-हथौड़े या टाँगी-बसूले की सहायता से खोखला कर उसमें विशाल मण्डप और प्रकोष्ठ बनाने की लयण स्थापत्य कला अशोक के समय से बिहार में प्रारम्भ होकर पश्चिमी और पूर्वी भारत की शैल शृंखलाओं में प्रायः १३-१४ वर्षों तक अक्षुण्ण रूप से विकसित हुई। भारतीय कला की इस भव्य शाखा का इतिहास स्वतन्त्र और महिमामय है जिसका सूत्रपात बराबर की पहाड़ियों में मौर्य अशोक के समय में हुआ और जिस प्रकार उसके स्तूपों की परंपरा का परवर्ती काल में उत्कर्ष हुआ वैसा ही इस गुहास्थापत्य का समुचित प्रसार सह्याद्रि की फैली हुई पश्चिमी घाट की पहाड़ियों में प्रकृतिदत्त सुविधा और आन्ध्र-सातवाहन राजाओं के उदार आश्रय के फलस्वरूप हुआ। इस गुहास्थापत्य के अन्तर्गत बौद्ध चैत्यमंडप और विहार बनवाने के आन्दोलन का पहला युग प्रायः २ शती ई० पू० से २ शती ई० तक है जब कि लगभग ३०० वर्षों का एक निष्क्रिय व्यवधान है। हीनयान सम्प्रदाय से सम्बन्धित होने के कारण इस प्रथम युग को कला के इतिहास में **'गुहावास्तु का हीनयान काल'** इस नाम से भी अभिहित किया जाता है।

हीनयान बौद्ध धर्म की छत्रछाया में पल्लवित, गुहास्थापत्य की पश्चिमी भारत में निर्मित कृतियाँ प्रायः एक सीमित क्षेत्र में मिलती हैं। नासिक को केन्द्र मान कर २०० मील के अर्धव्यास से खींचा गया वृत्त उन सबको घेर लेता है। यद्यपि इस स्थापत्य के सबसे पुराने प्राप्त उदाहरण गया की पहाड़ियों में मौर्य अशोक और दशरथ ने आजीविकों के उपयोग के लिए पश्चिमी वर्ग की सबसे प्राचीन लेण से कम से कम ५० वर्ष पूर्व बनवाए थे किन्तु पश्चिमी भारत के इन गुफा-केन्द्रों में ही कला की सक्रियता और गतिशीलता में पूर्ण विकास हुआ। दूसरी शती ई० तक लगभग चार शतियों से अधिक समय के बीच बौद्ध धर्म के अन्तर्गत कम से कम दस ऐसे प्रमुख केन्द्र हैं जहाँ स्वतन्त्र रूप से लयण समूह बनाए गए जिनमें चैत्य प्रासाद या प्रार्थना मण्डप, जिसकी विशेषता उसमें स्तूप का होना है, और भिक्षुओं के रहने के लिए विहार या मठ—ये दो प्रकार के निर्माण हैं।

लगभग इसी युग की रचनाएँ खण्डगिरि और उदयगिरि में मिलती हैं जिनकी धर्म-प्रेरणा जैन सम्प्रदाय की देन थी। इनका स्थापत्य बौद्ध हीनयान उदाहरणों से कहीं अधिक विविध और स्वतन्त्र है, उसका आगे वर्णन किया जाएगा।

यद्यपि लयण-चैत्यगृह और विहारों के प्रारम्भिक उदाहरण सौराष्ट्र और दक्षिणी भारत में भी प्राप्त हैं किन्तु इसमें संदेह नहीं कि अपने पहले युग में – जिसे लयण स्थापत्य का हीनयान युग कहा जाता है—उनका स्थानगत विकास हुआ है। सह्याद्रि की पश्चिमी पर्वतमाला--जिसे पश्चिमी घाट कहा जाता है—वहीं प्रायः चार सौ वर्षों तक उनका केन्द्र

---

[1] लेखक की प्रकाश्य पुस्तक का एक अध्याय—सं०

था। यद्यपि सातवाहन नरेश जैसा कि उनके अभिलेखों से ज्ञात होता है, ब्राह्मण धर्मावलंबी थे किन्तु कला के क्षेत्र में उनकी उदारता और उनके युग की गौरव समृद्धि का परिचय पश्चिमी भारत की गुफाओं और दक्षिण के महान् स्तूपों के रूप में ही प्राप्त है।

किन्हीं अज्ञात कारणों से इस महनीय कला को लगभग ३०० वर्षों का व्यवधान देखना पड़ा और पुनः पाँचवी-छठी शती में प्रायः इसी प्रदेश गें इस कला का पुनरुद्धार हुआ और कई उदाहरणों में पुराने केन्द्र भी अपनाए गए, जैसे अजन्ता। इस नए युग में बौद्ध धर्म की विचारधारा और दृष्टिकोण में भारी परिवर्तन हो चुका था और जो बुद्ध की मूर्ति पहले न बनती थी अब उससे चैत्यगृह और विहार भरे जा रहे थे। अध्ययन की सुविधा के लिए इसे **महायान युग** कहते हैं। साथ ही ब्राह्मण धर्मों के अन्तर्गत भी इस स्थापत्य को नया उत्साह और बल मिला।

प्रारम्भिक लेणों में अधिकांश चैत्य मंडप हैं। यद्यपि भिक्षुओं के आवास के रूप में बनाई गई गुहाएँ भी हैं जिन्हें "विहार" कहा जाता है किन्तु शुरू में चैत्यमण्डप ही विभिन्न क्षेत्रों में संघ के स्थानीय संगठन का द्योतक है। गुहा स्थापत्य की दृष्टि से भी उसका महत्त्व निर्विवाद है। चैत्य मण्डप जिसे अभिलेखों में चैत्य-घर और साहित्य में चैत्य-प्रासाद भी कहा गया है, वस्तुतः प्रार्थना भवन या मन्दिर है जहाँ एक स्तूप या चैत्य बनाया जाता था। इसी कारण उसे यह नाम दिया गया था। वास्तु की रूपरेखा की दृष्टि से चैत्य प्रासाद सामान्यतः एक बड़ा वर्तुलाकार छतवाला द्वयस्र या वृत्तायत मण्डप होता है जिसे दो स्तंभ-श्रेणियाँ नाभि या बीच के भाग और पार्श्ववीथियों में बाँटती हैं और गोलाई लिए भाग की ओर एक स्तूप को घेरती हुई मिल जाती हैं। इस सम्पूर्ण रूपरेखा का बीज मौर्य-कालीन सुदामा तथा लोमस ऋषि नामक गुफाओं में ही मिलता है जिसका आगे विकास आयत और गोल प्रकोष्ठों को एक में संयुक्त कर स्तूप की गोलाई के लिए उपयुक्त बनाते हुए प्रदक्षिणा पथ की सुविधा देने के विचार से हुआ प्रतीत होता है। वर्तुलाकार किनारे पर चट्टान में ही काट कर बनाया गया लघुकाय स्तूप अपने स्वरूप में छत्रावली आदि से बड़े स्तूपों की भाँति ही सज्जित होता था। सामने आयत कोनों वाली तरफ प्रवेश द्वार होता है जिसका सामना, जिसे अभिलेखों में घरमुख कहा गया है, भव्य रूप से अलंकृत होता है जिसके ऊपरी भाग में चैत्य खिड़की या कीर्तिमुख की रचना एक विशेषता है।

स्पष्ट ही स्तूप या चैत्य इस निर्माण का सर्वोपरि महत्त्वपूर्ण अंग हैं। वस्तुतः उसी की आवश्यकता ने इस नवीन रूपरेखा और विधान को जन्म दिया। इस युग में बुद्ध प्रतिमा या अन्य किसी पूजावस्तु के अभाव में स्तूप ही धर्मप्राण भक्तों और उपासक भिक्षुओं के लिए भक्ति प्रदर्शन तथा प्रतीकात्मक रूप में साधना का माध्यम था। इस दृष्टि से विहारावली के साथ बने हुए निर्माणात्मक विशाल स्तूपों के रूप में बौद्ध संगठनों से इन पर्वतों के गर्भ में बने चैत्यघर और विहार वाले केन्द्रों की तुलना की जा सकती है। चैत्य इस प्रकार के स्थापत्य का इतना अभिन्न अंग था और बन गया कि बुद्ध प्रतिमा के बन जाने पर भी उसे नहीं छोड़ा जा सका। उसके बिना चैत्यगृह की कल्पना भी संभव न थी। इसी कारण महायान काल में भी चैत्यगृह बनाए गए यद्यपि स्तूप के साथ बुद्ध का नाना रूपों में मूर्त प्रदर्शन भी संलग्न था।

विहार रहने का मठ या संघाराम था। उसका स्वरूप प्रायः एक चौकोर मण्डप जैसा है जिसमें जाने के लिए सामने मुख्य द्वार है तथा भीतर पहाड़ी के अन्दर कटी हुई कोठिरियों के द्वार खुलते हैं जिनमें भिक्षु रहते थे। प्रारंम्भिक काल में चैत्य मण्डप के साथ मिला हुआ एक विहार होता था। कालान्तर में आवश्यकतावश विहारों की संख्या बढ़ी। कभी-कभी केवल दो या तीन मात्र एक कोष्ठ या गर्भ वाले विहार भी हैं जिनका निर्माण इन एकान्त प्रदेशों में संघ के विकसित होने पर किन्हीं विशिष्ट स्थविरों के उपयोग के लिए हुआ होगा।

इस स्थापत्य की शुरुआत में ही कुशलता का अन्यतम प्रदर्शन इस बात का द्योतक है कि वे शिल्पी नौसिखिए नहीं थे। भले ही उन्होंने इस शैली के निर्माण में हाथ हाल में ही लगाया था किन्तु उनके द्वारा बनाए गए प्रारंभिक उदाहरण ही आश्चर्यजनक और कला के गौरव हैं। हमारे पास कोई सावन नहीं जिससे कि उनके द्वारा इस कला में क्रमशः निपुणता प्राप्ति का क्रम देखा जा सके। वस्तुतः प्रारम्भिक उदाहरण ही उत्कृष्ट नमूने बन पाए हैं। इसका कारण यह प्रतीत होता है कि इसके पूर्व लकड़ी के काम में सिद्धहस्त लोगों को पत्थर में वैसे ही निर्माण का भार मिला जो वे लकड़ी में सदियों से बनाते चले आ रहे थे।

यह गुहास्थापत्य लकड़ी के वास्तु की अनुकृति पर विकसित हुआ इस का प्रमाण उसमें ऐसी बारीकियाँ, जोड़ और बंदों का मिलना है जो लकड़ी की इमारत के अनिवार्य अंग होते हैं। काष्ठतक्षण की परम्परा को पूरी तरह से शिल्पियों ने जारी रखना चाहा यद्यपि किन्हीं स्थलों पर वह अनावश्यक सिद्ध हुआ। लकड़ी का अलग से प्रयोग भी इसी कारण जारी रहा कि अब तक काष्ठ शिल्प के सौन्दर्य में अभ्यस्त आखों को अन्तर न मालूम हो। किन्तु धीरे धीरे शिल्पी ने अपने को इस प्रभाव से मुक्त करने का प्रयत्न किया, जिसमें उसे सफलता मिली, यह प्रस्तुत उदाहरणों से स्पष्ट है। इस कारण किसी सीमा तक लकड़ी की अनुकृति और उसके प्रयोग की मात्रा इन चैत्यघरों के कालक्रम निर्धारण में हमारी सहायक हो सकती हैं। जैसे—

१—स्तम्भों का झुकाव। अन्तरंग भाग के स्तंभों में कुछ झुकाव मौजूद है जो ऊपर के भारी बोझ को सम्भालने के लिए लकड़ी के वास्तु में आवश्यक था। इसके अनुसार तिथिक्रम निश्चित करने में स्तम्भों का झुकाव हमारी सहायता कर सकता है। अर्थात्, जितना अधिक झुकाव होगा—रचना काष्ठवास्तु के उतनी ही पास होगी। यह बात लोमस ऋषि गुहा के प्रवेश द्वार की बारशाखाओं से ही देखी जा सकती है। जैसा कि हम आगे देखेंगे, सचमुच शिल्पी क्रमशः इस झुकाव को अनावश्यक समझते हुए कम करते गए हैं और जो भाजा चैत्यघर में ५" है अजंता के चैत्यघर तक पहुँचते-पहुँचते प्रायः समाप्त हो जाता है।

२—इतना ही नहीं स्तंभों की बनावट में भी कुछ विकासक्रम का बोध होता है। प्रारंभिक उदाहरण सामान्यतया शीर्षरहित हैं। उनके नीचे से आधार का घड़े जैसा आकार बहुत कुछ लकड़ी के स्तम्भों के साथ प्रयुक्त घटों से गृहीत है। अनुमान है कि

दीमक आदि से बचाने के लिए काष्ठ स्तम्भों को पत्थर या मिट्टी के घटों में स्थापित किया जाता था।

३—किन्हीं उदाहरणों में छत में लकड़ी की धरन तक प्रयुक्त हुई हैं। बाद में उन्हें पत्थर में ही काट कर बना दिया गया है। किन्तु फिर भी काष्ठवास्तु का प्रभाव स्पष्ट है।

४—चैत्यमुख और कभी कभी पूरे घरमुख में लकड़ी का प्रयोग मिलता है। यह अलंकरण की दृष्टि से काफी समय तक अपनाया जाता रहा।

५—काष्ठ शिल्प का प्रयोग और प्रभाव स्तूप और उसके छत्रावली आदि भागों में भी दृष्टिगोचर होता है और तिथिक्रम के निर्धारण में उससे भी पर्याप्त सहायता मिलती है।

किन्तु इसके विपरीत कई ऐसी विशेषताएँ इस स्थापत्य के साथ जुड़ी हुई हैं जो पर्वत को भीतर से काट कर खोखला करने की समस्या से संबन्धित हैं और उसकी कठिनाई के साथ विकसित हुई प्रतीत होती हैं। इसमें सबसे महत्त्वपूर्ण और अनिवार्य अंग चैत्य खिड़की या कीर्तिमुख है। इस स्थापत्य की रचना प्रणाली के अध्ययन से स्पष्ट है कि पहले एक पहाड़ी का चुनाव कर लेते थे और उसमें ऊपर की तरफ से छेद कर भीतर निर्धारित स्वरूप में चट्टान को खोखला करते हुए नीचे की ओर आते थे। इस दृष्टि से पहले बना हुआ यह छिद्र अनिवार्यतः रचना के साथ जुड़ा था। उसी से मलवा आदि निकालने का काम लिया जाता था। बाद में इसे सुन्दर आकार देकर लकड़ी के ढाँचे से नानाविध सजाने लगे। यह प्रकाश वायु आदि जाने का भी मुख्य मार्ग था। डा० वासुदेव शरण अग्रवाल के शब्दों में —

"पहाड़ में गुफ़ाएँ काटने की एक निश्चित प्रणाली थी। सबसे पहले पहाड़ का आगे का भाग दीवार की तरह चौरस बना लिया आता था। उसके ऊपरी भाग से कटाई का काम शुरू होता था। उसमें एक चौड़े गोल मुंह को सबसे पहले खोखला करते थे। ज्यों ज्यों काटते हुए आगे बढ़ते भीतर का मलवा उसी छेद या बिल में से बाहर फेंकते जाते थे। जब भीतर का चैत्यमण्डप, प्रदक्षिणा पथ, खंभे आदि सब तैयार हो जाते तब उसी गोल मुंह को और चौड़ा कर के उस गुफा के मुंख को ऊपरी मुख के रूप में बना लिया जाता था। उसी से मण्डप के भीतरी गर्भ में प्रकाश और वायु का मुख्यतः प्रवेश होता था। इसे आजकल "चैत्यवातायन" कहा जाता है। इसी को कीर्तिमुख कहा जाता था।"[१]

कीर्तिमुख के आकार में आरम्भ से ही एक विकास मिलता है और जिससे समय निर्धारण में भी पर्याप्त सहायता मिलती है। श्री पर्सी ब्राउन के अनुसार —इसके अतिरिक्त, घरमुख के मुख्य अंगभूत चाप की विशेष आकृति है, जिसका घुमाव शैली के विकास के

[१] कीर्तिमुख और कीर्तिस्तम्भ, नागरीप्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ६१ संवत् २०१३ अंक, १, पृ० ६५-८६।

साथ वदलता है, अतएव इस नियम को लागू किया जा सकता है कि जितने प्रारंभिक घुमाव हैं, उतना ही पहले का उदाहरण है। यह बात क्षण भर के लिए बराबर की पहाड़ियों में पिछले समूह की ओर लौटने से सिद्ध हो सकती हैं, जिनमें लयण स्थापत्य का आदि प्रयास है, लोमस ऋषि का, जिसका घरमुख मात्र आपट्टित फलकों के संयोजन वाला त्रिभुजाकार सिरा उचित कोण तक मुड़ा होने की अपेक्षा झुका हुआ प्रदर्शित करता है। प्रायः एक शती उपरान्त हीनयान श्रेणी के सम्प्रति वर्णन किए जाते प्राचीनतम उदाहरण में, जो भाजा का है, घरमुख में घोड़े की नाल वाला विशिष्ट चाप प्रथमतः दिखता है, किन्तु यह सीधे खड़े खम्भों वाले प्रकार का है, और इसके निर्णायक मोड़ इसके बोधक हैं कि यह स्फुट विशेषता आकारग्रहण की प्रक्रियासे गुजर रही थी। कोण्डाने का घरमुख अनुगामी था और एक प्रगति बताता है, क्योंकि वहाँ चाप की कमानी की ओर तनिक अन्दरूनी लौटाव है, तथा समग्र रूप कहीं अधिक जोरदार तथा रूपरेखा में निश्चित है। अजंता में (संख्या ९) तथा कार्ला में चैत्य-चाप मोड़ों के सूक्ष्म और परिष्कृत सम्मिलन से निर्मित होने से अपनी प्रारम्भिक परिपक्वता को प्राप्त कर चुका है, वह स्वरूप जो अवशिष्ट हीनयान काल में बनाए रक्खा। तदुपरांत, अनुवर्ती महायान शैली में जैसी अजंता के चैत्यमण्डप १९ में है, चापीकृत विवर अतिशयता की ओर प्रवृत्त होता है, आधार पर संकुचित तथा अपने मोड़ों में अधिक भड़कीला हो जाता है, जब तक कि सातवीं सती एलौरा की विश्वकर्मा के घरमुख में यह नाल जैसा चाप अब आगे नहीं रह जाता, परन्तु प्रायः पूर्ण वृत्त है। अंततः जब कि चैत्य-चाप-अभिप्राय ब्राह्मण मंदिरों में आलंकारिक विशेषता के रूप में दिखाई देता है, यह अनेक प्रकार के स्वरूप ग्रहण कर लेता है'।[१]

इसके अतिरिक्त काल निर्धारण में सहायक मिले हुए अभिलेखों से प्राप्त सूचना, उनकी लिपि, स्तूप का आकार जिसमें ऊँचाई और अलंकरण बढ़ाने की प्रवृत्ति उन्हीं रूपों में मिलती है जो वड़े-बड़े स्तूपों में देखी जाती है, बौद्ध प्रतीकों की विशेषता आदि के अध्ययन के आधार पर भाजा का चैत्य मंडप सबसे पुराना लगभग २०० ई० पू० का और हीनयान युग में कन्हेरी का चैत्य मंडप (लगभग २०० ई० में) सबसे बाद का सिद्ध होता है। अन्य प्रमुख चैत्यमंडप इस कालावधि के बीच बने होंगे जिन्हें गृहीत कालक्रम में यों रक्खा जाता है —

१—भाजा, २—कोण्डाने, ४.—पीतलखोरा, ४—अजंता (संख्या १०), ५—बेदसा, ६—अजंता (संख्या ९), ७—नासिक, ८—कार्ला, ९—जुन्नर, १०—कन्हेरी।

**भाजा :**

निस्संदेह यह प्रारंभिक प्रयास का उदाहरण है जो सामान्यं रूपरेखा पर मध्यम आकार का है। घरमुख और द्वार भग्न होकर इस समय विशाल खुली मेहराबदार जगह के रूप में ही बच रहे हैं जिससे मंडप का भीतरी भाग दृष्टिगोचर होता है। मेहराबदार घरमुख लकड़ी के अलंकरणों से सज्जित था जो इस समय लुप्त हो चुका है। तो भी अभी कीलों के छेद देखे जा सकते हैं जिनसे उन्हें जड़ा गया था। चौड़े खुले मुहार के ऊपरी

---

[१] पर्सी ब्राउन, भारतीय स्थापत्य—हिन्दू एवं बौद्ध, द्वितीय सं०, पृ० २६।

भाग को भरने वाला ढाँचा नष्ट हो चुका है किन्तु उसका क्या स्वरूप था इसका अनुमान उसके अलंकरण-रूप अनेक अंकनों से हो सकता है जो इसके अगल-बगल बने हैं।

भीतर प्रदक्षिणा पथ की पूरी लम्बाई में दोनों ओर तथा स्तूप को घेरते हुए कुल २७ खम्भे हैं जिन पर गजपृष्ठाकृति छत टिकी है। छत में लकड़ी की कमानीदार धरने लगाई गई थीं और उनमें से कई आज तक वर्तमान हैं। इसका आकार ५५′×२४′×२९′ हैं। ३′ चौड़े प्रदक्षिणापथों की छत अर्द्धवर्तुल है। ११′ ऊँचे, अष्टमुखी यष्टि के सादे स्तंभ लकड़ी के खंभों की भाँति झुकाव लिए हुए हैं। अर्द्धचन्द्राकार भाग में स्थित स्तूप की हर्मिका छत्रावली सहित लकड़ी की बनी है। स्तूप का स्वरूप नितान्त सामान्य तथा वेलनाकार अधिष्ठान पर वेदिकामय हर्मिका युक्त ऊँचे अण्ड वाला है।

फर्गूसन के शब्दों में—प्रत्येक वस्तु, सचमुच जो लकड़ी से बनाई जा सकती थी लकड़ी में रक्खी गई है; तथा स्थायित्व के लिए आवश्यक केवल रचनात्मक भाग चट्टान में बनाए गए हैं।

**कोण्डाने :**

यहाँ का चैत्यमण्डप भाजा की ही भाँति किन्तु उससे कुछ अधिक बड़ा है और अन्दर से काफी ध्वस्त है। इसका आकार ६६′×२७′×२८′ है। इसकी चैत्यखिड़की कहीं अधिक सुन्दर है और उसमें लकड़ी का प्रयोग कम करते हुए वैसी ही बात पत्थर में उकेर दी गई है। फर्गूसन के शब्दों में—"यह चैत्य (मंडप) रोचक है जहाँ तक कि इसका घरमुख भाजा से भी कहीं अधिक, जिससे कि यह विकसित हुआ, काष्ठकृतियों का शब्दशः प्रतिरूप है। जो किसी भी बात में प्रस्तर निर्माण का चिन्ह नहीं प्रकट करता और जिसे चिनाई में बनाना शायद ही संभव हो उन रचनात्मक भागों की आगे लटकी बनावटों के अनुकरण से बढ़कर कुछ भी 'शब्दशः' नहीं हो सकता। घरमुख पर अलंकरण के रूप में कीर्तिमुख अनेक बार बनाया गया है।

**पीतलखोरा :**

पीतलखोरा लयण समूह में संख्या ३ चैत्यघर है जो पूर्ववत् रूपरेखा पर बना हुआ ३५′ चौड़ा तथा ८६′ लम्बा वृत्तायत है। मूलतः इसमें चट्टान में कटे ३७ अट्ठांसिक स्तम्भ थे जो मण्डप को प्रदक्षिणापथ से अलग करते थे। बचे हुए पुराने १२ स्तम्भों में भीतर की ओर प्रायः ३″ झुकाव अब भी मौजूद है और वे भाजा और अजन्ता (संख्या १०) के स्तम्भों जैसे हैं। नाभि की छत में किसी समय लकड़ी की धरन प्रयुक्त हुई थीं जिनके जड़े जाने के चिह्न अब भी देखे जा सकते हैं यद्यपि वे पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं। ५′ चौड़े प्रदक्षिणा पथों में पत्थर में खुदी कमानियों का आकार अर्द्धचाप जैसा है।

चट्टान में खराबी के कारण इसका स्तूप आधा चट्टान में कटा और आधा निर्माणात्मक था। इस समय इसका अधिष्ठान मात्र अवशिष्ट है जिसकी परिधि ३६′ है और अण्डभाग जो चिनाई का था लुप्त हो चुका है।

**अजंता (संख्या १०) :**

यह अजन्ता लेणसमूह में सबसे पुराना है। इसका विशाल आकार शिल्पियों में

बढ़ते हुए आत्मविश्वास और उत्साह का द्योतक है। इसकी लम्बाई ९७′ तथा चौड़ाई ४१′ है जब कि ऊँचाई ३३′ है। मध्यमण्डप पार्श्वगलियों से ३९ आधार-शीर्ष-हीन स्तम्भों द्वारा अलग है जिनकी यष्टि सादी अठपहल है। उनमें अब भी कुछ झुकाव विद्यमान हैं। लकड़ी का प्रयोग पीतलखोरा चैत्यघर जैसा है और स्तूत का अण्ड लम्बायमान हो गया है। यद्यपि इसमें भी भाजा या कोण्डाने के उदाहरणों की भाँति लकड़ी से ही घरमुख सज्जित था किन्तु इसकी सबसे महत्त्वपूर्ण बात इसके विभिन्न भागों के निर्माण में वास्तुपरक बल दिया जाना है।

## अजन्ता (संख्या ९) :

यह चैत्यमण्डप आकार में छोटा (४५′×२२′ ३९″×२३) तथा भिन्न रूपरेखा का है। वर्गाकार छेंकन होते हुए भी स्तूप और स्तम्भों की वही स्थिति है जो कि द्वयस्र प्रकार में मिलती है। नाभि की वर्तुल छत में मूलतः लकड़ी की वल्लियाँ जड़ी हुई थीं किन्तु उन्हें बाद में अनावश्यक जानकर कभी प्रारम्भिक समय में ही निकाल दिया गया। छठी शताब्दी के कुशल चितेरों ने इस स्तम्भ पंक्ति के ऊपर भित्ति में रिक्त एवं खुले स्थान का भरपूर उपयोग किया जिनकी कलाकारी के नमूने इस लेण में मिलते हैं। इस चैत्यघर के स्तम्भ सादे अठकोन और लम्बवत् हैं।

प्रदक्षिणापथों की छत एकदम सपाट है और चैत्यघर में जाने के लिए उस ओर से भी अलग-अलग दो द्वार हैं। इस प्रकार मुख्य घरमुख को लेकर तीन प्रवेश द्वार हैं। इसके मुहार या घरमुख की यह विशेषता है कि समस्त अलंकरण पत्थर में काटे गए हैं। अत्यन्त संतुलित और भव्य स्वरूप होने के साथ लकड़ी के पंजर का अभाव निश्चित विकास का सूचक है।

## नासिक :

नासिक का पाण्डुलेण चैत्यघर सामान्य वृत्तायत रूपरेखा पर ही निर्मित हैं किन्तु अनेक बातों में वह अजन्ता (संख्या ९) के समान और उसका अनुवर्ती है। इसका घरमुख अत्यन्त पूर्ण और विकसित नमूना है, किन्तु तो भी इसकी बारीकियाँ लकड़ी के स्वरूपों से अनुकृत हैं यह काष्ठ-पंजर का नितान्त अभाव होने पर भी स्पष्ट है, क्योंकि यह बात इस सारे स्थापत्य की निहित विशेषता है। प्रवेश द्वार के ऊपर बना हुआ प्रतीकों से अलंकृत अर्द्धचन्द्र पाण्डुलेण के घरमुख का आकर्षक भाग है। कीर्तिमुख के अगल-बगल बने हुए अभिप्राय, जैसे ऊपर नीचे वेदिका अलंकरण के बीच में स्तूप तथा पशुशीर्षक, फारसी शैली के अर्द्धस्तम्भ घरमुख की नवीन बातें हैं। द्वार का निचला भाग इतना अधिक ध्वस्त है कि बनी हुई मूर्तियों का वर्णन कठिन है। उसके ऊपरी अलंकरण की तुलना प्रायः समकालीन साँची के उत्तरी तोरण से की जाती है। शिल्प का महत्त्व अब निर्माताओं ने स्वीकार किया था—यह बात चैत्यघर के भीतर मुख्यतः स्तम्भों में पूर्णतया दृष्टिगोचर है। पर्सी ब्राउन के शब्दों में "उन्होंने कुछ पर चौकोर फलक-जैसा एक प्रारम्भिक शीर्षक जोड़ दिया है। इस संबंध में एक विलक्षण तथ्य यह है कि स्तम्भ के शीर्षकों की अपेक्षा उसके आधारों के अलंकरण पर अधिक ध्यान दिया गया है, जैसा कि यहाँ सर्वप्रथम घटाकार आधार मिलता है जो अभिप्राय कीड़ों से क्षति या सीलन का असर बचाने के लिए लकड़ी की बल्ली के निचले

सिरे को घड़े में पधराने की आदिम तरकीब से लिया गया अनुमित है। अन्य ध्यातव्य गुण जो इस चैत्यमंडप के स्तम्भों को अलग करता है, उनका अनुपात है। अधिकांश शैलखनित मंदिरों के विशाल और भारी स्तम्भों की जगह ये लम्बे और पतले हैं; उनका व्यास ऊँचाई का आठवाँ हिस्सा है जो अनुपात लगभग उसी समय के उत्कृष्टतम यूनानी तथा रोमन नमूनों के बहुत पास है।" भीतर स्थित स्तूप में विकास के लक्षण लंबे ढोल जैसे आधार पर छोटे अण्ड की रचना में भी स्पष्ट हैं। अन्य उल्लेखनीय बात प्रवेश के ऊपर अंदरूनी और लकड़ी का छज्जा जोड़े जाने के लिए दरार और छेद मिलना है, जिस पर बैठ कर संभवतः संगीत आयोजन होता था।

**वेदसा :**

इस चैत्य तक पहुँचने का १२-१३ गज लम्बा मार्ग चट्टान के बीच में से है जिसे अलग ऐसे ही छोड़ दिए जाने के कारण चैत्यघर का सम्मुख रूप सामने से काफी छिपा रहता है। यह खेदजनक है क्योंकि यहाँ का घरमुख नितान्त नई आयोजना है और चट्टान से छिप जाने तथा मात्र ५ फुट के रास्ते के कारण उसकी भव्यता का अनुमान दूर से नहीं हो पाता। सामने के स्वतन्त्र खड़े दो स्तम्भ तथा अन्य दो अगल-बगल के अर्धस्तम्भ अपने बारीक अलंकरण और बनावट में मानो अशोक स्तम्भों की परम्परा को पुनरुज्जीवित करते हैं। उनका आधार घड़ेनुमा है जिसमें से उद्‌गत यष्टि के ऊपर घट-पल्लव प्रकार का तथाकथित पारसी घंटाकृति का अण्ड बनाया गया है जिस पर हाथी या घोड़ों पर चढ़ी मिथुन मूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं। यद्यपि वर्तमान अवस्था में ये स्तम्भ बरांडे की छत को टिकाए हुए हैं, जो कि वस्तुतः चट्टान में ही काट कर बनाई गई है किन्तु इनका आकार इतना विशाल है कि ये स्वतन्त्र स्तम्भ थे इसमें संदेह नहीं। इस अलिंद की दीवारों की विशेषता जाली या वेदिका और कीर्तिमुख अभिप्राय से भरा होना है।

सामने बृहदाकार चैत्य मुख, तोरणालंकरण युक्त प्रवेशद्वार इत्यादि हैं। अग्रभाग की समस्त सज्जा पत्थर में ही उत्कीर्ण है। द्वारशाखाओं का किंचित् भीतर की ओर झुकाव उल्लेखनीय है। चैत्यमण्डप का अंतरंग मात्र ४५' लम्बा तथा २१' चौड़ा है तथा नाभि और प्रदक्षिणापथ को अलग करने वाले स्तंभों का झुकाव अभी भी पहचाना जा सकता है। स्तूप के दाहिनी ओर के पाँच खंभों को छोड़कर सभी स्तंभ सादे हैं। उन पर फुल्ले तथा बौद्ध चिह्न बने हुए हैं। अन्य स्तंभों पर संभवतः किसी समय चित्र बने हुए थे।

स्तूप के लम्बे आधार के ऊपर नीचे वेदिका का अलंकरण बना हुआ है जिस पर उसी भाँति वेदिका युक्त अंड है। लघुकाय हर्मिका पर भारी भरकम शीर्षक के ऊपर लकड़ी की चौकार यष्टि है जिस पर किसी समय भारी छत्र टिका था। यद्यपि इस समय इसमें प्रयुक्त काष्ठ के अवशेष पूर्णतया लुप्त हो चुके हैं किन्तु वस्तुतः इसमें लकड़ी की धरनें जड़ी हुई थीं जिनकी सूचना १९वीं शती के प्रारंभिक भाग के किन्हीं दर्शकों के विवरणों से मिलती है।

**कार्ला :**

कार्ला का चैत्यघर अपने वर्ग का निःसंदेह सबसे बड़ा तथा सर्वाधिक सुरक्षित नमूना है। इसकी उत्कृष्टता तथा भव्यता में दो मत नहीं हो सकते। साथ ही इसमें कई

अभिलेख भी मिलते हैं जिनसे गुफा की तिथि का अनुमान भी संभव है। फर्गूसन के शब्दों में, "यह, निश्चय ही, भारत में सबसे बड़ी, साथ ही साथ सर्वाधिक पूर्ण चैत्यगुफा है और उस समय खोदी गई थी जब कि शैली अपनी महत्तम उदात्तता में थी। इसमें पिछले नमूनों के सभी वास्तुगत दोष दूर हो चुके हैं; नाभि के स्तंभ ठीक लम्बवत् हैं। अग्रभाग शिल्प से अलंकृत है—स्पष्ट ही इसका इस जगह पहली बार आविर्भाव है—तथा शैली एक पूर्णता को प्राप्त कर चुकी है जिसका बाद में कभी अतिक्रमण न हो सका।"

इस बात की पुष्टि मण्डप के बाएँ भाग में उत्कीर्ण समकालीन लेख भी करता है जिसके अनुसार "वैजयन्ती के सेठ भूतपाल ने (इस) सैलघर को प्रतिष्ठापित किया जो जंबूद्वीप में सर्वश्रेष्ठ है।" यह कोई मामूली दावा नहीं था जो कि इसके निर्माता ने अभिलेख में स्वयं किया है। निश्चय ही यह इस बात का प्रमाण है कि इस चैत्यघर के बनाने वाले अपनी कृति की श्रेष्ठता और विशेषता से पूरी तरह अवगत थे। अतः कोई आश्चर्य नहीं कि एक स्वर से प्राचीन और अर्वाचीन कलाविदों ने इसे हीनयान काल का सार्वोत्कृष्ट और आदर्शरूपेण प्रभावोत्पादक नमूना माना।

संस्थापकों और प्रारंभिक दानदाताओं के लेखों के अतिरिक्त महत्त्वपूर्ण अभिलेख शकराज नहपान के जामाता उषवदात और सातवाहन (वासिष्ठीपुत्र पुलमावि) के हैं जिन्होंने कार्ला के 'चातुदिस संघ' के 'यापन' अर्थात् संचालन के लिए गाँव तथा अन्य संभार दान दिए थे।

गुफा के प्रवेश द्वार के सामने एक विशाल स्तंभ बना है जिस पर चार सिंहों की बैठकी है। दाहिनी ओर भी मूलतः ऐसा ही दूसरा सिंह स्तंभ था जिस पर बौद्ध धर्म का प्रतीक चक्र स्थित था। यह ध्यान देने योग्य बात है कि बाहरी भाग या अलिन्द गुफा से आकार में बड़ा है। उसकी चौड़ाई ५२ फुट तथा गहराई १२ फुट है और वह सामने की ओर एक बाह्य पर्दे या आवरण से बंद था जिसके प्रधान अंग दो भारी, बिना जगती और शीर्ष के, अठकोन खंभे हैं। इस समय उन पर अनगढ़ चट्टान टिकी हुई है जो पहले लकड़ी की बनी शाला से सज्जित थी। निःसन्देह वह काष्ठनिर्मित शाला या संगीत-कक्ष घरमुख का प्रमुख अलंकार था। उसके ऊपर चार खंभों और अगल-बगल के दो थमलों का एक जँगला-सा था जिससे होकर विशाल चैत्यमुख में प्रकाश जाता था। उसके ऊपर भी लकड़ी की बनी एक सज्जा थी जिसका ठीक स्वरूप इस समय बताना मुश्किल है।

परवर्ती काल में यहाँ की शिल्प-योजना में पर्याप्त परिवर्तन कर दिया गया। मूलतः पार्श्व भित्ति में खुदे तीन हाथियों के सर पर रथिकायुक्त अलंकरण पट्टी बनी थी जो बाद में बुद्ध प्रतिमाएँ घुसेड़ने के लिए तराश दी गई थी। उसके ऊपर वेदिका अभिप्राय और एक भारी पट्टी थी और फिर वेदिका की भाँति थी जिसका सिलसिलेवार बढ़ाव विशाल चैत्य खिड़की की देहली का काम करता है। उस पर चैत्यघर के मुहार का अभिप्राय बनाया गया है जिनके बीच में मिथुन बने हुए हैं जो अपने आकर्षण और शिल्प के 'गठन' की दृष्टि से अनूठे हैं। उनकी मानव आकृतियों का भरापन, मांसलता और गोलाई शिल्प की अभिव्यक्ति का मानो मापदण्ड स्थापित करती है। ऊपर चैत्यमुख और वेदिका के अभिप्राय कई बार दुहराए गए हैं।

चैत्यखिड़की के नीचे वाली भित्ति भी परवर्ती शिल्पियों द्वारा जहाँ-तहाँ दूसरे ढंग में बदल दी गई है। वेदिका पट्टियों को काटकर वहाँ बुद्ध तथा संबद्ध आकृतियाँ हैं जो उच्च शिल्पकला की थाती हैं।

मण्डप में भीतर जाने के लिए तीन प्रवेश हैं। बीच वाला जा कर नाभि में तथा बगल वाले दो द्वार प्रदक्षिणापथ में निकालते हैं। भीतर चैत्यमंडप १२४ फुट लंबा और ४५ फुट चौड़ा है। बगल की वीथियाँ खंभों की मोटाई लिए-दिए केवल १० फुट ही चौड़ी हैं जब कि नाभिभाग २५ फुट फैला है। नाभि मंडप तथा परिक्रमा वीथियों को अलग करने वाली स्तंभ पंक्ति में ३७ खम्भे हैं।

प्रत्येक स्तंभ घटाकर जगती तथा वर्गाकार फलक पर हाथी घोड़ों पर चढ़े युगलों वाले शीर्ष से युक्त है। प्रत्येक खम्भे के शीर्ष में बनी आकृति में अपनापन है, वह दूसरे से तनिक भिन्न है किन्तु अपनी नक्काशी और एकरूपता में सामान्यतः उनमें कोई अन्तर नहीं दिखाई देता। युगल मूर्तियाँ प्रायः एक स्त्री और एक पुरुष हैं, कभी-कभी दो स्त्रियाँ भी दिखाई गई हैं। उनकी खुदाई तथा गढ़न इस तरह की सामान्य मूर्तियों से बहुत सुन्दर हैं। उनकी यष्टि अठकोन है। गजारोही युगलों के सामान्य शीर्षक के अपवाद स्वरूप दाहिनी ओर के आठवें स्तंभ पर एक स्तूप बना है और स्तंभ में १३ कोन हैं। पार्श्व श्रेणियों के ३० अलंकृत स्तभों के विपरीत अन्य ७ खंभे, जो स्तूप को घेरते हैं, सादे अट्ठंसिक हैं, जिनमें आधार या शीर्षक नहीं हैं।

स्तम्भ शीर्षों के ऊपर अर्ध वर्तुलाकार छत को अलंकृत करने वाली लकड़ी की घरनों पर दृष्टि जाती है। छत की ऊँचाई गुफा की भूमि के ऊपर ४५ फुट है। गोल सिरे पर स्थित स्तूप सामान्य अण्डयुक्त है जो द्विभूमिक या दुहरे चबूतरे के ऊपर बना है। जमती या चबूतरे पर दिखाए गए दोनों प्रदक्षिणा मार्ग वेदिका से घिरे बनाए गए हैं। स्तूप ऊँचा नलाकार है और काष्ठ का उसका छत्र अभी तक सुरक्षित है। उसके ऊँचे स्वरूप के कारण मण्डप की शोभा बढ़ी हुई प्रतीत होती है।

अनुमान है कि बगल की दीवारों पर चित्रकारी भी की गई थी। इस बात की पुष्टि पलस्तर या चित्रों के लिए तैयार की गई भूमि के लेप के अवशिष्ट चिन्हों से होती है। स्तूप के पास बाईं ओर फर्श से लगभग १० फुट की ऊँचाई पर चित्रित वेदिका-अलंकरण पहचाना जा सकता है।

चैत्यमंडप का अन्तरंग भाग अत्यन्त प्रभावशाली तथा दिव्य है। विशाल कीतिमुख से प्रविष्ट होने वाला प्रकाश सीधा स्तूप पर नहीं पड़ता बल्कि उसके सामने के भाग को उद्योतित करता है और स्तूप पर रोशनी तिरछी पड़ती है। पार्श्व स्तम्भों पर भी धूमिल प्रकाश ही रहता है जब कि प्रदक्षिणा वीथियों में रहने वाला मंद अंधकार गम्भीर तथा धर्मभावनामय वातावरण उपस्थित करता है। चैत्यवातायन से भीतर फैलने वाले प्रकाश के कारण कार्ला के मण्डप में अंधकार तथा ज्योति का जो अंधप्रकाशित अंतरंग बना रहता है उसका प्रभाव दर्शक और भक्त को अपने में डूब जाने का आवाहन करता है। ऐसी बात अन्य जगहो पर प्रायः नहीं देखने में आती।

## जुन्नर :

जुन्नर में तथा आस पास लगभग छोटी बड़ी २०० गुफाएँ गिनी जा सकती हैं जो कई समूहों में बँटी हुई हैं। इनमें यद्यपि छोटे छोटे विहार भी हैं किन्तु महत्त्वपूर्ण शिवनेरी पहाड़ियों, तुलाज पहाड़ियों, मनमोद और गलाशपर्वत के चैत्यगृह हैं। यद्यपि इन गुफाओं में भाजा, बेदसा या कार्ला जैसी अलंकरणों की सज्जा नहीं है किन्तु गुहास्थापत्य के अध्ययन में इनका अपना महत्त्व है। इनमें सबसे प्राचीन मनमोद का चैत्यघर (सं० २९) है जो १०० ई० पू० के आस पास बना प्रतीत होता है। इसके विपरीत गणेशलेण समूह का चैत्यमंडप १०० ई० या १५० ई० में रक्खा जाता है।

मनमोद वर्ग का चैत्य गुफा की खराबी के कारण अधूरा ही छोड़ दिया गया था। आकार में उसका आदर्श बेदसा का चैत्यघर था और यदि वह पूर्ण हो जाता तो दोनों में समानता दर्शनीय होती।

तुलाज लेण वर्ग के चैत्यघर का महत्त्व उसके वर्तुलाकार में निहित है। उसका व्यास २६ फुट है जिसमें बीचोंबीच स्तूप बना है। उसको १२ सादे अट्ठंसिक खम्भे घेर कर प्रदक्षिणामार्ग बनाते हैं। इसकी छत १८ फुट ऊँची है और भरहुत शिल्प में उत्कीर्ण इस भाँति के उदाहरणों से यह अनुमान कठिन नहीं है कि लकड़ी में बने गोल चैत्य मंडप किसी समय बहुत प्रचलित थे। (निर्माणात्मक वर्तुल चैत्य मंदिर का उदाहरण बैराट् राजस्थान में खोदा गया है जो अशोककालीन प्रतीत होता है)।

गणेशलेण समूह में संख्या ६ चैत्यमंडप है जो यद्यपि आकार में छोटा है पर अपने में पूर्ण स्वरूप वाला कलात्मक होने से महत्त्वपूर्ण है। यों यह नासिक के घर जैसा ही बड़ा है और वहाँ के विहार स्तम्भों जैसे ही इसमें स्तम्भ बने हुए हैं पर इसकी तिथि प्रथम शती ई० में रक्खी जाती है। यह अन्दर से कुल ४५ फुट लंबा है और चौड़ाई में २४ फुट ही है। किन्तु छोटा आकार शिल्पी को स्तम्भों की कल्पना और उन्हें कार्ला के खम्भों जैसा विशाल रूप देने में बाधक नहीं प्रतीत हुआ। प्रदक्षिणावीथियों के दोनों ओर बने पाँच-पाँच स्तम्भ वैसे ही आकर्षक तथा कलापूर्ण शीर्ष वाले हैं। अन्तर केवल शिल्प के ब्योरे में है। जहाँ कार्ला में हाथी और आरोही युगल प्रदर्शित हैं यहाँ केवल पशुओं के समूह या संघाट ही बनाए गए हैं जिनमें सिंह या शार्दूल, चीते, और हाथी हैं। भीतर स्तूप लगभग १६ फुट ऊँचा है। इस चैत्यघर का सौन्दर्य इसकी आनुपातिक शिल्प सज्जा में है। फर्गुसन के शब्दों में—"इतना छोटा होने पर भी यह कहीं भी मिलने वाले पूर्णतम चैत्यघरों में से एक है। इसकी अनुपात योजनाएँ अच्छी हैं तथा वे सभी बातें जो कार्ला तथा अन्य पहली गुफाओं में यों ही उपयुक्त हुई हैं यहाँ भली-भाँति समझी हुई हैं और बिना झिझक के उनका उपयोग हुआ है। यह सबसे पहला ज्ञात उदाहरण है जिसमें प्रदक्षिणावीथियों की छत की बड़ेरियाँ ही नहीं प्रत्युत नाभिभाग में भी वे पत्थर में खोद दी गई हैं, और इस समय हट चुके छत्र के अतिरिक्त यहाँ कुछ भी लकड़ी का नहीं था। यह ईसवी सन् की प्रथम शती के पूर्ण चैत्य-घर का सर्वोत्तम नमूना है।"

**कन्हेरी :**

यहाँ के गुफासमूह में सर्वाधिक महत्त्व का चैत्यघर है जो कार्ला के चैत्यघर की ठीक नकल है यद्यपि इसके बनाने वाले उतने कुशल नहीं मालूम होते। इसका सब कुछ वैसा ही है। पर यह कुछ छोटा है। इसकी मुख्य बात यह है कि इसका निर्माण हीनयान काल में ही हुआ था किन्तु जब तक यह बन कर पूरी हुई बौद्ध सम्प्रदाय में महायान विचारों ने अपना पूरा प्रभाव प्रतिष्ठित कर लिया था। इस कारण गुफा के बाहर अनेक बुद्ध मूर्तियाँ मौजूद हैं। सामने के बरामदे में २३ फुट की दो बुद्ध प्रतिमाएँ उल्लेखनीय हैं जो छठी शती में बनी थीं।

इस चैत्य मंदिर में (६८ फुट × ४० फुट) नाभि तथा स्तूप को घेरते हुए ३४ खम्भे हैं जिनमें से १८ के आधार तथा शीर्षक कार्ला गुफा के नमूने पर ही बने हैं, यद्यपि न ही उतने समरूप है और न उतनी कुशलता से गढ़े गए हैं। वर्तुलभाग के १५ स्तम्भ सादे अठ-कोन हैं। साधारण तथा अलंकरण हीन स्तूप १६ फुट अर्धव्यास का है। उसके छत्र तथा छत की अन्य काष्ठसज्जा कालक्रम से नष्ट हो चुकी है। सातवाहन शिल्प के नमूनों में मुहार में बनी आकृतियाँ हैं जिनके बलिष्ठ शरीर में उसी प्रकार के भारी आभूषण हैं तथा जिनकी शिरोभूषा शिल्पी ने बड़े मनोयोग से उकेरी है। मानव स्वरूप और वेशभूषा की यह बानगी फिर परवर्ती काल में कभी देखने को नहीं मिलती।

**विहार या भिक्षुमठ :**

हीनयान काल में चैत्य प्रासादों के साथ इने गिने भिक्षुगृह ही बनते थे क्योंकि इन एकान्त पवर्तीय भागों के बौद्ध संघ में सदस्य संख्या अभी कम ही थी। इस कारण इस काल के विहारगृहों में कोई विशेष विकास की बात नहीं मिलती। इनकी रचना पहाड़ के भीतर बनी सामान्य कोठरियों जैसी ही हुई जिसमें महत्त्वपूर्ण बातें निम्न हैं :—

१—एक बड़ा चौकोर स्तम्भहीन प्रांगण या मंडप।

२—उसमें एक ओर प्रवेश मार्ग तथा अन्य तीन ओर गुफा में बने हुए रहायशी कक्ष या प्रकोष्ठ जिनके द्वार बीच के प्रांगण में खुलते हैं।

३ - कोठरियों के भीतर रहने की सुविधा के ख्याल सें एक ओर पत्थर का एक तख्त जो गुफा में ही खोदा गया था, दूसरी ओर द्वार। यहाँ की छत सपाट ही बनाई गई है।

४ – मंडप के बाहर एक खम्भों पर टिका बरामदेनुमा प्रवेश भाग या अर्ध मंडप मिलता है जिसकी छत प्राय: अर्ध वृत्ताकार बनाई गई है।

५ - सामान्यत: ये एकमंजिले हैं।

संभवत: चैत्यप्रासाद के साथ संलग्न प्राचीनतम विहार कक्ष भाजा में है जिसमें पाँच प्रकोष्ठ हैं। उनमें से तीन कक्षों में मात्र एक अश्मपट्ट है जब कि एक में दो लोगों के लिए पत्थर के दो तख्त हैं। एक में जगह घेरने वाली यह वस्तु है ही नहीं। मंडप में दोनों तरफ की दीवारों से लगी ३३ फुट लम्बी दो 'आसन पीठिकाएँ' (या अभिलेखों के शब्दों में 'आसन पेढिका') हैं। कुछ ऐसा ही विहार बेदसा में भी है। अंतर कक्षों की संख्या इत्यादि में देखा जा सकता है।

अजन्ता के हीनयानी विहर भवन ८, १२ और १३ संख्या वाले हैं। बारहवाँ ३६ फ़ुट का स्तम्भहीन चौकोर मण्डप है। सं० १२ में छत के नीचे चार खम्भे बने मिलते हैं।

कोण्डाने में भी चैत्यघर के साथ संलग्न स्तम्भयुक्त विहार हैं। ऐसे नमूने पीतलखोरा में भी प्राप्त हैं। पीतलखोरा मठ की ओबरियों या कोठरियों में सपाट छत न होकर वर्तुल छत है जिसमें पत्थर में खुदी धरनों का अलंकरण भी है।

हीनयान विहारों के लिए नासिक का लयण समूह सर्वाधिक महत्त्व का है और यहाँ एकमंजिले प्रकार के सर्वोत्तम तथा अलंकृत संघ गृह मिलते हैं। नासिक के तीन विहारों को उनके अभिलेखों के आधार पर नहपान विहार (सं० ७), गौतमीपुत्र वि० (सं० ३) तथा यज्ञश्री वि० (सं० १५) नाम दिए गए हैं। इनकी सज्जा और कलात्मक कल्पना अन्य पूर्ववर्ती विहारों से बढ़कर है। नहपान के समय बने विहार में क्षहरात वंश के छह लेख मिलते हैं। इसके बरामदे के स्तम्भों में उलटी कमल पंखुड़ियों का शीर्षक है जो कार्ला चैत्यघर के नमूनों से अधिक सुन्दर है। मण्डप का आकार १३'×४५' का है जिसमें प्रवेश के तीन सादे द्वार तथा दो वातायन हैं। गुफा में भीतर कुल १६ कोष्ठ बने हुए हैं। गौतमीपुत्र विहार आकार में ४१'×४६' का है जिसमें १८ कक्ष हैं। इसके बरामदे या बाह्य अलिंद में ६ अट्ठंसिक स्तम्भ हैं जिनके शीर्षों के रूप में वृषभ, घोड़ा, हाथी तथा शार्दूल बने हुए हैं। खम्भों पर टिका चौड़ा सिरदल है। अलिंद की अंदरूनी भित्ति में प्रवेश द्वार पर बनी शिल्प आकृतियों की तुलना साँची तारणों से की गई है।

विहार १५ के मुहार या अग्रभाग में कोई विशिष्ट उल्लेखनीय बात नहीं। यह विशाल विहारों में अंतिम है और इसका आकार अन्दर के फैलाव की वजह से बड़ा है। इसमें मिले अभिलेख के अनुसार श्रीयज्ञसातकर्णि के ७ वें वर्ष में इस बहुत दिन तक अधूरे पड़े विहार को महासेनापति की भार्या ने पूरा कराया।

कार्ला का विहार अपनी कई मंजिलों के कारण महत्त्वपूर्ण है। इसमें तीन भूमियाँ हैं जिनमें ऊपरी मंजिल में एक चार खंभों से युक्त मंडप है। बाईं ओर बने हुए पाँच कक्षों के आगे एक उठा हुआ चबूतरा है। अन्य एक विहार दुमंजिला भी है जिसका निचला तल बुरी तरह नष्ट हो चुका है।

———

# परमाणु ऊर्जा उद्घाटन


## डॉ० नन्दलाल सिंह

**अध्यक्ष—स्पेक्ट्रास्कोपी विभाग**


अब तक हमें यही विदित हुआ कि सारे पदार्थ तीन मूल कणिकाओं-इलेक्ट्रान, प्रोटान और न्यूट्रान — से बनते हैं। हमें यह भी ज्ञात हो चुका है कि तत्त्वों के केन्द्र में और उसके बाहर ये कणिकायें किस विधान से संयमित रहती हैं और किन बातों से आवर्तसारिणी के भीतर तत्वों में क्रमबद्धता पाई जाती है। अब हमें परमाणु का सम्पूर्ण रूप दिखाई पड़ रहा है और इसकी रचना तर्कानुकूल सुगम्य और सौन्दर्यपूर्ण झलक रही है। यह ठीक है किन्तु अभी तक कुछ प्राथमिक प्रश्न हल नहीं हुए हैं और उन्हीं के लिए नये प्रश्न उठते हैं।

चित्र १

उदाहरण के लिए रेडियम तत्त्व को लीजिए। इसकी परमाणु संख्या ८८ और भार २२६ इकाई है। अतः इसके केन्द्र के भीतर हम ८० प्रोटान और १३८ न्यूट्रान पाते हैं और केन्द्र के बाहर ८८ इलेक्ट्रान विभिन्न पर्तों में नियमपूर्वक परिक्रमा करते रहते हैं। इस रचना के अनुसार आवर्तसारिणी परिपूर्ण हो जाती है और तत्त्वों के बहुत से रासायनिक तथा भौतिक गुणों की व्याख्या हमें मिल जाती है। किन्तु, यह ढाँचा इतना अस्थायी क्यों? रेडियम के अत्यन्त सूक्ष्म केन्द्र से अल्फाकणों का प्रवल समूह, बीटा किरण, गामा किरण और ताप किस भाँति और क्यों निकलते रहते हैं? इन कणिकाओं तथा किरणों की उत्पति कहाँ से होती है? ऊर्जा कहाँ से निकलती है?

न्यूट्रान की रचना भी ऐसी ही जटिल पहेली है। प्रोटान और न्यूट्रान दोनों का भार १ इकाई होता है। क्या इनमें कोई वास्तविक सम्वन्ध है? क्या सचमुच न्यूट्रान की रचना एक प्रोटान और एक इलेक्ट्रान के संगठन से होती है जिसके कारण यह आवेश रहित पाया जाता है? क्या ऐसा नहीं हो सकता कि न्यूट्रान ही मूल कणिका हो और यह एक इकाई धनात्मक आवेश कहीं से ग्रहण कर प्रोटान वन जाता हो?

अन्तिम प्रश्न से अनुमान होता है कि सम्भवतः इकाई धनात्मक आवेश स्वतंत्र रूप में पाया जाता है। सन् १९३२ ई० तक इकाई धनात्मक आवेश केवल इकाई भार वाली कणिका के साथ ही माना गया था और इसी को प्रोटान कहा गया। अब यह भी सम्भावना होती है कि यह इकाई धनात्मक आवेश एक ऐसी कणिका पर हो सकता है जिसका भार इलेक्ट्रान के वरावर हो अर्थात् इलेक्ट्रान के वरावरी की दूसरी कणिका होना असम्भव नहीं जो विपरीत धनात्मक इकाई आवेश से आवेष्टित होती है। सच तो यह है कि सन् १९३१ ई० में ही पी० ए० एम० डिराक (P. A. M. Dirac) ने ऐसी धनात्मक कणिका का अनुमान किया था और सन् १९३२ ई० में सी० डी० एण्डर्सन ने ऐसी कणिका का अस्तित्व

प्रयोगात्मक रूप से सिद्ध भी कर दिया था। कणिका का नाम पाजीट्रान रखा गया। इसका भार इलेक्ट्रान के बराबर होता है और इन पर इकाई धनात्मक आवेश पाया जाता है। यह कणिका साधारण रूप में नहीं पाई जाती क्योंकि इसका जीवन काल क्षणिक होता है। उत्पन्न होते ही ऋणात्मक आवेश से मिलकर यह विनष्ट हो जाती है। तब सम्भव है कि प्रोटान की उत्पत्ति न्यूट्रान और पाजीट्रान के संयोग से होती हो ? इस बात का निर्णय नहीं किया जा सकता क्योंकि यह प्रश्न ही स्वयं काल्पनिक है। परन्तु इससे हमें बहुत सी बातों की सूझ मिलती हैं।

समान आवेश की कणिकाओं के बीच प्रतिसारण होना चाहिए फिर धनात्मक प्रोटान केन्द्र के भीतर किस प्रकार बँधे रहते हैं ? इतने सन्निकट रह कर वे स्थायी क्यों पाए जाते हैं ? कागज के टुकड़े जब घर्षित अम्बर से आवेष्ठित किए जाते हैं तो वे एक दूसरे से प्रतिसारित होते हैं। आकर्षण विपरीत विद्युत आवेश में ही होता है। चुम्बकों में भी देखा गया है कि समान ध्रुवों में प्रतिसारण और विपरीत ध्रुवों के बीच आकर्षण होता है किन्तु आश्चर्य की बात है हीलियम केन्द्र में दो प्रोटान अर्थात् दो धनात्मक एकाई आवेश जट कर एक स्थायी कणिका -- अल्फाकण बनाते हैं। ऐसा ही संगठन हाइड्रोजन को छोड़कर अन्य तत्वों के केन्द्र में प्रोटानों के बीच होता है। कार्बन के केन्द्र में ६ प्रोटान हैं अर्थात् ६ स्वतंत्र धनात्मक कण केन्द्र में जुटे रहते हैं। एल्यूमीनियम में १३ धनात्मक कण और यूरेनियम में ९२ ऐसी ही धनात्मक इकाइयाँ बँधी रहती हैं। केन्द्र के भीतर इतने सूक्ष्म स्थान में प्राकृतिक नियम के अनुसार एक दूसरे को प्रतिसारित करते हुए इतने प्रोटान क्योंकर संगठित रहते हैं ?

हो सकता है कि इस बन्धन का कारण न्यूट्रान हो। हीलियम के केन्द्र पर ध्यान दीजिए। यही पहला केन्द्र है जिसमें एक इकाई से अधिक धनात्मक आवेश है और दो न्यूट्रान हैं। केन्द्र रचना के सम्बन्ध में विचारणीय बात यह है कि केन्द्र के भीतर न्यूट्रान की संख्या प्रौटानों की अपेक्षा प्राय: अधिक होती है, अथवा दोनों की संख्या बराबर होती है। प्रोटान से न्यूट्रान की संख्या कभी कम नहीं पाई जाती। तब क्या न्यूट्रान ही प्रोटानों को जुटाकर संगठित रखते हैं ? यदि यही बात मान ली जाय तो यह बन्धन ऊर्जा किस प्रकार उत्पन्न होती है ? इन गूढ प्रश्नों के विवेचन से पहले हम एक दूसरी बात पर विचार करेगें जो शायद यहाँ असंगत मालूम पड़े किन्तु है विचारणीय।

यदि परमाणु-रचना केवल प्रोटान, न्यूट्रान और इलेक्ट्रान से होती है तो हाइड्रोजन का भार किसी भी शुद्ध आइसोटोप के भार का ठीक अपवर्त्य होना चाहिए; अर्थात् किसी आइसोटोप के भार में यदि हाइड्रोजन परमाणु के भार से भाग दिया जाय तो पूर्ण संख्या मिलनी चाहिए। यह बात प्रारम्भ के कुछ हलके तत्वों -- जैसे हीलियम, कार्बन, नाइट्रोजन आदि में पाई जाती है किन्तु ऊँची संख्या के तत्त्वों मे नहीं पाई जाती। अधिक शुद्धता से भार निकालने पर हलके तत्त्वों के भार में भी अन्तर दशमलव के बाद तीसरे चौथे अंक में पाया जाता है। हीलियम का भार ४ के स्थान पर ४.००२८ और कार्बन $_6C^{12}$ का १२.००३६ मिलता है।

याद रखना चाहिए कि इन परमाणुओं के भार का मान आक्सीजन के परमाणु भार

१६.००० को इकाई मानकर निकाला गया है। इससे अनुमान होता है कि यदि आक्सीजन के परमाणु भार के मान में कुछ संशोधन कर दिया जाय तो शायद सभी आइसोटोप के भार पूर्ण संख्या में पाए जाँय। दुर्भाग्यवश इस तर्क से भी मामला सुलझता नहीं; कारण यह कि कई आइसोटोपों का भार उतने मान से कम पाया जाता है जितना उसके भार का मान कणिकाओं के भार के जोड़ के बराबर होना चाहिए। किसी भी तरह से हिसाब लगाने पर परमाणु भार पूर्ण संख्या में नहीं मिल सके। इन बातों की उलझन में एक बड़े महत्व की बात सूझ पड़ी। अनेक बार उच्च कोटि के यथार्थ मापन से आक्सीजन के भार को १६.०००० मान कर प्रोटान का भार १.००७५८ पाया गया और न्यूट्रान का भार १.००८९३। हीलियम का संकेत $_2He^4$ होता है और इसमें २ प्रोटान और २ न्यूट्रान होते हैं। अतः

२ प्रोटान भार=२.१५१६ इकाई

और २ न्यूट्रान भार=२.०१७८६ इकाई

और दोनों का जोड़=४.०३३०२ इकाई होता है,

किन्तु $_2He^4$ का भार=४.००२८० इकाई होता है।

इनके भार में अन्तर .०३०२२ पाया जाता है।

अर्थात् $_2He^4$ का भार उसके अवयवों के भार से कम होता है। किसी भी कारण हम इस अन्तर की अवहेलना नहीं कर सकते। यह नगण्य भी नहीं है इसलिए हीलियम परमाणु की रचना में ०.०३०२२ इकाई भार की कमी का कारण मालूम करना आवश्यक हुआ।

हम यह नहीं मान सकते कि द्रव्य इतनी मात्रा में लुप्त हो गया है क्योंकि ऐसा मानने पर द्रव्य और ऊर्जा की अविनाशिता सिद्धान्त की उपेक्षा होती है। हर एक भौतिक तथा रासायनिक क्रिया में द्रव्य तथा ऊर्जा की मात्रा क्रिया के पूर्व तथा उपरान्त बराबर होनी चाहिए। फिर द्रव्य का हुआ क्या ? इस प्रश्न का उत्तर प्रो० आइन्सटाइन अपने आपेक्ष-वाद सिद्धान्त के सिलसिले में सन् १९०५ ई० में ही सोच चुके थे। उन्होंने बताया था कि द्रव्य और ऊर्जा एक दूसरे में परिवर्तनीय हैं। ब्रह्माण्ड में इन दोनों के बीच एकरसता पाई जाती है। उन्होने एक सूत्र बताया जिसके अनुसार ऊर्जा और द्रव्य मात्रा में सामं-जस्य पाया जाता है। ऊर्जा द्रव्य मात्रा का समानुपाती होती है।

ऊर्जा का मापन अर्ग, कैलोरी अथवा किलोवाट-घंटा आदि इकाईयों में किया जाता है। द्रव्य-मान की इकाई ग्राम अथवा पाउण्ड होती हैं जो ऊर्जा की इकाईयों से भिन्न होती है। द्रव्य मान को समतुल्य ऊर्जा में परिवर्तित करने के लिए मात्रा की इकाई को ऊर्जा की इकाई में बदलना होता है। यही क्रिया द्रव्य-मान की एक इकाई से दूसरे में बदलने के लिए भी करनी पड़ती है। यदि द्रव्य-मान किलोग्राम में हो तो पाउण्ड में बदलने के लिए हमें २·२ से गुणा करना पड़ता है अर्थात् १ किलोग्राम २·२ पाउण्ड के बराबर होता है। यदि लम्बाई इंच में दी हुई हो तो उसे सेंटीमीटर में बदलने के लिए हमें २·५४ से गुणा करना पड़ता है क्योंकि १"=२·५४ सेंटीमीटर होता है। प्रो० आइन्सटाइन ने बताया कि ग्राम में दी हुई द्रव्य मात्रा को समतुल्य ऊर्जा का मान अर्ग में निकालने के लिए

समतुलक स्थिरांक अर्थात् परिवर्तक गुणक का मान प्रकाश के वेग के वर्ग के बराबर होता है जबकि प्रकाश का वेग सेंटीमीटर प्रति सेकेंड में दिया गया हो। प्रकाश के वेग का संकेत प्रायः C रखा जाता है और इसका मान ३०,०००,०००,००० सेंटीमीटर प्रति सेकेंड होता है जो १८६००० मील प्रति सेकेंड के बराबर होता है। परिवर्तक गुणक $C^2$ होने से आइन्सटाइन का सूत्र $E = mC^2$ हो जाता है। यह सूत्र विज्ञान के इतिहास में बेजोड़ है। अब तक दूसरा कोई सूत्र इतने महत्व का नहीं पाया गया है।

सन् १९०५ ई० में प्रो० आइन्स्टाइन इस सूत्र की परीक्षा के लिए आकुल थे और बतलाए थे कि इसका उपयोग रेडियमधर्मिता की महान् शक्ति विघटन की क्रियाओं में किया जा सकता है। रेडियमधर्मिता की खोज कुछ दिन पहले हो चुकी थी। उसके बाद ही जे० डी० काक्राफ्ट और ई० टी० एस० विलसन ने इस सूत्र का उपयोग रेडियम से निकलते हुए आल्फाकणों पर किया था। किन्तु स्वयं प्रो० आइन्स्टाइन अपने इस सूत्र के भीषण रूप का अनुमान नहीं कर पाए थे। सूत्र की परीक्षा ४५ वर्ष बाद हिरोशिमा, नागासाकी और बिकनी के विस्फोटों से हुई।

हीलियम परमाणु की गढ़न में ०·०३०२२ इकाई भार की कमी पाई जाती है। यदि इस द्रव्य मात्रा के समतुल्य ऊर्जा का मान निकाला जाय तो फल देखकर हमें चकित हो जाना पड़ता है। इस परमाणु की रचना में भार के हिसाब से ४०० भाग में ३ भाग की क्षति होती है, अर्थात् ३।४ प्रतिशत द्रव्य मात्रा लुप्त होती है। एक ग्राम में ·००७५ ग्राम की कमी आती है। इसको $C^2$ से गुणा करने पर समतुल्यऊर्जा का मान

$$= \cdot००७५ \times ३ \times १०^{१०} \times ३ \times १०^{१०} \text{ अर्ग}$$
$$= \cdot०६७५ \times १०^{२०} \text{ अर्ग}$$
$$= ६७५ \times १०^{१६} \text{ अर्ग होता है।}$$

इतनी ऊर्जा २००००० किलोवाट घंटों के बराबर होती है जिससे १०० वाट की २००००० बत्तियाँ १० घंटे जलती है। इतनी अधिक ऊर्जा तनिक द्रव्य मात्रा के लोप होने से निकली। इतनी द्रव्य मात्रा की क्षति $\frac{१}{२}$ ग्राम न्यूट्रान और $\frac{१}{२}$ ग्राम प्रोट्रान के संगठन से हीलियम तैयार करने में पाई गई।

## द्रव्य मात्रा ऊर्जा में परिवर्तित होती है।

हीलियम परमाणु की रचना प्रोटान और न्यूट्रान के संगठन से होती है और इस क्रिया में $\frac{३}{४}$ प्रतिशत द्रव्य की मात्रा ऊर्जा में परिवर्तित होती है। यह ऊर्जा जाती कहाँ है? समझने के लिए पहाड़ की चोटी पर अटकी हुई एक शिला पर ध्यान दीजिए। वहाँ उसकी स्थितिज ऊर्जा (potential energy) अधिक है। रोक हटाते ही वह लुढ़क कर नीचे गिरती है। उसकी स्थितिज ऊर्जा घट जाती है, किन्तु शिला नीचे आकर अधिक स्थिरता प्राप्त कर लेती है। खाड़ी में पहुँच कर अब और नीचे नहीं जा सकती।

भौतिक जगत् का यही नियम है कि जब किसी पिंड से ऊर्जा निकलती है तो ऊर्जा क्षीण होने के बाद पिंड की स्थिरता बढ़ जाती है। मकान की छत से गिरते हुए गोले

की स्थितिज ऊर्जा घटती है। वह स्थितिज शक्ति ऊर्जा में परिवर्तित होती है। नीचे फर्श पर पहुँचकर गोले की स्थिरता (Stability) बढ़ जाती है। पहाड़ से निकला हुआ झरना मार्ग में अपनी स्थितिज ऊर्जा खोता हुआ समुद्र में गिरता है। पानी की स्थितिज ऊर्जा गतिज में बदलती जाती है। मार्ग में इस गतिज ऊर्जा द्वारा पनचक्कियाँ चलाई जाती हैं। डायनमों के चक्के को घुमाकर विजली उत्पन्न की जाती है। पानी समुद्र में पहुँचकर स्थिरता प्राप्त कर लेता है। स्थितिज ऊर्जा खोकर जल पहाड़ की चोटी की अपेक्षा समुद्र में अधिक स्थिरता प्राप्त करता है।

यही नियम रासायनिक परिवर्तनों में भी होता है। जब रासानिक क्रिया में ऊर्जा का निकास होता है तो अधिक स्थायी यौगिक बनता है। कार्बन और हाइड्रोजन के बीच संयोजन ऊर्जा कार्बन और आक्सीजन की अपेक्षा अधिक होती है। गैसोलीन, लकड़ी, और टी-एन-टी (T.N.T.) में कार्बन-हाइड्रोजन के अनेकों बन्ध (bonds) होते हैं। अतः वे बहुत अस्थायी होते हैं। वे तुरन्त आग लगने से जल उठते हैं और ऊर्जा का विस्फोट होता है। जलने पर उनके C—H बन्ध टूट जाते हैं और नये C—O बन्ध बनते हैं। ऊर्जा घट जाती है। नया यौगिक कार्बन-डाइआक्साइड बहुत स्थायी होता है। जब आक्सीजन जलता है तो O – O बन्ध टूट कर O—H बन्ध बनता है और ऊर्जा की विकीर्णता के साथ स्थायी यौगिक $H_2O$ मिलता है।

ठीक इसी प्रकार हीलियम के स्थायी न्यूक्लियस की रचना प्रोटान और न्यूट्रान के संगठन से ऊर्जा खोकर होती है। हीलियम का केन्द्र न्यूट्रान अथवा प्रोटान से अधिक स्थायी होता है। न्यूट्रान बड़ी शीघ्रता से अन्य तत्वों के साथ जुट जाता है किन्तु हीलियम न्यूक्लियस जो अल्फा-कण ही हैं किसी अन्य तत्व से नहीं जुटते। अन्य किसी तत्व के न्यूक्लियस से बिना बँधे हुए स्वतंत्र रूप से इधर-उधर भटकते रहते हैं। अनेकों धक्के खाते हुए भी विभाजित नहीं होते। एक न्यूट्रान और एक प्रोटान के संगठन से स्थायी डयूट्रान बनता है। (चित्र २) डयूट्रान का भार न्यूट्रान और प्रोटान के भार के जोड़ से कम होता है।

चित्र २

स्थायी स्थिति का अनुमान उतनी ऊर्जा से लगाया जाता है जितनी ऊर्जा लगाकर वस्तु की स्थिति बदली जा सकती हो। शिला को खाई से उठाकर पहाड़ की चोटी पर ले जाने में अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। अतः शिला चोटी की अपेक्षा खाई में अधिक स्थायी स्थिति में है। हीलियम न्यूक्लियस को प्रोटान और न्यूट्रानों में विघटित करने के लिए उतनी ही महान् ऊर्जा (६७५ × १०$^{१६}$अर्ग) की आवश्यकता पड़ती है जो इनके संगठित होते समय द्रव्य मान के लोप से निकली है। इतनी ऊर्जा को केन्द्र में केन्द्रीभूत करना सहज नहीं। इसीलिए हीलियम परमाणु अथवा अल्फाकण इतने स्थायी पाए जाते हैं। आगे चलकर हम इनसे भी अधिक स्थायी न्यूक्लियस और परमाणुओं की जानकारी प्राप्त करेंगे।

जितने द्रव्य-मान का लोप किसी न्यूक्लियस की रचना में संगठित प्रोटान और न्यूट्रान के संयुक्त तौल के हिसाब से होता है उसे संवीत-क्षति (Packing loss) कहते हैं। मतलब यह है कि न्यूक्लियस के भीतर संगठित अवस्था में प्रोटान और न्यूट्रान स्वतंत्र दशा की अपेक्षा संकलित हो जाते हैं। प्रति इकाई परमाणु तौल की अपेक्षा हरएक तत्व में संवीत-गुणक का मान न्यूक्लियस के भीतर न्यूक्लियस की संख्या से संवीत-क्षति में भाग देकर मालूम किया जाता है। इसे "संवीत-गुणक" कहते हैं। स्पष्ट हो जाता है कि किसी तत्व का संवीत-गुणक जितना ही अधिक होगा उतनी ही अधिक ऊर्जा न्यूक्लियानों के संगठन में निकलेगी और उतना ही उस तत्व का न्यूक्लियस अधिक स्थायी होगा। साथ ही यह भी विदित हो जाता है कि प्रोटान और न्यूट्रान की संगठित ऊर्जा थोड़ी द्रव्य-मान के लोप से पाई जाती है और उसी मात्रा के समतुल्य ऊर्जा न्यूक्लियस रचना में निकलती है। यही ऊर्जा न्यूक्लियस रचना में प्रोटान और न्यूट्रान के बीच बन्धन ऊर्जा (binding energy) प्रदान करती है।

प्रो० ऐस्टन ने भार स्पेक्ट्रोमीटर द्वारा विभिन्न आइसोटोपों का आपेक्षिक भार निकाल कर तत्वों का संवीत-गुणक मालूम किया। उन्होंने देखा कि संवीत-गुणक का मान विभिन्न तत्वों के लिए भिन्न पाया जाता है। तत्वों के गुणों में अनेक सामंजस्य होते हैं। तो क्या उनके संवीत-गुणकों में भी कोई नियमित समानता है? सर्व प्रथम प्रो० ऐस्टन को ऐसा साधारण सामंजस्य दिखाई पड़ा और वह सर्व साधारण के लिए बहुत ही सारगर्भित सिद्ध हुआ। वास्तव में परमाणु ऊर्जा विघटन की कुंजी इसी रीति से हाथ लगी।

चित्र ३

चित्र ३ में तत्वों के संवीत-गुणक का मान दिखाया गया है। हाइड्रोजन के लिए संवीत अंक शून्य होता है क्योंकि इसमें एक ही प्रोटान है। किसी अन्य तत्व के परमाणु भार में से संकलित प्रोटान और न्यूट्रान के संयुक्त भार को घटाकर संवीत-क्षति मालूम की जाती है। फिर संवीत-क्षति को न्यूक्लियानों की संख्या से भाग देकर संवीत-गुणक निकाला जाता है। उदाहरण:—क्रिप्टान की परमाणु संख्या ७८ है। इसके केन्द्र में ३६ प्रोटान और ४२ न्यूट्रान होते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अतः | ३६ × १·००७८ | = | ३६·२७३६ |
| | ४२ × १·००८९ | = | ४२·३७३८ |
| इनके भार का जोड़ | | = | ७८·६४७४ होता है। |
| क्रिप्टान का परमाणु भार | | = | ७७·९२६२ होता है। |
| अतः संवीत क्षति | | = | ·७२१२ पाई जाती है |
| और संवीत गुणक हाइड्रोजन की अपेक्षा | | = | ०·००९१ मिलता है। |

अर्थात् १०००० में ९१ होता है। यह क्रिप्टान के प्रत्येक प्रोटान और न्यूट्रान के लिए

पाया जाता है। अतः इसका न्यूक्लियस अवश्य स्थायी होगा। चित्र ३ को देखने से विदित होता है कि परमाणु संख्या तथा संवीत-गुणक का लेखाचित्र एक वक्र रेखा पाई जाती है। इससे ज्ञात होता है कि संवीत गुणक हाइड्रोजन के लिए शून्य मान से बढ़ता हुआ लोहा और निकल के लिए सबसे अधिक होकर यूरेनियम के लिए फिर कम हो जाता है। आवर्तसारिणी के हल्के तत्व तथा भारी तत्वों के लिए संवीत-गुणक न्यूनतम होते हैं। लोहे के लिए सबसे अधिक पाया जाता है। इसी कारण लोहे का परमाणु अधिक स्थायी और हल्के तथा भारी तत्वों के परमाणु कम स्थायी पाए जाते हैं।

चित्र सं० ३ पर तनिक फिर ध्यान दीजिए। मान लीजिए कि तत्त्वों के न्यूक्लियस में न्यूट्रान प्रोटान की संख्या घटा-बढ़ाकर उन्हें एक दूसरे में परिवर्तित करना सम्भव हो तो आवर्तसारिणी के एक सिरे के तत्व को लेकर यदि उसे मध्यवर्ती तत्व में बदला जाय तो ऊर्जा का निकलना निश्चित है क्योंकि हम अपेक्षाकृत अस्थायी तत्व से स्थायी तत्व बनाते हैं। यदि हम हाइड्रोजन से प्रारम्भ करते हैं तो छोटे परमाणु को जुटाकर भारी परमाणु बनाते हैं और यदि हम यूरेनियम परमाणु लेकर क्रिया प्रारम्भ करते हैं तो बड़े परमाणु को खण्डित कर छोटे परमाणु बनाते हैं। दोनों रीतियों से नये परमाणु का भार प्रारम्भिक अवयवो के भार से कम होता है। द्रव्य की मात्रा में क्षति होती है जो ऊर्जा में बदल जाती है। हमने देखा है कि तनिक द्रव्य-मान के विनष्ट होने से कितनी अपार ऊर्जा उपार्जित होती है। अतः दोनों विधियों द्वारा तत्व रचना से हमें महान ऊर्जा मिल सकती है।

प्रकृति में दोनों रीतियों की प्रक्रिया होती है। इनमें पहली रीति के अनुसार सूर्य और तारा-नक्षत्रों में अपार ऊर्जा पाई जाती है। इसका पूर्ण विवरण आगे चलकर हाइड्रोजन बम के सम्बन्ध में दिया जाएगा। दूसरी विधि के अनुसार किसी भारी तत्व में परिवर्तित कर अपार ऊर्जा पृथ्वी के ऊपर उपलब्ध हुई है। प्रकृति में अनन्त काल से रेडियोधर्मिता की क्रिया चलती आ रही है। रेडियम के विघटन से हीलियम और रेडान निकलते हैं। रेडियम का परमाणु भार २२६ और हीलियम तथा रेडान का भार क्रमानुसार ४ और २२२ होता है। रेडियम का अस्थायी बड़ा न्यूक्लियस हीलियम और रेडान के छोटे न्यूक्लियस में बदल जाता है। संवीत-गुणक का मान अधिक होता है; अतः द्रव्य मात्रा में कमी आ जाती है। यही द्रव्य मात्रा विनष्ट होकर ऊर्जा में प्रकट होती है।

रेडियम के अतिरिक्त कई तत्त्वों में प्राकृतिक रेडियम धर्मिता कुछ कम परिमाण में पाई जाती है। इसकी क्रिया-विधि ठीक रेडियम के समान ही होती है। प्रक्रिया में छोटे न्यूक्लियसों की रचना होती है और संवीत-गुणक के मान के अनुसार ऊर्जा विकीर्ण होती है।

प्राकृतिक रेडियमधर्मिता स्वतः होती रहती है। रेडियम, यूरेनियम, थोरियम और ऐक्टीनियम के विघटन से अल्फा तथा बीटा के कण और गामा की रश्मियाँ सदा निकलती रहती हैं। इनकी क्रिया-विधि में मानवी प्रयोगों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। सन् १९३९ ई० में हमें ऊर्जा-विकास की कृत्रिम-विधि का ज्ञान हुआ है। इसमें भी संवीत-गुणक के मान का उपयोग पूर्ववत् किया जाता है। नये न्यूक्लियसों के भार का योग यूरेनियम के

न्यूक्लियस के भार से बहुत कम होता है। इसी द्रव्य मात्रा के विनाश से अतुलित ऊर्जा मिलती है। यही परमाणु बम की कुंजी है। यह क्रिया इच्छानुसार की जा सकती है और तत्व परिवर्तन के साथ ही महान् ऊर्जा उपार्जित होती है।

## केन्द्र का विघटन : परमाणु के टूटने से ऊर्जा का उद्भवन

यहाँ पर यह बात स्पष्ट करना उचित होगा कि वैज्ञानिक इन सब अनुसंधानों म परमाणु से ऊर्जा निकालने में तथा परमाणु बम बनाने के चक्कर में नहीं पड़े थे। वे पदार्थ रचना के रहस्य को समझने की चेष्टा करते रहे। नन्हे से केन्द्र के भीतर प्रोटान और न्यूट्रान की व्यवस्था क्या है? प्रोटानों के बीच तो प्रतिसरण होना चाहिए फिर वे इतने सूक्ष्म स्थान के भीतर कैसे जुटे रहते हैं? वैज्ञानिक इस उधेड़ बुन में पड़े थे कि न्यूट्रान क्या है और केन्द्र के भीतर उसका उसका व्यापार किस प्रकार होता है?

साथ ही यह भी स्वाभाविक था कि वे परमाणु ऊर्जा विघटन तथा उसके उपयोग की भी कल्पना किया करते थे। उनमें कुछ लोगों ने सामान्य समाचार पत्रों में सरल लेख भी प्रकाशित किए थे अथवा उनकी आपसी बातें सुनकर संवाददाताओं ने परमाणु ऊर्जा द्वारा भावी क्रान्ति की कौतूहल पूर्ण आशाएँ भी छाप दी थीं। तथापि उनका ध्येय द्रव्य और ऊर्जा का सम्बन्ध तथा उनकी रूपरेखा समझना ही था और उनके प्रयोग इसी उद्देश्य से हो रहे थे। अधिक मात्रा में तत्वों को लेकर उनके तिलस्मों के भेदन के लिए अल्फाकण का, प्रोटान का और ड्यूटरान का उपयोग बतौर विभिन्न ऊर्जा की गोलियों के समान कर रहे थे।

इन प्रयोगों की समीक्षा से ज्ञात होता है कि तीन प्रमुख बातों का पता सन् १९३२ ई० तक लगा था। पहली जानकारी काक्राफ्ट और वाल्टन (Cockrot and Walton) के प्रयोग से कैवेंडिश प्रयोगशाल में प्राप्त हुई। उन्होंने देखा कि जब लीथियम धातु पर प्रोटान का आघात मन्द वेग से होता है तो उसमें से अल्फाकण तीव्र वेग के साथ निकलते हैं। उन्होंने यह भी निरीक्षण किया कि प्रति प्रोटान द्वारा २ अल्फाकण निकलते हैं। परिवर्तन बहुत ही सरल तरीके से होता है। इसकी क्रिया चित्र ४ में दिखाई गई है। प्रोटान हाइड्रोजन परमाणु केन्द्र ${}_1H^1$ होता है और लीथियम ${}_1L_i{}^7$ के न्यूक्लियस में ३ प्रोटान और चार न्यूट्रान होते हैं। परिवर्तन निम्न रूप से होता है:—

p → Li⁷ → α, α

चित्र ४

$$3Li^7 + {}_1H^1 = 2He^4 + 2He^4$$

समीकरण में मूर्धांकों (superscripts) का जोड़ ७+१=४+४ होता है और पादांकों (subscripts) का जोड़ ३+१=२+२ पाया जाता है। ऐसा मालूम पड़ता

है कि पहले लीथियम न्यूक्लियस एक प्रोटान ग्रहण करता है और क्षण भर के लिए उनमें ४ प्रोटान और ४ न्यूट्रान हो जाते हैं। न्यूक्लियस भार ८ हो जाता है और आवेश का मान ४ हो जाता है। यह बहुत ही अस्थायी न्यूक्लियस होता है जिसके कारण वह तुरन्त टूटकर दो हीलियम न्यूक्लियसों में विभाजित हो जाता है। दोनों खण्ड बड़े वेग से विलग होते हैं जिससे मालूम होता है कि विभाजन के समय काफी ऊर्जा निकलती है। विकीर्ण ऊर्जा का मान दो रीतियों से निकाला जा सकता है।

एक रीति के अनुसार आघाती प्रोटान की ऊर्जा मालूम कर देखा जाता है कि टकराने पर नवनिर्मित २ अल्फाकणों में क्या ऊर्जा है। प्रोटान तथा कणों की ऊर्जा का पता उनके वेग तथा उनके भार के मान से सरल नियमों द्वारा लगाया जा सकता है। प्रोटान तथा अल्फाकणों के वेग के अन्तर से ज्ञात होता है कि दो अल्फा कणों के निर्माण काल में महान् ऊर्जा निकलती है। प्रति आघात से २ अल्फाकण २७०२ × १०$^{-६}$ अर्ग ऊर्जा के साथ प्रति लीथियम परमाणु से निकलते हैं और उनमें २७.२ × १०$^{-६}$ अर्ग ऊर्जा पाई जाती है।

दूसरी रीति के अनुसार संवीत-गुणक के अन्तर से द्रव्य मात्रा की क्षति का पता लगाया जाता है। लीथियम केन्द्र का भार ७.०१६५ होता है और प्रोटान का भार १.००७८ होता है। दोनों का भार ८.०२४१ होता है। एक अल्फाकण का भार ४·००२८ और दो का ८.००५६ होता है; अर्थात् लीथियम तथा हाइड्रोजन के संयोजन से २ हीलियम न्यूक्लियस की रचना होती है और भार में कमी ०.०१८५ इकाई पाई जाती है। प्रो० आइंस्टाइन के सूत्र द्वारा २७.६३ × १०$^{-६}$ अर्ग ऊर्जा का उद्भवन प्रत्येक लीथियम परमाणु से होता है।

दोनों रीतियों से कलन करने पर विकसित ऊर्जा का मान एक ही पाया जाता है। वास्तव में, यही आइन्स्टाइन के सूत्र को प्रमाणित करता है।

इस लीथियम-प्रोटान की प्रक्रिया में एक बात और ध्यान में रखने योग्य है। लीथियम-प्रोटान के संयोग से दो बराबर भार के हीलियम न्यूक्लियस बनते हैं। जन्तु विज्ञान में भी ऐसी ही स्वतः क्रिया होती है। जिसमें एक सेल (cell) विभाजित होकर दो सेल बनते हैं। इस क्रिया को विखण्डन (fission) कहते हैं। इसी भाँति एक केन्द्र से दो केन्द्रों की रचना को केन्द्र विखण्डन (nuclear fission) कहते हैं। इस शब्द का प्रयोग पहले नहीं किया जाता था। इसका उपयोग सन् १९३९ ई० से होने लगा जब यूरेनियम के न्यूक्रियस को दो भागों में विभाजित किया जा सका।

बड़े महत्त्व की बात तो यह है कि प्रोटान के आघात से जब लीथियम न्यूक्लियस का विखण्डन दो हीलियम न्यूक्लियस में होता है तो एक बड़ी मात्रा में ऊर्जा का उद्गार होता है। यह प्रक्रिया मनुष्य ने खोज निकाली है और यह कहना असंगत नहीं कि परमाणु ऊर्जा का उपयोग मनुष्य इच्छानुसार निकाल सकता है किन्तु इसकी प्रक्रिया अबतक उतनी फलप्रद नहीं सिद्ध हुई।

यह विचारने की बात है कि परमाणु की अपेक्षा केन्द्र कितना छोटा होता है। केन्द्र का व्यास परमाणु के व्यास का $\frac{१}{१००००}$ होता है। प्रस्थच्छेद में अनुपात $\frac{१}{१०००००००००}$ होगा क्योंकि प्रस्थच्छेद व्यास के वर्ग का समानुपाती होता है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि लीथियम के एक ही परमाणु पर एक प्रोटान के आघात का १०,०००००० में एक बार की सम्भावना पाई जाती है। आगे चलकर हम देखेंगें कि यूरेनियम न्यूक्लियस पर न्यूट्रान के आघात से किस प्रकार न्यूक्लियस विखंडित होता है ऊर्जा के साथ नये न्यूट्रान निकलते हैं और इसी प्रक्रिया की श्रृंखला से अपार ऊर्जा विकीर्ण होती है।

———

# KASHI HINDU VISHWAVIDYALAYA : THE MEMORIAL OF THE MAHAMANA

KRIPA NARAIN MISRA

*Deptt. of English*

There can be no monument more mighty and magnificent, living and lively, lasting and lustrous, vivid and variegated, to the fame of the immortal Mahamana in the eyes of posterity, than the Kashi Hindu Vishwavidyalaya, the national temple of inter-national learning, standing on the bank of the holy Ganges in the *Upanishadic* city of varanasi regarded for millennia as the *Sanctum Sanctorum* of the Hindus—the famous seat of learning and culture ,and the favourite Anand Kānana of lord Shiva bestowing shelter and salvation upon one and all.

The Kashi Hindu Vishwavidyalaya with its temples and towers, laboratiories and libraries, halls and hostels, teachers and the taught, stands as a living embodiment of the golden dreams of the Mahamana, his lifelong tyāga and tapasyā, his aspirations and ambitions. It was his ambitious plan to found such a University as might combine, conserve and communicate the spirit and culture of the Nalandā and the Taxilā together with the Scientific and technological climate of the Cambridge and the Oxford. He wished to see a harmonious and healthy blending of the best in the East with the best in the West. His was the noble ambition for erecting such a vishwavidyalaya as might bridge the yawning chasms between the old and the new, the ideal and the real by adapting and adjusting the eastern philosophy and religion to the western science and technology, reconciling the vital points of the European civilization with the fundamentals of the Hindu view of life.

The Mahamana was the outcome of the age that saw Indian Society gradually rising from the slumber of slavery, emerging through the slough of social backwardness and political domination. By the nineties of the 18th century, Indian

society seemed to be spiritually dead. On account of constant political slavery, suppressions and persecutions, the Hindu society was utterly disorganised and entirely disintegrated[1]. This ancient land of spirutual illumination seemed to have lost its lustre and life. The Indian society had forgotten and was forgetting, day by day, the glorious heritage of its ancient culture, 'the living words that had issued from the illuminated consciousness of her great ones[2]. There was a mania for English manners and customs. All that was English or European was taken to be good and grand, and even the best and the most vital in our culture, life and literature was branded as orthodox, primitive, dogmatic and out-dated. The educational institutious were creating young men and women who lived in India and loved England, who were the blind imitators of the British ways of life, and the cruel critics of the values of their own life and literature. This was really the most deplorable stage of cultural history when our own men and women were being recruited as fanatic critics of our own values and standard. It was in such a critical period of our cultural history that the Mahamana Malaviyaji was born.

It is an admitted fact that history creates its makers and in turn is created by them. This land of Rāma and Krishna, Vyās and Vālmīki, of Ashoka and Buddha, has always created superior men and women in various walks of life—men and women who have guided the destiny of our own people at home and like Buddha and Vivekānanda, have played the role of spiritual torch-bearers for the benefit of the humanity at large. This fertility of our motherland has never exhausted. The latter half of the nineteenth century brought a glorious galaxy of such intellectual and spiritual giants on the socio-political scene of our country as Maharshi Dayānand, Sri Rāma Krishna Paramahamsa, Swami Vivekānanda, Sri Gokhale, Sri Bālgangādhar Tilak, Rabindra Nath Tagore, Mahatma Gāndhi, Dr. Rajendra Prasad and Pt. Jawaharlal Nehru to name only a

[1] The first Prospectus of the University, of 1904.

[2] Rabindra Nath Tagore, quoted by Pt. Nehru in the Epilogue to (*The*) (*Discovery of India*).

few of those innumerable men and women who heralded and championed the cause of social progress and political liberation. Mahamana Pt. Madan Mohan Malaviya was a very prominent figure of this team of the harbingers of freedom and the builders of new India.

The Mahamana was nourished and nurtured in Samskrit lore and learning, and, by his dress and address, was fully capable of giving a new orientation ,a new social and cultural consciousness to the youngmen and women of the new India that was going to come after the dawn of freedom. The Kashi Hindu Vishwavidyalaya was founded with the definite objective of bringing a cultural and social renaissance in our country ; bringing a new sense of pride and patriotism ; a sense of the recognition of our own values of life, our own standards of human life duly adjusted to the needs of the Nuclear Age. This temple of Saraswati was named the *Banaras Hindu University* not because it was going to be an institution of the Hindus, by the Hindus, and for the Hindus but because it was starting with the definite objective of blending and reconciling the values of different castes and creeds, languages and literatures, shastras and sciences in order to pave the ways for the success and fulfilment of the long-cherished ideals of वसुधैव कुटुम्बकम्—the ideals of mutual understanding, co-existence and international co-operation. There was nothing narrow and sectarian about it. To think so is to do injustice to the ideals of the Mahamana who fathered this institution to foster and forward the ideals of democracy and internationalism. It was the Mahamana himself who declared that the object of this Vishwavidyalaya was :—

(1) to promote the studies of the Hindu Shastras and of Sanskrit literature generally as a means of preserving and popularizing, for the benefit of the Hindus in particular and of the world at large in general, the best thought and culture of the Hindus, and all that was good and great in the ancient civilization of India.

(2) to promote learning and research generally in Arts and Sciences in all branches.

(3) to advance and diffuse such scientific, technical and professional knowledge combined with the necessary practical training as is best calculated to help in promoting indigenous industries and in developing the material resources of the country ; and

(4) to promote the building up of character in youth by relegion and ethics as an integral part of education.

The above-mentioned objectives of the University make it quite clear that the foundation of this Vishwavidyalaya was an historic event in the cultural and educational history of our country. This eminent edifice of education was erected and established with the intention of manufacturing men and women of dynamic personalities capable of preserving and propagating those habits of thought and conduct which alone could be the lasting foundation of a true democracy, creating the men and women of truth and integrity, physical discipline and mental enlightenment. The Mahamana used to recite the following verses which have now been printed on the identity-cards of the students of this university :

न त्वहं कामय राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम् ।
कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम् ॥

× × ×

सत्येन ब्रह्मचयण व्यायामेनाथ विद्यया ।
देशभक्त्यात्मत्यागेन सम्मानार्हः सदा भव ॥

The entire academic atmosphere of the Banaras Hindu Universiry is permeated by this Malaviya spirit—the spirit of tolerance and mutual understnading, of catholicity and broad-mindedness. It has been said that the morality inculcated by the sages and seers of India comprehends all the virutes which are necessary for the happy existence and harmonious co-operation of the mankind at large. It has been the glorious tradition of this University that the students and teachers belonging to different castes and colours, customs and creeds have always lived and are living even to-day like the members

of a family with the spirit of tolerance and accommodation, viewing things as others view them, overcoming differences by understanding and reason. The spirit of the Mahamana pervades the entire campus of the University. During the last fifty years, the University has progressed by leaps and bounds, and has been recognised as an institution of international repute. The contributions of its teachers and the taught to the cause of political freedom will always be remembrered with glory and gratitude. Its founder himself was one of the fathers of Indian Nationalism. Ever since the dawn of Independence, the university has been manufacturing men and women to man the various professions of the government and the public.

Thus, the Kashi Hindu Vishwavidyalaya stands as the mighty monument to the revered memory of the Mahamana fostering and forwarding the noble ideals of nationlism and mutual understanding in the interests of our democratic repu-blic. It is an institution which fulfils and concretizes the noble dreams of a seer who intended to erect an educational edifice where people of different castes and cultures might live in harmony and happiness without the slightest trace of bigotry, fanaticism and intolerance. It is the living symbol of our national ideals of secularism and democratic socialism.

---

# काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

## (ऐतिहासिक संस्मरणात्मक लेख)

हीरावल्लभ शास्त्री

संस्कृत महाविद्यालय

सरस्वती का मूर्तस्वरूप काशी हिन्दू विश्वविद्यालय इस वर्ष अपने ५० वर्ष की पूर्त्ति में विक्रम संवत् २०२२, माघ शुक्ल वन्सत पञ्चमी के (२६।१।६५) दो दिन पूर्व ही शत-चण्डी, वेद, पुराण, रामायणादि पारायणादि धार्मिक कृत्यों से आरम्भ कर माघपूर्णिमा (ता० ५।२।६६) तक के पुण्य तिथियों में अपनी स्वर्ण जयन्ती बड़े हर्षोल्लास व महासमारोह के साथ मना रहा है। विद्यातीर्थ महेश्वर की ज्ञानभूमि के अन्दर पुण्य सलिला उत्तर वाहिनी जगद्वन्द्या भगवती भागीरथी के पश्चिम तट पर विराजमान विविध विद्या की विशाल नगरी-रूप इस विश्वविद्यालय के साथ हमारा अध्ययनाध्यापनादि सम्बन्ध ४५ वर्ष से भी अधिक समय से चला आ रहा है। इतनी लम्बी अवधि के बीच हमें जो उपलब्धियाँ प्राप्त हुईं उनका ऐतिहासिक स्मरण सबकी जानकारी के लिए यहाँ प्रदर्शित किया जाता है। इस विश्व-विद्यालय के ऐतिहासिक जीवन के परिशीलन से यह कहने में बड़ा गर्व होता है कि 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' एक सर्वोच्च राष्ट्रीय विश्वविद्यालय है।

हमारे सामने इस विश्वविद्यालय ने अपनी शैशवावस्था से लेकर आज पचासवें स्वर्ण वर्ष की पूर्त्ति के अवधि तक अनेकों चढ़ाव उतार की परिस्थितियों को पार किया। एक समय था जब इसका सम्पूर्ण वार्षिक वजट ६ लाख रुपयों तक ही सीमित था। उस पर भी ज्यादा से ज्यादा ३ लाख का वार्षिक अनुदान प्राप्त करना तत्कालीन भारत के भाग्य विधाता गौराङ्ग महाप्रभुओं की कृपा पर निर्भर था। इस थोड़ी सी निश्चित आय से हाथी के मुँह में जीरा के समान इस विशालकाय विश्वविद्यालय की शेष आवश्यकताओं की पूर्त्ति इसके जनक, भारत जननी के सपूत, महामना मालवीय जी की अथक भिक्षावृत्ति से होती थी। सन् ३० के पहले एक बार महामना जी ने ग्रीष्मावकाश के मई, जून दो मास के अन्दर बम्बई में ८ लाख से भी अधिक चन्दा इकट्ठा किया था। केवल दुर्बल आर्थिक स्थिति के कारण ही इस विश्वविद्यालय का जीवन अनेक बार संकट ग्रस्त नहीं हुआ, बल्कि अनेक बार तो उससे भी अस्थिर जीवन दशा राजनीतिक हलचलों से आई।

सन् २१ में महात्मागान्धी जी की अभूतपूर्व असहयोगात्मक राजनीतिक आन्धी ने तो हिमालय सदृश अडिग दिमाग वालों के दिल को भी डवाँडोल कर दिया था। एक साल के ही भीतर असहयोगात्मक (नान-कौपरेशन) नीति के प्रयोग से स्वराज्य लेने की उसकी घोषणा थी। उसकी आवाज थी कि "वकील वकालत छोड़े। विद्यार्थी स्कूल-कालेज छोड़े, सारा देश विदेशी वस्त्र का बहिष्कार करे आदि, पञ्चबहिष्कार रूपी अमोघास्त्र से एक साल में ही स्वराज्य मिल जाएगा।" चूँकि यह विश्वविद्यालय अपने जन्म से ही राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत रहा। इसके सस्थापक महामना मालवीय जी भी स्वयं ही दधीचि

की भाँति देश की आजादी के लिए अस्थि प्रदान को भी तुच्छ उत्सर्ग समझते थे। सदा से यहाँ के प्रत्येक अधिकारी, अध्यापक तथा छात्र वर्ग की रक्तवाहिनी धमनियों में देशभक्ति का प्रवाह चलता आया है। यहाँ के तात्कालिक अध्यापकों में डा० शान्तिस्वरूप भटनागर, डा० गणेशी प्रसाद, प्रोफेसर शेषाद्री, प्रो० तैलंग, श्यामाचरण डे आदि जैसे धुरन्धर विद्वानों ने अन्यत्र जाकर धनार्जन का लोभ छोड़कर राष्ट्र की सेवा भावना से प्रेरित होकर स्वल्प वेतन पर ही यहाँ कार्य किया। उनमें भी महामना जी के त्याग का अनुकरण कर डे साहब ने तो एक घेला भी वेतन न लेकर बल्कि गाढ़ी कमाई का सहस्त्रों रुपया विश्वविद्यालय को प्रदान कर यावज्जीवन इसकी सेवा द्वारा राष्ट्र-सेवा का उदात्त उदाहरण प्रस्तुत किया। यहाँ के प्रत्येक छात्र के रहन-सहन को देखकर तबीयत खिल उठती थी। अन्य युनिवर्सिटियों की तरह यहाँ कोई तड़क-भड़क नहीं, नशा, मांस, मछली आदि की कहीं गन्ध तक नहीं, पान की कहीं भी कोई दूकान नहीं। इसप्रकार पवित्र वातावरण, प्राचीन कुलपतियों की तपोभूमि व आश्रमों का स्मरण दिलाकर इस विश्वविद्यालय ने अपने प्रारम्भिक जीवन से ही यह सिद्ध कर दिया कि यह जन्मजात राष्ट्रीय है। इन सब विशेषताओं के कारण ही सारे राष्ट्र को इसने अपनी ओर आकृष्ट कर रखा था। उस समय (असहयोग आन्दोलन के समय) यह राष्ट्रीय हिंदू विश्वविद्यालय देश के महान् राजनीतिक नेताओं का मञ्च बन गया था। तब इसका अध्यापनादि कार्य कमच्छा पर ही होता था। केवल इन्जीनियरिंग की पढ़ाई वर्तमान भूमि में होती थी। कमच्छा स्थित किंग एडवर्ड होस्टल के सामने के मैदान में, जहाँ पर इस समय टीचर्स ट्रेनिंग कालेज है, रात दिन नेताओं की सभा और भाषणों का ताँता लगा रहता था। कभी पं० मोतीलाल नेहरू आ रहे हैं तो कभी उनके सुपुत्र जवाहर लाल नेहरू, कभी सी० आर० दास का भाषण है तो कभी सत्यवती देवी आदि महिला नेत्रियों का। सभी नेताओं का यही आह्वान रहता कि भारत माता की परतन्त्रता की वेड़ी छुड़ाने के लिए स्कूल कालेज छोड़कर आजादी के जंग में कूद जाओ। छात्र और अध्यापकों के आगे "असहयोग" नीति एकदम नयी वस्तु थी। वे किंकर्तव्यविमूढ़ होकर समझ ही नहीं पा रहे थे कि क्या करना चाहिए? सभी का चित्त दोलायमान था। अध्ययन अध्यापनादि सभी कार्य बन्द हो गए।

राष्ट्रीय आन्दोलन के कारण विश्वविद्यालय का भी जीवन सन्दिग्ध हो गया। हिन्दू विश्वविद्यालय छोड़ने वाले छात्रों की पढ़ाई के लिए महात्मा गान्धी द्वारा भदैनी में, जहाँ पर इस समय महिला अस्पताल बना है विद्यापीठ नामक शिक्षा संस्था की नींव डाली गई। उस समय इस विश्वविद्यालय की स्थिति अत्यन्त संकटापन्न हो गई थी। किन्तु शिक्षा जगत् के परम सूक्ष्मदर्शी आचार्य, महामना मालवीय जी की राष्ट्र हितकारी दृढ़ नीति ने ही इसे पुनरुज्जीवित और परिवर्धित किया। अपनी रक्षा के साथ ही इस हिन्दू विश्वविद्यालय ने गान्धी जी के आह्वान पर देश की आजादी के लिए श्री कृपलानी, गाङ्गेयनरोत्त शास्त्री आदि अध्यापकों, धर्मवीरत्यागी, हरप्रसाद, लक्ष्मीनारायण आदि अनेकों छात्रों को समर्पित भी किया। अर्थात् यहाँ के बहुत से छात्र और अध्यापक असहयोग आन्दोलन में सामिल हो गए। उस आन्दोलन के समय जब कि यहाँ का अध्यापक और छात्रमण्डल अत्यन्त बौद्धिक अस्थिता में पड़ा था, तब महामना जी ने कमच्छा के काशी नरेश हाल (रणवीर पाठशाला के नीचे का कक्ष) में लगा-

तार ५ घंटे के अपने ऐतिहासिक भाषण से छात्र और अध्यापक वर्ग के मन में यह बात बैठा दी कि देश की स्वतन्त्रता प्राप्ति और उसकी रक्षा के लिए भारत जैसे अशिक्षित देश का शिक्षा का वहिष्कार करना अत्यन्त अव्यवहार्य है। उस दूरदर्शी देश भक्त की उक्त वाणी अक्षरशः सत्य साबित हुई। महात्मा गान्धी ने बाद में यह स्वीकार किया कि 'शिक्षा का बहिष्कार' यह मेरी भूल हिमालय के समान बड़ी थी। महामना जी ने अपने उस भाषण में स्पष्ट कहा कि 'जो लोग देश की आजादी के लिए शिक्षा का कितना महत्व है। यह नहीं समझते वे स्कूल कालेज छोड़ सकते हैं।' महामना जी की दृष्टि में देश से बढ़कर विश्व-विद्यालय नहीं था, बल्कि यह विश्वविद्यालय देश के लिए जरूरी था। वे अपनी अन्तर्दृष्टि से यह पहले ही देख चुके थे कि भविष्य में स्वतन्त्र होने वाले देश के विकाश के लिए आधु-निक विज्ञान की शिक्षा की नितान्त आवश्यकता है। यही बात है कि युनिर्वासिटी के भवन निर्माण में सर्वप्रथम इन्जीनियरिंग कालेज का ही निर्माण हुआ। बिरला होस्टल में सबसे पहले इन्जीनियरिंग के ही छात्र रहते थे। तब ब्रोचा होस्टल बना भी नहीं था। शिक्षा के विषय में महामना जी की उस दीर्घदर्शिता का ही परिणाम है कि स्वतन्त्र भारत के कल कारखाने, उद्योगधन्धों, फैक्टरियों आदि सभी स्थानों में यहाँ के स्नातक इन्जीनियर आदि उच्चपदों पर प्रतिष्ठित होकर देश की सर्वोपरि सेवा कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय को सन् ३० और ३१ के बीच पुनः घोर विपत्ति का सामना करना पड़ा। कारण यह है कि इसका जीवन देश से प्राप्त मधुकरी, राजा-महाराजाओं का नियतचन्दा और ब्रिटिश सरकार से प्राप्त अनुदान पर निर्भर था। सन् ३० में सत्याग्रह आन्दोलन की अग्नि धधक रही थी। ब्रिटिश सरकार उसके तीव्र ताप से सन्तप्त थी।

देश के चुने नेता एक के बाद एक जेल चले गए थे। महामना जी भी कब पीछे रहने वाले थे, वे भी बम्बई में सविनय अवज्ञा या सत्याग्रह करने के कारण जेल चले गए। उन्हें १५, २० दिन तक जेल में रखकर छोड़ दिया गया। कांग्रेस कार्य व आन्दोलन सञ्चालन का भार उन्हीं के ऊपर था, और सभी नेता जेल में थे। सन् ३० के २६ अगस्त को दिल्ली में सत्याग्रह करने के कारण महामना जी पुनः जेल चले गए। ब्रिटिश सरकार आग बबूला हो उठी, उसे यह खटकने लगा कि ऐसी यूनिवर्सिटी को सहायता क्यों दी जाय जिसका वाइस-चान्सलर जैसा सर्वोच्च अधिकारी राजनीति का प्रधान नेता होकर सरकारी आज्ञाओं की अवज्ञाकर जेल जाता हो। इस विचार पर सरकार ने बहुत दिनों तक ग्रांट रोक दी।

उस समय के प्रो-वाइस चान्सलर आनन्दशङ्कर बापूभाई ध्रुव भी सरकार की नीति से दहल गए। युनिर्वसिटी के कुछ हितैषी सज्जनों ने यह भी विचार प्रकट किया कि मालवीय जी महाराज जेल में रहकर भी वाइस-चान्सलर की हैसियत से विश्वविद्यालय का कार्य कर रहे हैं, सरकार ग्रांट देने में टाल-मटोल कर रही है, इस तरह विश्वविद्यालय का चलना कठिन हो जाएगा, अतः मालवीय जी पदत्याग कर दें तो ठीक होगा। किन्तु महामना जी ब्रिटिश सरकार के दबाव और डर से दबने वाले व्यक्ति नहीं थे। वे समुद्र के समान गम्भीर धीर पुरुष थे। उन्होंने निःसंकोच और निर्भयता के साथ स्पष्ट ही

यह व्यक्त किया कि 'हम विश्वविद्यालय चला लेंगे देश के गौरव को गवाएँगे नहीं।" महामना जी के इस अडिगधैर्य और प्रभाव के आगे भारत सरकार को अपनी नीति बदलनी पड़ी।

इसके बाद इस विद्यालय को सन् ४२ में घोर संकट का सामना करना पड़ा, उस समय इसका अस्तित्व व जीवन समाप्त सा हो गया था। अपने आँखों देखी उस घटना को स्मरण कर आज भी इस विश्वविद्यालय की वह दुःखद दशा, किन्तु देश सेवा की दृष्टि से गर्व की दशा सजीव होकर सामने नांचती हुई दिखाई दे रही है।

सन् ४२ की ६ अगस्त को कांग्रेस की कार्यकारिणी ने वम्बई में स्वतन्त्रता प्राप्ति का क्रान्तिकारी प्रस्ताव पास किया। उस प्रस्ताव के अन्दर देशभर के रेल, तार आदि यातायात के साधनों को ठप कर देना, अदालत आदि सभी सरकारी भवनों में राष्ट्रीयध्वज फहराना इत्यादि क्रान्तिकारी योजना निहित थी। चर्चिल सरकार को गुप्तचरों द्वारा यह सब भेद मालूम हो गया। उसने देश के प्राणप्रिय महात्मा गांधी आदि सभी मूर्धन्य नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। रेडियो द्वारा यह समाचार भी प्रसारित कर दिया गया कि "कांग्रेस की योजना व्रिटिश सरकार का तख्ता उलट देने की थी, उसमें रेल, तार सभी सरकारी साधनों को ध्वस्त करने का प्रस्ताव है, इस कारण कांग्रेस के वर्किंग कमेटी के सभी नेताओं को पकड़कर जेल भेज दिया गया है"। यह गुप्त योजना पहले देशवासियों को मालूम नहीं थी, ब्रिटेन की रेडियो की कृपा से विद्युत् गति की भाँति इसकी खबर सारे देश में क्या फैल गई, मानो राष्ट्रीय आन्दोलन की आग में घी की आहुति पड़ गई।

भारतीय जनता ने देश के प्रति अपना कर्तव्य निश्चित कर लिया। इधर उस समय के कुलपति सर राधाकृष्णन् ने ७ अगस्त को आर्टस् कालेज में देशभक्तिपूर्ण अपने ओजस्वी भाषण में छात्रों को बताया कि महात्मा गांधी गिरफ्तार हो गए हैं। ऐसी स्थिति में यह राष्ट्रीय हिन्दू विश्वविद्यालय आजादी की धधकती हुई आग में आहुत होने के लिए किसी से कब पीछे रहने वाला था ? विश्वविद्यालय के बच्चे-बच्चे की भुजाएँ फड़क उठीं।

डा० कुशलानन्द गैरोला और शर्मा ऐसे अध्यापकों का कुशल नेतृत्व पाकर देश की दासता छुड़ाने के लिए यहाँ का प्रत्येक छात्र विह्वल हो उठा। छात्रों की गान्धी चबूतरे पर विशाल सभाएँ होने लगीं। कर्त्तव्य निर्धारण कर लिया गया। बिरला छात्रावास के ई ब्लाक के एक कमरे में कार्यालय कायम हो गया। कांग्रेस की क्रांतिकारी योजना को चरितार्थ करने के लिए छात्रों के जत्थे पर जत्थे बाहर जाने लगे। शारीरिक शिथिलतावश महामना जी शय्याश्रयण लिए हुए थे। स्वतन्त्रता के कान्तिकारी आन्दोलन में सक्रिय भाग लेने के लिए छटपटा रहे थे, किन्तु रुग्णदशा से लाचार थे। देश के कल्याण के लिए छात्रों को उनका आशीर्वाद प्राप्त था। सन् ४२ के ७ अगस्त को वाइस चान्सलर सर राधाकृष्णन् के भाषण के बाद जब छात्र महामना जी के पास पहुँचे और उनसे कहने लगे कि बाबू जी ! स्वतन्त्रता की बलिवेदी पर बलिदान की आज्ञा दीजिए। तो उत्तर में महामना जी ने कहा "जाओ माँ के दूध को स्मरण करते हुए, धैर्य, उत्साह से काम लेना, माँ की बेड़ियों की याद करके जो भी करोगे भविष्य में अनुपयुक्त मालूम नहीं पड़ेगा।" बस अब क्या था ? तपस्वी, मनस्वी, महामना का अमोघ आशीर्वाद पाकर छात्र स्वतन्त्रता, की वलिवेदी पर प्राणोत्सर्ग के लिए तत्पर हो गए। डाक्टर कुशलानन्द की

व्यवस्था से सर हथेली पर रख कर यहाँ के छात्रों का जत्थे पर जत्था रातों रात चारों ओर जाने लगा। जत्थे में सामिल छात्रों को यह मालूम नहीं होता था कि कहाँ जाना है, क्या करना है। केवल जत्थे का नायक ही जानता था कि कहाँ जाना है और क्या करना है। योजना की सब व्यवस्था रात में होती थी, दिन में सभा और नोटिस् चिपकाने आदि के कार्य होते थे। किसी भी कालेज के छात्र आन्दोलन में भाग लेने में पिछड़े नहीं थे।

मूसलाधार पानी पड़ने पर भी छात्रों की सभा जम कर होती थी। यहाँ के छात्र आसपास के सभी जिलों में आन्दोलन चलाने फैल गए थे। इस तरह यहाँ के छात्रों ने सन् ४२ में क्रान्तिकारी आन्दोलन में भाग लेकर देश की कीर्ति को उज्ज्वल किया। तभी तो सन् ४५ में जेल से छूटने पर जवाहरलाल नेहरू ने यहाँ के छात्रों के बीच एक भाषण में कहा कि मैं यहाँ तुम्हें मुवारक बाद देने आया हूँ। शाबासी देने आया हूँ।

Moreover, if conjunction of knowledge and works be intended for all, it must have been intended for Arjuna also. In that case how might Arjuna ask about only one of the two, 'Tell me conclusively that which is the better of the two ?

---

[1] etameva pravrājino lokam icchantaḥ pravrajanti...... kim prajayā kariṣyāmaḥ, yeṣāṁ no'yamātmāyaṁ loka iti. IV. 4. 22.

[2] IV. 4. 17.

[3] tad etad vibhāgavacanam anupapannaṁ syād yadi śrauta karmajñānayoḥ sammuccayaḥ abhipretaḥ syād bhagavataḥ. SBG. II. 11.

[4] jñānayogena sāṁkhyānāṁ karmayogena yogīnāṁ. Bhagavadgītā. III. 3.

[5] nā, pi smārtena karmaṇā buddheḥ sammuccaye abhiprete vibhāgavacanādi sarvam upapannam. SBG. II. 11.

[6] Ibid.

(V.1). If the Lord has intended to preach a conjunction of knowledge and action, as the Vṛttikāra holds, the reply should have been: 'I meant a conjunction of knowledge and action; why are you thus mistaken'? On the contrary, the Lord says 'A twofold path was taught by Me'. (III.3). Śaṅkara says: if the conjunction of knowledge and action is regarded as constituting together a single means then the drawing of a distinction between knowledge and action by Arjuna, and his declaring knowledge to be superior to action, will be groundless[1]. Śaṅkara further says: 'if knowledge had been intended by the Lord to be at least an accessory to devotion to action, why then Arjuna wish to know about only one of them[2]. If knowledge and action are held together to form one means to liberation, they cannot at the same time be supposed to become distinct as producing distinct effects. If it was said by the Lord that both knowledge and action should be conjoined, then Arjuna's question (in III.1) cannot be explained. If, on the other hand, it has been taught by the Lord that knowledge and action are intended for two distinct classes of men, on the ground that a simultaneous devotion (on the part of one man) to knowledge and action was impossible owing to their mutual opposition, then the question becomes explicable[3]. Even if it was taught to Arjuna that both knowledge and action should be conjoined in him, knowledge which is superior to action, must certainly have been meant for him. Supposing that the question was asked due to ignorance, the Lord's answer that devotion to knowledge and devotion to action are assigned to two distinct classes of men, cannot be explained. Hence from this very answer of the Lord follows the impossibility of a conjunction of knowledge and action[4].

The Vṛttikāra interprets the question of Arjuna (in III.1) differently. The Vṛttikāra, as quoted by Śaṅkara, asserts in

[1] SBG. III. 1.

[2] yadi hi karmaniṣṭhāyām guṇabhūtaṁ api jñāṇaṁ bhagavatā uktaṁ syāt tat kathaṁ tayoḥ ekaṁ vada iti ekaviṣayā eva arjunasya śuśruṣā syāt. SBG. III. 2.

[3] SBG. III. Introduction

[4] SBG. III. Introduction.

the introductory portion of his commentary that a conjunction of knowledge and action for men in all stages of life (*āśramas*) is intended in the *Gītā*. But in the Third Discourse, he makes out that devotion to only one of the two paths is taught. This means that even the works which are enojoined by the scriptures as obligatory throughout life have to be renounced. The Vṛttikāra here may say that conjunction of knowledge and action is meant for the house-holders and not for others. This again, Śaṅkaıa says, involves contradiction, because it was formerly asserted by the Vṛttikāra that conjunction of knowledge and action was intended for all stages of life. The Vṛttikāra may explain it thus, that in the case of a house-holder a conjunction of knowledge with *śrauta* as well a *smārtakarma* is necessary for salvation, whereas the *saṁnyāsī* can attain *mokṣa* by knowledge conjoined with the *smārtakarma*. Śaṅkara says: 'then too much exertion falls to the lot of the house-holder. On the other hand, if as a means of attaining liberation, the *smārtakarma* only should be conjoined with knowledge in the case of the *saṁnyāsins*, it follows that for the house-holders, too, knowledge should be conjoined with the *smārtakarma*, and not with the *Śrautakarma* also[1].

Śaṅkara says that a person incurs sin by omitting the *agnikārya*, if he has not entered the fourth stage of life, i.e. *saṁnyāsa*. It is certainly not possible to imagine that *saṁnyāsins* will incur sin by omitting the obligatory duties. Again, the generation of sin is a positive effect (*bhāva*) and the omission of the obligatory duties is mere negation (*abhāva*); hence it seems impossible to imagine the generation of existence out of non-existence[2]. Śaṅkara says that even if the Veda teaches that evil arises from the omission of prescribed duties, it is tantamount to saying that the Veda conduces to no good and is therefore no authority. Hence no action can be enjoined for

---

[1] kiñca yadi mokṣasādhanatvena smārtāni karmāni ūrdhvaretasāṁ samuccīyante tathā gṛhasthasyāpi iṣyatāṁ smārtaiḥ eva samuccayo na śrautaih. SBG. III. Intro.

[2] na tāvad nityānām karmaṇām abhāvād eva bhāvarūpasya pratyavāyasya utapattih kalpayitum śakyā. *Ibid.*

*samnyāsins* ; and hence also the absurdity of conjunction of knowledge and action[1].

Śaṅkara says that in the Upaniṣads, in the Itihāsas, in the Purāṇas and in the *Yoga*, renunciation of all actions is enjoined on the seeker of liberation as an accessory to knowledge. He quotes *śruti* and *smṛti* passages in his favour. For example ;

> 'The Brāhmanas, having known that Self, live the life of mendicants'[2].
>
> 'Wherefore, of these austerities, renunciation, they say, is excellent'[3]. 'Renunciation alone excels'[4]. 'Not by action, not by progeny, not by wealth but by renunciation, some attained immortality'[5].
>
> 'One may renounce the world when yet a student. Whether one has not completed the injunctions or completed the injunctions, whether he is a student or not, even if he has not completed the sacrificial rites, on whatever day he has the spirit of renunciation, that very day let him renounce (and become a recluse)'[6].

The following passages from the smṛti may also be quoted :

> 'Finding the saṁsāra worthless and wishing to get at the essence, the unmarried grow quite weary of life and renounce the world'[7].
>
> 'By action a person is bound, and by wisdom he is released. Therefore, the sages who see the goal, perform no action'[8].

---

[1] yadi vihitākaranad asambhāvyam api pratyavāyaṁ brūyād vedaḥ tadā anarthakaro vedaḥ aprāmaṇam iti uktam syāt. tasmād na saṁnyāsināṁ karmāṇiḥ ato jñānakarmaṇoḥ samuccayānupapattiḥ. *Ibid.*

[2] Bṛh. Up. III. 5.1

[3] Nārāyaṇa Up. II. 79.

[4] *Ibid.* II. 78.

[5] *Nārāyana Up.* II. 12.

[6] *Jābāla Up.* 4.

[7] saṁsārameva niḥsāraṁ dṛṣṭvā sāradidṛkṣayā
pravrajanti akṛtodvāhāḥ param vairāgyamāśritāḥ. *Bṛhaspati Smṛti.*

[8] karmaṇā badhyate jantuḥ vidyayā ca vimucyate,
tasmātkarma na kurvanti yatayaḥ pāradarśinah. *Mbh. Śāntiparvan* 241-7.

> Here, in the *Gītā*, also the Lord says: 'Renouncing all actions by thought, and self-controlled, the embodied one rests happily in the nine-gated city, neither at all acting nor causing to act'[1].

Being immutable (avikriya), the Self is neither the agent nor the object of the action. And he, who knows the Self as immutable, indestructible, eternal, etc., cannot associate himself with the act of slaying nor does he cause other to slay. The reason for the denial of slaying applies to all actions whatever alike in the case of the enlightened[2]. From this assertion of impossibility of action in the case of an enlightened man, the evident conclusion of the Lord, says Śaṅkara, is that those acts which are enjoined by the scriptures are intended for the unenlightened. With reference to an enlightened man all actions have been denied by the Lord (in II.21) in the words 'how does such a man slay ?' Therefore, Śaṅkara says that the enlightened man who has realized the immutable Self and the man who is eager for emancipation have only to renounce all works[3]. Such an enlightened man should take resort in *Jñānayoga* or Devotion to knowledge. So also, the Lord will teach renunciation of all actions in the words, 'Renouncing all actions by thought the self-controlled person rests in the nine-gated city, neither acting nor causing to act' (V.13). Therefore the *Gītā* teaches that he who has acquired the knowledge of the Self should resort to renunciation only, not to action.

Before the dawn of wisdom, nescience, presents itself in various forms—as action, means and results—is regarded as authoritative, and becomes the source of all action. With the attainment of wisdom, nescience disappears, it cannot induce action. Śaṅkara says that as the sun illuminates all objects, so wisdom illuminates the Supreme Reality after destroying the unwisdom by which the mortals are enveloped. Such an

---

1 *Bhagavadgītā* 7 V. 13.

2 SBG. II. 21.

3 avikriyātmadarśino viduṣo mumukṣoḥ ca sarvakarmasaṁnyāse eva adhikāraḥ. *Ibid.*

enlightened sage intuites the equality of *Brahman* in all creatures. He rests in *Brahman* only, and blemishes of bodies do not affect him, since he has no egotism and does not identify himself with the aggregate of the body. He holds that the energies as sense organs move aimd the energies as sense-objects, but not the Self. He neither acts himself, nor causes the body and the senses to act. The power of acting or of causing to act is not inherent in the Self, says Śaṅkara[1], for, the Lord has taught that 'the Self is unchangeable' (II.25) and 'though seated in the body, he acts not, nor is he tainted' (XVII.31). The *śruti* says, 'It thinks as it were and moves as it were'[2]. Action pertains to the physical body which is the mainfestation of *Prakṛti*—the Divine *Māyā* composed of the three guṇas; *Ātman* forms the agent or the enjoyer through *Avidyā*. The truth is this that the Self is actinless. He, who has the right knowledge that action does not belong to the Self remains actionless while sense-organs act upon sense-object, is released from evil. Śaṅkara says, when he realised the Self as immutable, etc., his duty consists not in the performance of action, but in the renunciation of all action[3]. For him who has realised the Supreme Truth the instrument of offering and other accessories connected with the actual sacrifice are nothing but *Brahman*, who is one with his own inner-self (*pratyagātman*). Wherefore, to one who realises that all is *Brahman*, there is no action.

By 'action' Śaṅkara means the performance of Vedic rituals[4]. And every sacrificial rite, such as *Agnihotra*, is associated with an idea of the accessories of action, such as a particular god or gods to whom the oblation should be offered, and with egoism on the part of the agent and his attachment for the result. No sacrificial rite, says Śaṅkara, is ever found unasssociated with the idea of the accessories of action and

---

[1] na asti ātmanaḥ svataḥ kartṛrvaṁ kārayitṛtvam ca. SBG. V. 13.

[2] Bṛh. Up. IV. 3. 7.

[3] SBG. II. 69.

[4] SBG. V. 6 ; III. 4.

result, unaccompanied with the egoism and the longing for the result[1]. On the other hand, a man who has realised the Self and whose illusory knowledge has been replaced by right knowledge, he should renounce all actions, ever dwelling in the true actionless Self. The man who has realised the Self, has no longer any object to gain, since he has achieved all. For, wisdom, which is the means of liberation, comprehends all actions[2]. In ch. III.7 it is said that he has no more duties to perform[3]. In such passages as ch. III.4 and V.6 *Karmayoga* is enjoined as an accessory to the acquisition of knowledge of the Self, while in ch. VI.3, it is said that the man who has obtained right knowledge has no longer anything to do with *Karmayoga*. Therefore it is right to say that, for him who has realised the Self, and who is free from illusory knowledge, *Karmayoga* which is based upon the illusory knowledge, is impossible[4].

Some scholars hold that the obligatory duties, performed without any interest, do not produce any effect and hence be called inaction; but neglect of those duties produces evil and hence be termed action-figuratively. In other words, performance of obligatory duties does not produce any effects but their omission leads to hell. Śaṅkara says that an action done, whether interested (*kāmya*) or obligatory (*nitya*) must produce its effects. He says, according to our scriptures, those who, after performing sacrifices (viz., *pañca mahāyajñas*) to the gods eat the remains of the food, are free from all sins committed at the five places of animal-slaughter (such as the fire-places, etc.), as well as from those sins which result from involuntary acts of injury and other causes[5]. The obligatory duty, as

---

[1] sarvaṁ eva agnihotrādikaṁ karma śabdasamarpitadevatāviśeṣasaṁpradānādikārakabuddhimatkartrabhimānaphalābhisandhimat ca dṛṣṭam. na upamṛditakriyākārakaphalabhedabuddhimat, kartṛtvābhimānaphalābhisandhirahitaṁ vā. SBG. IV. 24.

[2] SBG. IV. 33.

[3] ātmani eva ca saṁtuṣṭaḥ tasya kārya na vidyate.

[4] ātmido nivṛttamithyājñānasya viparyayajñānamūlaka karmayogo na saṁbhavati. SBG. V. Intro.

[5] SBG. III. 13.

taught by the Veda, must produce a result of its own, othersise the Veda would serve no purpose[1]. Even if we hold the former view, i.e., neglect of obligatory duties produce evil, Śaṅkara says that no evil can arise from the non-performance of the unselfish obligatory duties, for the *śruti*[2] as well as the *smṛti*[3] say that no existence can arise from non-existence.

Śaṅkara further says that the offering of action to the Lord must lead to still greater results, i.e., purity of mind; and by purifying mind, they cause knowledge to spring up and lead to the path of devotion to knowledge. It is said in the *Mahābhārata*.

'Knowledge springs in man on the destruction of sinful action, when the Self is seen in Self as in a clean mirror'[4].

Emancipation is not produced. It is eternal. It is independent of all actions. It is not a modification of the self, otherwise it would be non-eternal. It is the essential nature of the Self. It is only revealed by true knowledge; it cannot be produced either by action, or by both (knowledge and action); together[5]. Hence, Śaṅkara says that emancipation being no effect of an act, no action will be of any avail to a seeker for emancipation[6].

Some critics hold the view that there is no sure foundation for ethics in Advaitism of Śaṅkara, since *Ātman* transcends all relations and consequently demolishes the difference between one *jīva* and another. But this is not a sound charge, arising

---

1 nityasya ca karmaṇo vedapramāṇāvabuddhatvāt phalena bhavitavyaṁ iti avocāma anyathā vedasya ānarthakyaprasaṅgād iti. SBG. VI. Introduction.

2 katham asataḥ sat jāyeta. Ch. Up. VI. 2.2.

3 nāsato vidyate bhāvo. *Bhagavadgītā* II. 16.

4 jñānam utpadyate puṁsāṁ kṣayātpāpasya karmaṇaḥ. *Śāntiparvan* 204. 8.

5 na kebalebhyaḥ karmabhyo na ca jñānakarmabhyām samuccitābhyāṁ niḥśreyasaprāptiḥ. SBG. XVIII. 66.

6 mokṣasya ca akāryatvād mumukṣoḥ karmānarthakyam. SBG. III. Introduction.

due to a confusion of standpoints. It is true that he who has realised the unity of all beings, all differences including the difference between one *jīva* and another, vanishes. It only means that he has overcome the tension and conflict that moral life generally involves. His all actions are prompted by love and compassion and not by attachment (*rāga*), hatred (*dvesa*), infatuation (*moha*), etc. Doing good to others and promoting welfare to all beings are as effortless to him as breathing to us. Here, in the *Gītābhāsya*, Śaṅkara says that if thou art wise and knowest the truth, dost thou perform action for the protection of the masses[1]. His action is equivalent to inactiion, since all his actions are consumed in the fire of knowledge[2].

Śaṅkara has raised polemics against those who hold the view that performance of action is necessary to attain liberation. He says that actions are enjoined on the ignorant, not on the wise ; for, the man who has attained True Knowledge there need be no action. We have already seen nescience presents itself in the form of action, means and result and is regarded as authoritative, before the dawn of wisdom. In fact, all our experience of such things as action and agent is possible only in a state of *Avidyā*, only when we have not yet attained to the Real. Śaṅkara says that he, who has known the nature of action and inaction, is wise among men. He has achieved all ; he is released from evil. He knows that action pertains to the physical body, but man erroneously attributes action to the Self. But the obstacles in the path of True knowledge are overcome only by devotion to action. Śaṅkara says that by abstaining from action man cannot attain to actionlessness (*naiskarmya*). Certainly there is no attaining of an end except by proper means ; and, performance of action is a means of attaining freedom from activity[3]. In the *śruti karmayoga*

1 tattvavit ced lokasaṁgrahārtham. SBG. IV. 15.

2 jñānāgnidagdhakarmatvāt tadiyaṁ karma akarma eva sampadyate. SBG. IV. 20.

3 karmārambhasya eva naiṣkarmyopāyatvāt. SBG. III. 4.

is declared to be a means to *jñānayoga* in the following passages :

'The Brāhmanas seek to know this (i.e., the Self) by the study of the Vedas, by *yajña* or worship'[1].

Here, in the *Gītā*, also, the following passages point to the same view :

'But without *Yoga* renunciation is hard to attain'[2].

'Having abandoned attachment, *Yogins* perform action for the purification of the self'[3]. 'Sacrifice, gift and also austerity are the purifiers of the wise'[4].

Śaṅkara, thus, recognises the devotion to action as an indirect means to attain emancipation. He says, the seeker of liberation, who has perfected and regenerated himself by the rightful performance of action, detached to its fruits, will after a long practice find spiritual wisdom in himself[5]. Without proper performance of the duties therefore even fitness for higher knowledge is impossible[6].

Śaṅkara holds that the devotion to action leads to emancipation step by step : first the purification of mind, then knowledge, then renunciation of all actions, and lastly liberation. He says that the Religion of Works when practised in a spirit of complete devotion to the Lord without a longing for parctiular reward, it conduces to the purity of mind (*sattva śuddhi*). The man whose mind is pure is competent to tread the path of knowledge, and to him comes knowledge ; and thus the Religion of Works also forms a means to the Supreme Bliss[7]. When a man performs obligatory duties without any attachment

---

[1] tametaṁ vedānuvacanena brāhmaṇā vividiṣanti yajñena. Bṛh. Up. IV. 4. 22.

[2] saṁnyāsastu mahābāho duḥkhamāptumayogataḥ (V. 6)

[3] yoginaḥ karma kurvanti saṅgaṁ tyaktvātmaśuddhye. (V. 11)

[4] yajño dānaṁ tapaścaiva pāvanāni manīṣiṇām. (XVIII. 5)

[5] SBG. IV. 38.

[6] G. N. Jha : *Sankara Vedanta* (Allhabad University, 1939) p. 73.

[7] SBG. Introduction,

and without a longing for results, his inner sense (*anataḥ karaṇa*) becomes pure. He is permeated with *Sattva*. As he is permeated with *Sattva*, he becomes gifted with wisdom; and his doubts and delusion caused by *Avidyā* are cut asunder[1]. In this context the Lord says that the abandonment of an obligatory duty from ignorance is *Tāmasika*; from fear of bodily trouble is *Rājasika*; but whatever obligatory duty is done merely because it aught to be done, by abandoning attachment and also the fruit, that abandonment is deemed to be *Sāttvika*[2].

For an ordinary man, Śaṅkara suggests that he should continue to perform actions enjoined on him, according to his caste (*Varṇa*) and religious order (*Āśrama*), until he has attained the ability to enter upon the higher discipline of knowledge consisting of *śravaṇa*, *manana*, etc.[3]. Thus worshipping the Lord by performing his ordained duties without attachment he attains perfection which consists in the body and the senses being qualified for the devotion to knowledge after all their impurities have been washed away[4]. The attainment of this ability for knowledge is thus the result of the unattached performance of ordained duties, and this leads on to its inevitable result, i.e., the attainment of knowledge of the oneness of the Self with *Iśvara*; he traces all actions to the interactions of the energies (*guṇas*). And he, who knows the Self, is able to renounce action entirely, inasmuch as *Avidyā* has been expelled by *Vidyā*[5]. Śaṅkara says that just as a well-kindled fire reduces fuel to ashes, so does the fire of wisdom reduce all actions to ashes, i.e., it renders them impotent[6]. Such a devotee of wisdom should also restrain his speech, body and mind. With all the senses thus quieted, he should always and devoutly

[1] SBG. XVIII. 10; V. 7.

[2] *Bhagavadgīrā* XVIII. 7 to 9.

[3] SBG. II. 47.

[4] SBG. IV. 41; III. 190 XVIII. 44 to 45.

[5] vidvāna tu punaḥ vidyayā avidyāyāṁ nivṛttāyam śaknoti eva aśeṣataḥ karma parityaktuṁ. SBG. XVIII. 48.

[6] SBG. IV. 37.

practise *Dhyānayoga,* which is the proximate means to right knowledge. Commenting on ch. VI.40 to 45, Śaṅkara says that he who has failed in *Yoga* will not be subject to a lower birth than the present one. In the course of many births he acquires ability in *Yoga* gradually, and by the aggregate ability thus acquired in many births he is perfected. Then he obtains right knowledge and reaches the Supreme Goal.

Renunciation of actions and performance of actions, both lead to *mokṣa,* as giving rise to True Knowledge. Again, though both lead to *mokṣa, Karmayoga* is better than *Karma-saṁnyāsa* unaccompanied with knowledge. Because a person, who performs his ordained duties without any attachment to the fruits of action, should be regarded as perfect renouncer. But that *saṁnyāsa* which is based upon the true knowledge is regarded by the Lord as *Sāṁkhya,* and *Sāṁkhya* itself is the true *Yoga.* Śaṅkara says that *Saṁnyāsa* (renunciation of action) and *Karmayoga* (performance of Vedic rites) are themselves termed as *Sāṁkhya* and *Yoga* when knowledge of the Self and equanimity (*saṁbuddhitva*) are added to them respectively. Hence, the men of knowledge believe that they (viz. *Sāṃkhya* and *Yoga*) produce but one harmonius result. He who rightly observes even one of them, obtains the fruits of both.

It is not possible for an ordinary man to renounce all actions, so long as he has an embodied existence and has some attachment to the body. But when he performs obligatory duties abandoning the fruits thereof with an equanimity of mind (*saṁbuddhitva*), he is said to be an abandoner (*tyāgi*) though he is performing actions. The man, who has equanimity of mind, casts off in this world both merit and demerit through attaining mental purity and knowledge. Such devotion with equanimity of mind in success and failure, on the part of him who is engaged in the performance of his own duties, is indeed a power, because works which are of a binding nature loose that nature[1]. Accordingly, the renunciation of all actions is possible for him alone

[1] SBG. II. 50.

who has attained to Right knowledge, inasmuch as he sees that action and its accessories and its results are all ascribed to the Self by *Avidyā*[1]. For, the man who has attained True Knowledge there need be no action, specially because he is free from all longings and desires[2]. Śaṅkara, therefore, says that whatever utility there is in all the Vedic rituals, is comprehended in the utility of the right knowledge possessed by a *Brāhmaṇa* who has renounced the world and has completely realised the truth concerning the Absolute Reality[3].

A man who has properly discharged all the obligations that are enjoined on him by the Vedas will exhibit certain characteristics which qualify him for the study of the Vedānta. 'The qualifications necessary, according to Śaṅkara, for the study of Vedānta', says Dr. S. N. Das Gupta, 'are (1) that the person having studied all the Vedas with the proper accessories, is in full possession of the knowledge of the Vedas, (2) that either in this life or in another, he must have performed only the obligatory Vedic duties (*nitya karma*) and occasionally obligatory duties (*naimittika karma*) and must have avoided all actions for the fulfilment of selfish desires (*kāmya karma*) and all prohibited actions (*niṣiddha karma*) in such a way that his mind is purged of all good and bad actions. When he has thus properly purified his mind and is in possession of the virtues or means of fitting the mind for Vedānta instruction (called *sādhanā*) he can regard himself as properly qualified for the Vedānta instruction. These virtues are (1) knowledge of what is eternal and what is transient, (2) disinclination to enjoyments of this life and of the heavenly life after death, (3) extreme distaste for all enjoyments, through *sama*, *dama*, *uparati*, etc., and anxiety for attaining the means of right knowledge, and (4) strong desire to attain salvation. A man possessing the above qualities should try to understand correctly the true purport of the Upaniṣads (called

---

[1] SBG. CVIII. 11, 12.

[2] SBG. III. 17-19.

[3] SBG. II. 46.

*śravana*), and by arguments in favour of the purport of the Upaniṣads to strengthen his conviction as stated in the Upaniṣads (called *manan*) and then by *nididhyāsana* (meditation) which includes all the *Yoga* processes of concentration, try to realize the truth as one'[1].

---

[1] *A History of Indian Philosophy* (Cambridge, 1957), pp. 489-90.

# आजमगढ़ जिले की बोली के सर्वनाम*

श्री महेन्द्रनाथ दुबे
सह-संपादक 'प्रज्ञा'

'आजमगढ़ जिले की बोली' के विभिन्न अंचलों में सर्वनामों के प्रयोग में कुछ भिन्नता मिलती है। कुछ सर्वनाम ऐसे हैं जो यदि पूर्वी अंचल में अधिक प्रचलित हैं तो पश्चिमी अंचल में उनका प्रयोग नहीं होता, तो कुछ ऐसी भी हैं जो पश्चिमी अंचल में तो अधिक चलते हैं पर पूर्वी अंचल में उनका प्रचलन नहीं के बराबर है। मध्यवर्ती अंचल में प्रयुक्त सर्वनामों की स्थिति माध्यमिक सी है। इनका छुटपुट प्रयोग पश्चिमी एवं पूर्वी दोनों अंचलों में होता है तथा दोनों अंचलों के विशिष्ट सर्वनाम भी यहाँ व्यवहृत होते हैं। इस प्रकार मध्यवर्ती क्षेत्र में शेष दोनो क्षेत्रों के सर्वनाम चलते हैं। वैसे पश्चिमी अंचल एवं पूर्वी अंचल के विशिष्ट सर्वनामों का प्रयोग, जब एक-दूसरे अंचलों में होता है, तब भी लोग उसे समझ लेते हैं भले ही वे ठीक उन्हीं सर्वनामों का प्रयोग न करें। इस प्रकार सर्वनामों का वैभिन्य होने पर ही सभी अंचल परस्पर सुबोध सीमा में हैं।

§ १. सर्वनामों में लिङ्गभेद प्रायः नहीं होता। परन्तु सर्वनामों के साथ जिन क्रियापदों का प्रयोग होता है उनसे उनका लिङ्ग निर्देश खड़ी-बोली की भाँति ही सूचित होता है। यथा:—

| | |
|---|---|
| तूँ गइला, | तूँ गया। |
| तूँ गइली—या तूँ गइलू | तूँ गई; या आप गई। |

परन्तु उत्तम पुरुषवाचक सर्वनामों के क्रियापदों में लिङ्ग-भेद नहीं किया जाता। खड़ी-बोली में जहाँ 'मैं खाता हूँ' तथा 'मैं खाती हूँ' वाक्यों के क्रियापद लिङ्गानुसार भिन्नत्व रखते हैं वहाँ आजमगढ़ की बोली में प्रयुक्त रूपों में इस प्रकार का कोई भेद नहीं होता। इसके लिए स्त्रीलिङ्ग अथवा पुल्लिङ्ग दोनों के रूप 'मों खात हओं' या 'हम खात हईं' समान रूप से प्रयुक्त होते हैं।

§ २. नाम की भाँति सर्वनाम के भी दो वचन होते हैं (१) एक वचन तथा (२) बहुवचन। सर्वनामों के बहुवचन-रूप, प्रायः एक वचन के रूपों में परसर्गों के योग से अथवा समूह वाचक अव्ययों के योग से सम्पन्न होते हैं। सर्वनामों के प्रमुख भेदों का परिचय नीचे दिया जा रहा है।

## पुरुषवाचक सर्वनाम

§ ३. साधारणतया पुरुषवाचक सर्वनाम के तीनों रूप—**उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष**

---

* प्रस्तुत निबन्ध श्री करुणापति त्रिपाठी (अध्यक्ष—शिक्षाशास्त्र विभाग, वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी) के निर्देशन में तैयार किया गया है। तदर्थ लेखक त्रिपाठी जी का विशेष आभारी है।

एवं अन्य पुरुष—इस बोली में व्यवहृत होते हैं। उत्तम पुरुष सर्वनामों के रूपों में किसी प्रकार का भेद नहीं होता, परन्तु मध्यम एवं अन्य पुरुष सर्वनामों में अभीप्सित व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्तरों के अनुरूप—आदरार्थक, सामान्य अथवा आदरहीन—विभिन्न रूपों का प्रयोग किया जाता है। आदरार्थक एवं सामान्य रूप प्रायः एक से होते हैं पर आदरहीन रूप कुछ भिन्न होते हैं। इनकी चर्चा यथास्थान की जाएगी। अन्य पुरुष में प्रयुक्त होने वाले सर्वनाम प्रायः वे ही हैं जो दूरस्थ अथवा समीपस्थ वस्तुओं के लिए प्रयुक्त संकेतवाचक सर्वनामों में प्रयुक्त होते हैं। अतः इनका विवरण साथ-साथ दिया जाएगा। सर्वनामों के उन रूपों का विवरण, जो मध्यवर्ती अंचल में प्रयुक्त होते हैं तथा साधारणतः पूर्वी एवं पश्चिमी अंचलों में भी चलते हैं, एक साथ दिया जा रहा है। पूर्वी एवं पश्चिमी अंचलों में प्रयुक्त विशिष्ट-रूप आवश्यकतानुसार यथास्थान दिए जाएँगे।

### § ३.१ उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम

| | एक वचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| अविकारी | मों, हम् | हमहन् |
| विकारी | मँय, मऽ, हम् | हमहने, हमहनक, हमहन् लोगन् |
| संबंध | मोर्, हमार् | हमरन क, हमहन क |
| | **पूर्वी अंचल** | |
| अविकारी | | हमनी |
| विकारी | | हमनीका, हमहनीका |
| संबंध | हमनी क | हमनी क |
| | **पश्चिमी अंचल** | |
| अविकारी | मँय, मँइ | हमन् |
| विकारी | मों | हमरन् |

पुरुषवाचक सर्वनामों का प्रयोग जब भेदक (विशेषण) के रूप में किया जाता है तब उनके संबंधकारक के रूप भेद्य (विशेष्य) के लिंग का अनुसरण करते हैं। यथा :—

मोर् बचवा—मेरा बच्चा, हमार् घर—मेरा घर,

मोरि बछिया—मेरी बाछी, हमारि गाइ—मेरी गाय,

§ ३.१ (क) **मों** का संबंध डॉ० चाटुर्ज्या[१] महोदय (B.L.§ ५४१) संस्कृत **मम** से जोड़ते हैं। मँय, मँइ और मऽ रूपों का संबंध प्राकृत मए (सं० मया) से जोड़ा जाता है। वैसे संस्कृत में भी 'मे' रूप संबंध में होता है। उसके साथ भी इसको संबद्ध कहा जा सकता है।

(ख) **हम्** का संबंध प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के कल्पित रूप *अस्मे[२] प्राकृत अम्हे—अम्ह से माना जाता है। यह 'अम्ह' उलट कर हम हो गया है।

---

१. Dr. S. K. Chatterji, Origin and Development of Bengali language

२. Dr. B. R. Saksena, Evolution of Awadhi § 237 (b)

यह रूप तत्त्वतः विचार करने पर वस्तुतः संस्कृत के अस्मद् का प्राकृत में *अह्म> 'अम्ह' हो जाता है। 'अम्हे' प्राकृत में 'ते', 'के', 'ये' और 'सर्वे' आदि के वचन पर एकरांत हो जाता है।

संस्कृत के अव्ययों में 'अस्मि' एक विभक्ति प्रतिरूप अव्यय है जिसका अर्थ भी 'मैं' और 'हूँ' होता है। इस 'अस्मि' से असमि>अहमि>अहमु>अहउँ>हउँ क्रम से 'हम' की विकास शृंखला जोड़ी जा सकती है। यह 'हम' या 'हौं' ब्रजी और पूर्वी बोलियों में एक वचन ही प्रायः होता है। आजमगढ़ में भी 'हम' के अनेक रूपों का एक वचन में प्रयोग होता है।

(ग) संबंध के रूप 'र' एवं 'क' परसर्गों के योग से बने हैं जिनका संबंध संस्कृत कृते>केर, केरक>एर>र से है। बहुवचन के रूप { —अन् } प्रत्यय के योग से बने हैं। इसके अतिरिक्त 'सब्', सभ्', 'सभन्', 'सवन्', 'स', 'कुल्', 'कुल्हि', 'लोग्', 'लोगन्, आदि समूहवाची शब्दों का भी योग किया जाता है। इन समूहवाची पदों का सर्वनामों के साथ पर-प्रयोग होता है। यथा—हमहन् लोगन्, तोहन् सवन्, ऊ स, या ऊ कुल् आदि।

## § ३.२ मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम

| | एक वचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| अविकारी | तूँ, तुँ | तुहन् या तोहन् लोग्, तोहन् लोगन् |
| | तु, तँय (आदरहीन) | तोहरन्, तुहने, तुहँनक्, तुहन् या तोहन् सवन्, कुल्हि आदि० |
| विकारी | तूँ, तों, तँ, तुँह | |
| संबंध | तुहार्, तोहार् | |
| | तोर् (आदरहीन) | |

### पूर्वी अंचल

| | | |
|---|---|---|
| अविकारी | रउवाँ (आदरार्थ) | रउवाँ सभन्, सभे |
| विकारी | रउराँ, रउरे, | रउराँ सभन्, रउरे सभन् |
| | तुहरा तोहरा | |
| संबंध | राउर् | |

### पश्चिमी अंचल

| | | |
|---|---|---|
| अविकारी | तयँ, तुं (आदरहीन) | तोनहन्, तुनहन्, तोन्हन्, तोनहने, तुन्हने |

§ ३.२ (क) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनामों के प्रयोग में उल्लेख्य व्यक्ति की सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति का ध्यान रखा जाता है। इस प्रकार सर्वनामों के आदरार्थक, सामान्य एवं आदरहीन तीन प्रकार के प्रयोग होते हैं। पूर्वी अंचल में आदरार्थक 'रउवाँ' सर्वनाम का प्रयोग होता है। मध्यवर्त्ती एवं पश्चिमी अंचल में इस प्रकार का पृथक् रूप से कोई आदरार्थक सर्वनाम प्रचलित नहीं है। परन्तु सामान्य सर्वनाम का प्रयोग

ही इस प्रकार किया जाता है कि अभीप्सित अर्थ निकल आता है। आदर सूचित करने के लिए प्राय: बहुवचन की क्रिया का प्रयोग होता है। यथा -

तूँ गाना गइबा ? आप गाना गाएँगे ?

तूँ का करति हऊ ? आप क्या कर रही हैं ?

इधर खड़ीबोली के प्रभाव से पूर्वी एवं मध्यवर्ती अंचल में 'आप' सर्वनाम का व्यवहार होने लगा है। पश्चिमी अंचल में इसका 'आपु' उच्चारण भी होता है।

(ख) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम के सामान्य रूपों के बहुवचन में लिङ्ग-भेद भी पाया जाता है। पूर्वी अंचल में { --ईका } तथा शेष अंचलों में { --इ } प्रत्यय के योग से स्त्रीलिंग रूप बनाए जाते हैं। यथा—तोहन् का करतारऽ। तोहनीका का करतारू। तोहन का करत हवा। तोहनि का करत हऊ।

(ग) तू, तूँ तथा तुं का संबंध संस्कृत के 'त्वम्' प्राकृत 'तुमम्' से (पिशेल § ४२०) जोड़ा जाता है। तयँ, तैं, और तइँ रूप तृतीया के 'त्वया>तुइ>तुइँ>तैं तयँ रूप से संबंधित बताए गए हैं। तोर तोहार के 'तो' की उत्पत्ति डॉ० चाटुर्ज्या (§ ५४९) प्रा० भा० आ० भा० के 'तव' से मानते हैं, जिनमें संबंध का प्रत्यय (कृते केरक—केर ) —कर, संयुक्त हो गया है।

संस्कृत में मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम (युष्मद्) के एक वचन में त वाले (त्वम्, त्वाम् आदि) तथा अन्य वचनों में 'य' — वाले (यूयाम्, यूयम्) रूप मिलते हैं। आ० आ० भाषाओं तथा हिन्दी एवं उसकी बोलियों में पाए जाने वाले मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम के 'त' श्रृंखला के रूप संस्कृत के एक वचन तथा बहुवचन के रूपों के योग से विकसित हुए हैं। इसके अतिरिक्त इनके कुछ रूपों (तुम्ह—मुझ आदि) में उत्तम पुरुष (अस्मद्) तथा मध्यम पुरुष (युस्मद्) के रूपों का एक दूसरे पर प्रभाव भी पड़ा है। जिससे एक दूसरे के वजन (analogy) पर वर्तमान रूप विकसित हुए हैं। प्राकृत काल में ही 'अम्ह' के वजन पर 'तुम्ह' रूप बन गया था। इसी प्रकार 'तुज्झ भी होता है जो 'तुभ्यम्' से आया है। उत्तम पुरुष के उकार वाले (मुझ आदि) रूप 'तुज्झ' के वजन पर बने हैं। वर्त्तमान समय में प्रचलित रूपों के विकास में कई भिन्न-भिन्न रूप-श्रृंखलाओं का मिश्रण हुआ है।

आदरार्थक 'रउवाँ' तथा 'राउर' का संबंध डॉ० सक्सेना[१] ने राजन् से माना है जिसमें 'र' अंश परसर्ग 'केरक' 'कर' के योग से आया है। डॉ० तिवारी[२] राउर का संबंध प्राकृत 'लाउल' तथा संस्कृत 'राजकुल' से मानते हैं।

## संकेतवाचक सर्वनाम

§ ४. संकेतवाचक सर्वनाम दो प्रकार के हैं—(१) दूरवर्त्ती उल्लेखसूचक (remote demonstrative) तथा (२) निकटवर्त्ती उल्लेखसूचक (proximate demonstrative)। जैसा कि पहले कहा जा चुका है पुरुषवाचक सर्वनाम के अन्य पुरुष के रूप भी इन्हीं के अन्तर्गत आ जाते हैं।

---

[१] Dr. B. R. Saksena, Evolution of Awadhi § 254

[२] डॉ० उदयनारायण तिवारी, भोजपुरी भाषा और साहित्य § ४२८

## §४·१ दूरवर्त्ती उल्लेखसूचक

| | एक वचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| अवि० | उ, ऊ, हुऊ, | उनहन्, हुनहन्, उ, ऊ या हुऊ स, कुल् आदि |
| वि० | ऊ, ओ, हुन्ह्, | उनहन्, ओनहन् होनहन् |
| संबंध | ओकर्, होकर, ओ कऽ, हो कऽ | उनहन क, हुनहन क |

### पूर्वी-अंचल

| | | |
|---|---|---|
| अवि० | उहांका उन्हि, हुन्हि | उहाँ सभका |
| वि० | उन्हुका, हुन्हुका | हुन्हन् लोगनि, लोगनीका |
| संबंध | उन्हकर्, उन्हकरा, हुन्हुकरा | |

### पश्चिमी-अंचल

| | | |
|---|---|---|
| अवि० | वय्, वै, वहु | वन्, उइ या वय् सभन्, पचन् आदि |
| वि० | उइ, वहि, ओन् | उन्हन्, ओनहन् |
| सं० | वनकय्, ओनकय्, वनकर्, ओनकर् | |

§ ४.१ (क) इस सर्वनाम के रूपों का प्रयोग विशेषण के रूप में अधिक होता है यथा—उ अदिमी—वह आदमी, वय बरधा—वह बैल आदि। विशेषण के रूप में प्रयुक्त होने पर कुछ रूपों में लिङ्ग-भेद भी किया जाता है। स्त्रीलिङ्ग रूप { —इ } या { —ई } प्रत्ययों के योग से बनाए जाते हैं। यथा—ओकर लइका—उसका लड़का, ओकरि लइकी—उसकी लड़की।

(ख) उ,ऊ या ओ रूपों वाले इन सर्वनामों की कोई सुनिश्चित व्युत्पत्ति नहीं मिलती। डॉ० चाटुर्ज्या ने (§ ५७२) प्राचीन भारतीय आर्यभाषा की बोलियों में संभाव्य *अव रूप की कल्पना की है तथा उसी से इन रूपों का संबंध माना है। परन्तु *अव के रूपों का संस्कृत प्राकृत में कहीं कोई प्रतिनिधि नहीं मिलता।

डॉ० सक्सेना (§ २४२) के विचार से दूरवर्त्ती उल्लेखसूचक सर्वनाय के ये रूप निकटवर्त्ती उल्लेखसूचक सर्वनाम के वजन पर बने हैं यथा—इ—ऊ, ए—ओ आदि।

वस्तुतः संस्कृत 'अदस्' शब्द की दो रूप शृंखलाएँ—'असौ' और 'अमू'—मिलती हैं। इसका षष्ठी में 'अमुष्य' रूप होता है। इस अमुष्य से अउस्स-उस्स-उस-उ के विकास-क्रम का अनुमान किया जा सकता है।

'अव' रूप भी 'अदस्' का प्राकृतीभूत रूप है जिसमें अंत्यव्यंजन लोप होने पर 'अद'>अअ>अव हो जाएगा। यही कल्पित 'अव' मूल माना गया है।

## §४.२ निकटवर्त्ती उल्लेखसूचक

| | एक वचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| अवि० | इ, ई, हई | ई स, सवन्, कुल, कुल्हि, इनहन्, हिनहन्, |
| | इन्, इन्ह् (आदरार्थ) | ई लोग्, लोगन् इनहन् लोग्, लोगन् |
| वि० | ई, ए, | इन्, इन्हन्, इनहने, |
| सं० | एकर्, हेकर्, ए क, हे क इन क | |

**पूर्वी अंचल**

| | | |
|---|---|---|
| अवि० | इहाँका (आदरार्थ) | इहाँ सभ् का |
| सं० | एकरा, हेकरा, इनकरा (आदरार्थ) | इहाँ सभन् का |

**पश्चिमी अंचल**

| | | |
|---|---|---|
| अवि० | यय्, यँ, एन् | यनहन, एन्हन् यय्, यँ पचे, लोग् आदि |
| वि० | एन्, इन् | एन लोगन्, सभन् |
| सं० | एनकर्, यनकर् | |

§ ४.२ (क) दूरवर्ती एवं निकटवर्ती उल्लेखसूचक सर्वनामों का प्रयोग निर्जीव एवं सजीव दोनों के लिए होता है। यथा—

ऊ पाथर, वह पत्थल, ऊ अदिमी, वह आदमी, ई ताल, यह ताल, ई लइका, यह लड़का

परन्तु आदरार्थक रूपों का प्रयोग केवल बड़े लोगों, देवी देवताओं आदि के लिए ही होता है यथा—उहाँ का कालिह अइहैं—वे कल आवेंगे। वय् पढ़ेन ? उन्होंने पढ़ा ?

आदरार्थ रूपों के साथ क्रियाओं के बहुवचन के रूप प्रयुक्त होते हैं। यथा—ई रईस हवँ—ये रईस हैं। इहाँका भल अदिमी हईं—ये अच्छे आदमी हैं। एन महमूली नाँय हँय। ये मामूली नहीं हैं।

(ख) निकटवर्ती उल्लेखसूचक सर्वनाम के इ, ए वाले रूपों का संबंध संस्कृत अस्य > अस्स से है। डॉ० चाटुर्ज्या महोदय इसका संबंध 'एतस्य' से मानते हैं।

यहु-एहु का संबंध संस्कृत 'एतद्' के 'एषः' रूप से जान पड़ता है। (एषः > एसो > एहो > एहु, यहु)

इहाँ का, उहाँ का रूप संभवतः 'अत्र भवान्', 'तत्र भवान्' से संबंधित हैं[१]।

### संबन्धवाचक सर्वनाम (Relative Pronouns)

§ ५. पुरुषवाचक एवं संकेतवाचक सर्वनामों के अतिरिक्त अन्य सर्वनामों में

[१] डॉ० तिवारी भो० भाषा और साहित्य ४०१।

आंचलिक भेद कम पाए जाते हैं। जो भेद पाए जाते हैं उनमें भी विशेषकर औच्चारणिक भेद ही होते हैं। अतः इनका उल्लेख एक साथ किया जा रहा है। पूर्वी एवं पश्चिमी अंचल के विशिष्ट रूपों का संकेत यथास्थान किया जाएगा।

| | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| अवि० | जो, जे, जवन् | जेवन्, जवन्, जिनहन्, जवन् लोग्, सवन्, स् |
| | जिन्हि (पूर्वी) | जिन्हनी लोग्, सभ् |
| | जउन्, जौन् (पश्चिमी) | जउने, जउन् लोग्, जे पचे |
| | जेन् (आदरार्थ) | |
| वि० | जेवना, जवना | जेवनन्, जवनन् |
| | जेह् (पूर्वी) | जेह् लोग्, सभ् |
| | जेहि (पश्चिमी) | जिन्हि |
| संबंध | जे कऽ, जेकर, जवने कऽ | जिन्हन् क, जिन् क, जवनन् क |
| | जेकरा, जिन्हिकरा, (पूर्वी) | |
| | जेनकय्, जेनकर्, जेहिकय् (पश्चिमी) | |

(क) इस सर्वनाम के रूपों का विशेषण के समान भी प्रयोग किया जाता है। विशेषणवत् प्रयुक्त होने पर इनमें विशेष्य के अनुसार लिङ्ग-भेद भी पाया जाता है। स्त्रीलिंग के रूप {-इ}, {-ई} अथवा {-ईका} प्रत्ययों के योग से बनते हैं यथा--

'जवन् कहलऽ'---जिसने कहा। 'जवनि कहलऽ।' जवनीं कहलीं ( बहुवचन ) जवनीका कहलीं।

पूर्वी अंचल में इनमें लिङ्ग भेद कम किया जाता है।

(ख) संबंधवाचक सर्वनाम के 'ज-' शृंखला के सभी रूपों का संबंध संस्कृत 'यत्' से है। संस्कृत के 'य-' श्रेणी के रूप प्राकृत में ज- रूप में परिवर्तित हो गए थे। जो संस्कृत यः (या अथवा 'यत्') से संबंध रखते हैं। 'जवन्'-'जउन्' जैसे रूप 'यः पुनः' >यउनः से विकसित हुए हैं। 'जे' संस्कृत 'ये' का प्रतिनिधि है। बहुवचन एवं संबंध के अन्य रूप परसर्गों के योग से बने हैं।

(ग) संबंधवाचक सर्वनामों का प्रयोग अधिकतर नित्य संबंधवाचक या संगतिवाचक सर्वनामों (correlative pronoun) के साथ किया जाता है। प्रायः इनका क्रमशः पूर्वापर प्रयोग होता है। यथा—'जे कमाई ते खाई', जो काम करेगा वह खाएगा। जवन् जरी तवन् बुताई'–जो जलेगा वह बुझेगा।

## नित्यसंबन्धवाचक या संगतिवाचक सर्वनाम

§ ६. नित्यसंबन्धवाचक या संगतिवाचक सर्वनामों के स्थान पर अब खड़ी बोली के प्रभाव से दूरवर्त्ती उल्लेखसूचक सर्वनामों का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। संगतिवाचक सर्वनामों के निम्नलिखित रूप प्रचलित हैं।

| | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| अवि० | से, ते, तिन्हि, | सेवन्, तवन्, तेवन्, तिनहन्, तिन्हन् |
| | तउन्, तौन् (पश्चिमी) | तउने, तौने, |
| वि० | ते, तवना, तौना | तवने, तवनन्, तवन्स्, सभन् |
| | तेह्, तिन्हि्, तिन्हि (पूर्वी) | तिन्ह, तिन्हि लोग् |
| | तेहि, तेन् (पश्चिमी) | तेन्, ते पचे |
| संबंध | सेकर्, तेकर्, ते कऽ | |
| | तिन्हिकरा, तेकरा, सेकरा (पूर्वी) | |
| | तेनकय्, तेहिकय् (पश्चिमी) | |

(क) नित्यसंबंधवाचक या संगतिवाचक सर्वनामों का प्रयोग जैसा कि पहले कहा जा चुका है (५. ग) संबन्धवाचक सर्वनामों के साथ-साथ होता है। इनके 'स' एवं 'त' श्रेणी के रूप प्रचलित हैं। संस्कृत 'तद्' के रूप भी दोनों श्रेणियों के हैं।

वर्त्तमान 'से' रूप का प्राचीन रूप 'सो' था जो संस्कृत 'सः' का प्रतिनिधि है। 'से' रूप संभवतः 'ते', 'के' एवं 'ये' के वजन (analogy) पर व्यवहृत होने लगा है।

'त' श्रेणी के रूप संस्कृत 'तत्' शृंखला से संबंधित हैं। टर्नर महोदय 'तवन' को 'कवन' के आधार पर 'ता-औन' से विकसित मानते हैं। डॉ० सक्सेना के विचार से उनका संबंध 'ताम्+उन' (तत् पुनः) से है। बहुवचन वाले रूप उनके मतानुसार षष्ठी बहुवचन के 'नाम्' वाले रूपों के योग से बने हैं। बहुवचन के रूप समुदाय बोधक शब्दो के योग से भी बनाए जाते हैं। संबंध कारक के रूप संबन्धवाचक प्रत्ययों के योग से बने हैं। वस्तुतः एक या किसी सर्वनाम की रूपशृंखला के अनुकरण (वजन=एनालजी) पर इतर सर्वनामों की रूपशृंखलाएँ विकसित हैं। यथा—'कौन' के अनुकरण पर 'जौन', 'तौन' आदि।

## प्रश्नवाचक सर्वनाम

§७ प्रश्नवाचक सर्वनामों के दो रूप प्रचलित हैं (१) सजीव वर्ग के लिए और (२) निर्जीव वर्ग के लिए। परन्तु दोनों वर्गों के लिए ये रूप पूर्णरूपेण भिन्न-भिन्न नहीं हैं। इनमें कुछ रूप सामान्य हैं जो दोनों वर्गों के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं पर कुछ ऐसे हैं जिनका प्रयोग केवल निर्जीव वर्ग में ही सीमित है। ऐसे रूपों को अलग से दिया जाएगा।

इस सर्वनाम में भी आंचलिक भेद कम पाए जाते हैं। पूर्वी तथा पश्चिमी अंचल में प्रचलित विशिष्ट रूपों को यथास्थान दिया जाएगा।

| | एक वचन | बहु वचन |
|---|---|---|
| अवि० | के, कवन्, केवन् | कवने, केवने, केके |
| | केवना, कवना (पूर्वी) | के लोग्, कवन् स |
| | को, कउन् (पश्चिमी) | |

| | एक वचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| वि० | किन्, किन्ह्, | किनहृन्, किनहृन् |
| | कवना (पूर्वी) | कवनी का |
| | केहि (पश्चिमी) | किन्ह् |
| संबन्ध | कवने क, | |
| | के कऽ, केकर् | |
| | केकरा, किन्हिकरा (पूर्वी) | |
| | केहकर्, केनकर् (पश्चिमी) | |
| | केवल निर्जीव (Inanimate) वर्ग के लिए | |
| अवि० | का, केयुआ, काहें | का का, |
| | काहू, केथी (पूर्वी) | |
| | को, काउ, काव् काहे, केहि (पश्चिमी) | |
| वि० | का, केयुवा, कित्थू, काहें के | |

§७. (क) प्रश्नवाचक सर्वनाम के 'के', 'केवन', 'कवन', 'कउन' आदि रूप खड़ीबोली कौन के अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। 'काहें या काहे के' का अभिप्राय 'क्यों' और 'क्योंकर' है। 'का' वाले रूपों का प्रयोग हिन्दी 'क्या' के स्थान पर किया जाता है।

(ख) इस सर्वनाम के सभी रूपों का सम्बन्ध संस्कृत 'क' शृंखला के रूपों से है। 'कवन' या 'कउन' का संस्कृत कः पुनः (>कवुणः>कउण>कउन) से सीधा सम्बन्ध है।

'को' का विकास संस्कृत 'कः' से हुआ है।

'के' का संस्कृत बहुवचन 'के' से सम्बन्ध हो सकता है। तिवारी जी (§२३३) इसकी उत्पत्ति 'ककः>ककें>कगे>कए>कै>के क्रम से मानते हैं। हिन्दी और उसकी बोलियों में ये रूप 'प्राकृत:अपभ्रंश' के 'कवणु' से आए हैं।

'का' संस्कृत 'कस्य' से सम्बन्धित है।

निर्जीव पदार्थों के लिए प्रयुक्त 'का' संभवतः 'काहहि' से संबन्धित है। 'किन्', 'किन्ह' आदि रूप 'केषाम्'>'काणं>पालि 'किण' से विकसित हुए हैं।

'काहें', 'केथुआ', 'कित्थू' आदि रूपों की ठीक-ठीक व्युत्पत्ति नहीं मिलती। संभवतः इन्हीं रूपों के वजन पर आजमगढ़ की बोली के संकेत वाचक, संबंधवाचक एवं संगतिवाचक सर्वनामों के निम्नलिखित रूप विकसित हुए हैं।

केथुआ, कियुआ, कित्थू
एथुआ, इथुआ, इत्थ्
जेयुआ, जिथुआ, जित्थू
तेयुआ, तियुआ, तित्थू
ओथुआ, उथुआ, उत्थू

इनका प्रयोग प्रायः साथ-साथ या उत्तर-प्रत्युत्तर में किया जाता है यथाः—

तूं आम केथुआ, किथुआ या कित्थू से तोरबा ?
(तुम आम किससे तोड़ोगे ?)
हम आम एथुआ, इथुआ या इत्थू से तोरब।
(मैं आम इससे तोडूंगा।)
जेथुआ, जियुआ या जित्थू में खाइं तेथुआ, तिथुआ या तित्थू में छेद न करीं।
(जिसमें खाएँ उसमें छेद न करें)
गाड़ी केथुआ, किथुआ या कित्थू से चले ले ?
(गाड़ी किससे चलती है ?)
गाड़ी ओथुआ, उथुआ या उत्थू से चले ले।
(गाड़ी उससे चलती है।)

## निजवाचक (reflexive) सर्वनाम

§८.

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| अपना, अपने, आपन् | अपनन् |

इस सर्वनाम का प्रयोग निजत्व का बोध कराने के लिए सभी नाम एवं सर्वनाम पदों के साथ किया जाता है। बहुवचन में प्रचलित अपनन् रूप के अतिरिक्त यदाकदा एकवचन के रूपों का भी बहुवचन के अर्थ में प्रयोग होता है। बहुवचन रूप प्रायः उत्तमपुरुष एवं मध्यमपुरुष के लिए संयुक्त रूप से होता है। यथा—

अपने या अपनन् के कवन् गरज् वा ?
(हम लोगों को (मुझे-तुझे) क्या गरज है ?)

(क) विशेषण के रूप में प्रयुक्त होने पर इस सर्वनाम में विशेष्य के अनुसार लिङ्ग-भेद भी होते हैं। स्त्रीलिङ्ग रूप प्रायः—इ या—ई प्रत्यय के योग से बनते हैं यथा—

आपन् लइका पियार् होला।
(अपना लड़का प्यारा होता है।)
हम् आपनि गाइ बेंचब्।
(मैं अपनी गाय बेंचूंगा।)
अपनी बिटिया क् बिआह् परल् बा।
(मेरी लड़की की शादी पड़ी है।)

बातचीत में पूछ ताछ के समय आदर सूचक 'राउर' या 'आप' सर्वनामों का प्रयोग भी कभी-कभी निजवाचक सर्वनाम के लिए होता है। यथा—ई केकर लइका ह ? (यह किसका लड़का है ?) के उत्तर में प्रायः लोग कहते हैं- रउरय् या आपे क् लड़का ह। (आपका ही लड़का है) यहाँ 'रउरय या आपे क निजत्वसूचक हैं और 'अपना' अर्थ सूचित करते हैं।

(ख) इस सर्वनाम के रूपों का संबंध संस्कृत 'आत्मनः' (या आत्मन्) से है। 'आपन्' 'अप्पण' से होते हुए विकसित हुआ है।

इस सर्वनाम के लिए फारसी 'खुद' शब्द का भी व्यवहार होता है। इसका 'खुदे' या 'खुदय' रूप भी इस बोली में चलता है यथा-तूँ खुद इ काम् करा। तुम स्वयं यह काम करो। तूँ खुदे या खुदय ई काम् करा। (तुम स्वयं ही यह काम करो)।

## अनिश्चय वाचक (Indefinite) सर्वनाम

§ ९. आजमगढ़ की बोली में निम्नलिखित अनिश्चयवाचक सर्वनाम प्रचलित हैं। इनका प्रयोग विशेषण के समान भी किया जाता है।

§ ९.१ अउर

(१) अवि०—अउर्, अउरु, अउरुन्

वि—अउरँ, अवरँ, अउरुए, अउरुवे

इसका प्रयोग अन्य तथा अधिक के अर्थ में होता है।

यथा—अउर् लेबा?—और लेवेंगे।

तोहार् बाति अउर् ह।—तुम्हारी बात और है।

विकारी रूपों का प्रयोग प्रायः विशेष बल देने के लिए होता है यथा—

उनक बाति अउरुए, अउरे या अउरुवे ह।—उनकी बात और ही है।

विशेषण के रूप में प्रयुक्त होने पर इसमें विशेष्य के अनुरूप लिङ्ग-भेद होते हैं। स्त्रीलिङ्ग रूप-इ या—ई प्रत्यय के योग से बनते हैं। यथा—अउर्-अउरि—अउरी

(२) आन् तथा पर्

अवि०-आन्, परे

वि०-आने, पराए, पर्

इन सर्वनामों का प्रयोग 'अन्य' के अर्थ में होता है। यथा—

ई धान आन् क् ह।—यह धान दूसरे का है।

आने क् चीज ना छुए के।—दूसरे की वस्तु नहीं छूनी चाहिए।

पर् क् धन कामे ना आवेला।—दूसरे का धन काम नहीं आता।

पराए या पर् क् असरा ना जोहे के। दूसरे का आसरा नहीं देखना चाहिए।

(३) केहू

अवि०—केहू, केऊ, कवनो

केनू, केउ (पश्चिमी)

वि०—केहु, केहुवय्, कवनो, कौनो

इस सर्वनाम का प्रयोग 'कोई' अर्थ में होता है।

यथा—केहू आवत् ह। कोई आ रहा है।

केहु या केव् ना वोली। कोई नहीं बोलेगा।

इस सर्वनाम का प्रयोग विशेषण के रूप में होता है पर इसमें लिङ्ग-भेद नहीं होता। यथा—केहू राजा, केहू रानी। कोई राजा कोई रानी।

(४) कुछ्

इस सर्वनाम का प्रयोग 'कुछ' या कोई चीज अर्थ में निर्जीव पदार्थों के लिए किया जाता है।

अवि० कुच्छू, कुछ्

वि० कुछऊ, किछऊ, किछुओ

उदाहरणार्थ—कुच्छू दा। कुछ दो।, कुछ् मत् पूछा। कुछ मत पूछो।
किछऊ जिन् कहिहा। कुछ भी मत कहना आदि।

(५) सब्, सभ्

अवि०—सब्, सभ्, स, सवन्

वि०—सबय्, सभे, सभय्, सवने

यह सर्वनाम 'सब' अर्थ मे प्रयुक्त होता है यथा—

सब् या सभ् चलि गयल्। सभी चले गए।

सबय् या सभय् चलि जाइ। सभी चले जाएँगे।

'सबय्' का व्यवहार पश्चिमी अंचल में अधिक होता है। पूर्वी अंचल में 'सभे' अधिक प्रचलित है। यथा--सभे कहलऽ। सभी ने कहा।

§९.२. (क) 'अउर' सर्वनाम संस्कृत 'अपर' से विकसित हुआ है। 'आन्' का संबंध संस्कृत 'अन्य' से जान पड़ता है। 'पर' या 'पराया' संस्कृत 'पर' या 'अपर' से संबंधित हैं।

(ख) 'केऊ' या 'केहू' का विकास संस्कृत 'कोऽपि' से हुआ है। 'कुच्छू' कुछऊ या किछऊ रूप का संबंध संस्कृत 'कश्चित्' से है। 'सब्' 'सभ्' संस्कृत सर्व > सव्व > सब् > सभ् से विकसित हुए हैं।

## यौगिक सर्वनाम (Compound Pronun)

§ १०. अनिश्चयवाचक सर्वनाम–सब्, तथा केहू का संबंधवाचक एवं नित्यसंबंधवाचक या सगतिवाचक सर्वनामों के साथ संयुक्त प्रयोग होता है। यथा:--'जे सब' (जो सब) 'जवन् स' 'जवने स' आदि। 'तवन् स' (वे सव) 'जे केहू' (जो कोई)। 'तवन् केहू' (वे कोई) आदि।

'सब्' तथा इसके अन्यरूपों का प्रयोग पुरुषवाचक सर्वनामों के साथ भी होता है यथा---'हमहन् सभन्' 'हम सभे' (हमलोग) 'तूं सभे', 'तोहन् सभे', (तुम लोग।)

अनिश्चयवाचक 'अउर' तथा केहू एवं कुछ, सर्वनामों का भी संयुक्त प्रयोग होता है। यथा:—'अउर् केहू' (और कोई) अउर् कुछ्, कुच्छू (और कुछ) इसी प्रकार 'सब्' का भी 'केहू' एवं 'कुच्छू' के साथ संयुक्त प्रयोग होता है यथा:—'सब् केहू' सब कोई। सब् कुछ, (सभी कुछ)।

———

# पूर्वमध्ययुगीन हिंदू समाज में शिक्षा

## (शिक्षा-पद्धति संबंधी नवीन विवरण)

डॉ० जयशंकर मिश्र
इतिहास विभाग

भारतीय समाज में प्राचीन काल से शिक्षा का प्रबंध योजनाबद्ध और सुनियोजित था। गुरु-आश्रम में रहकर विद्याध्ययन किया जाता था। वेद, पुराण, धर्म, दर्शन, विज्ञान आदि सभी विषयों की शिक्षा सम्यक् रूप से विद्यार्थियों को दी जाती थी। पूर्व-मध्ययुगीन हिंदू समाज में शिक्षा प्रणाली कैसी थी, विद्यार्थियों को किस प्रकार और किन-किन विषयों की शिक्षा दी जाती थी, इस पर अरब-लेखक अलबीरूनी ने सुस्पष्ट और सविस्तार लिखा है। वह अनेकानेक विषयों का ज्ञाता था। वह महमूद गजनी का दरबारी लेखक था। उसने १०२७-२८ ई० के बीच भारत की यात्रा की थी[१]। निश्चय ही वह केवल पंजाब के ही कुछ स्थानों का भ्रमण करके गजन लौट गया था, किन्तु भारतीय ग्रन्थों और ऐतिह्यों का उसने बड़े मनोयोगपूर्वक अध्ययन किया था। तत्पश्चात उसने भारत संबंधी 'तहकीकमालिल्‌हिंद' नामक ग्रन्थ १०३१ ई० में पूर्ण किया जिसमें उसने तत्कालीन भारतीय शिक्षा और विद्याध्ययन पर अपने विचार प्रकट किए हैं, जिससे तद्‌युगीन समाज की शिक्षा-पद्धति पर नवीन प्रकाश पड़ता है। प्रस्तुत निबंध में अलबीरूनी के तत्तत् विवरण का समसामयिक भारतीय लेखकों के विवरण से तुलनात्मक विश्लेषण किया जा रहा है। साथ ही, राजस्थान के संग्रहालयों में सुरक्षित उन परवर्ती मध्ययुगीन अप्रकाशित अपभ्रंश कथात्मक हस्तलेखों का भी उपयोग किया गया है जिनसे शिक्षा की उस परंपरा का प्रवाह मिलता है जो अलबीरूनी के पहले से मध्ययुगीन समाज में प्रसरित थी।

### विद्यारम्भ

हिन्दू समाज में विद्यारंभ पाँच वर्ष की आयु से हो जाता था। मध्ययुगीन अपरार्क[२] और स्मृतिचन्द्रिका[३] ने मार्कण्डेयपुराण को उद्धृत करते हुए संतान के विद्यारंभ की अवस्था पाँच वर्ष निर्देशित की है। संस्कार-प्रकाश[४] और संस्काररत्नमाला[५] में भी विद्या का आरंभ उपनयन के पहले पाँच वर्ष की अवस्था से माना गया है। अलबीरूनी का ज्ञान

---

[१] Mishra, J. S. : Some Observations on Albiruni's Stay and Travel in India,' Bharati, Bulletin of the College of Indology, B.H.U., No. 5, P-I, 1961-62, pp. 66-74.

[२] अपरार्क, पृ० ३०-३१। [३] स्मृतिचंद्रिका, १, पृ० २६।'

[४] संस्कारप्रकाश, पृ० २२१-२५।

[५] संस्काररत्नमाला, पृ० ९०४-७।

इस संबंध में अद्यतन नहीं है। उसने ब्रह्मचर्य आश्रम से ही विद्या का प्रारंभ माना है[1]। जैन अपभ्रंश ग्रंथ विद्यारंभ की आयु आठ वर्ष बताते हैं। जिनदत्त[2], भविष्यदत्त[3], धनकुमार[4], श्रीपाल[5], जंबूस्वामी[6] आदि कथानायकों ने आठ वर्ष की आयु में गुरु के आश्रम में जाकर शिक्षा ग्रहण की थी।

चीनी यात्री ह्वेनसांग ने बच्चों की आरम्भिक शिक्षा 'सिद्धमचंग' से प्रारंभ होना बताया है। 'सिद्धम्' सफलता का द्योतक था। 'सिद्धम' की समाप्ति के पश्चात् सातवें वर्ष पंचविद्याओं का अध्ययन कराया जाता था। वे पंचविद्याएँ थीं: १—शब्दविद्या (जिसे व्याकरण भी कहा जाता था), २—शिल्पविद्या (जिससे अनेक शिल्प और कलाओं का ज्ञान प्राप्त होता था), ३—चिकित्सा विद्या, ४—हेतुविद्या (न्याय अथवा तर्क) और ५—अध्यात्म विद्या (दर्शनशास्त्र)[7]। इत्सिंग ने भी बालकों की प्रारंभिक शिक्षा का आरंभ 'सिद्धिरस्तु' नामक पुस्तक से माना है, जिसमें वर्णमाला, स्वर और व्यंजन का विनियोग था[8]।

## प्रारंभिक शिक्षा में लेखन-उपकरण

प्रारंभिक शिक्षा में छात्र को लिखने के लिए काली पटिया और खड़िया दी जाती थी। लंबवत पटिया (तख्ती) पर बाएँ से दाएँ खड़िया से लिखने का वह अभ्यास करता था। अलबीरूनी लिखता है कि वे बच्चों के लिए विद्यालय में काली पटरी प्रयोग में लाते हैं और उस पर लम्बाई की ओर से, न कि चौड़ाई की, बाएँ से दाएँ सफेद वस्तु से लिखते हैं[9]।

आज भी भारतीय पाठशालाओं में, अनेकानेक नवीन उपकरणों के अतिरिक्त, कालिख पुती हुई काठ सी पटरी पर खड़िया (दुधिया) से लिखा जाता है। अलबीरूनी ने जिस सफेद वस्तु का निर्देश किया है वह निश्चय ही दुधिया रही होगी। बच्चों को पटरी की लम्बाई की ओर से बाएँ से दाएँ लिखने के लिए सभी पाठशालाओं में बताया जाता है। नागरी लिपि की यही प्रकृति भी है।

## गुरु-आश्रम में विद्याध्ययन

गुरु के निकट रहकर प्राचीनकाल[10] में तो छात्र विद्याध्ययन करते ही थे, मध्यकाल

---

[1] Al Albiunis India : Sachau, Vol. II, p. 130.

[2] जिणयत्तचरिउ—पं० लाखू, अप्रकाशित जयपुर-प्रति।

[3] अविलयत्तकहा—बड़ौदा संस्करण, १९२३।

[4] धणकुमारचरिउ—संधि दो, अप्रकाशित, जयपुर-प्रति।

[5] सिरिपालचरिउ—अप्रकाशित, जयपुर-प्रति।

[6] जम्बूसामिचरिउ—अप्रकाशित, जयपुर-प्रति।

[7] Watters, I, p, 155.

[8] Itsing : Records of the Buddhist Religion-Takasus, p. 165.

[9] AI, Vol. I, p. 182.

[10] छांदोग्य उपनिषद्, ७·१·२, १·४, ७·१; याज्ञ० १४४-४५; विष्णु पु० ३९·१।

में भी करते थे। इस आवास-काल में वेद-स्मृति, आचार, धर्म, दर्शन आदि के अतिरिक्त शिल्प, कला, कारीगरी आदि की भी शिक्षा विद्यार्थियों को मिलती थी[1]।

अलबीरूनी लिखता है कि उसका कर्त्तव्य ब्रह्मचर्य का पालन, भूमि को अपना बिछौना बनाना, वेद और उसके भाष्य का तथा ब्रह्मविद्या (दर्शन) और धर्मशास्त्र का अध्ययन प्रारंभ करना है। यह सब उसको एक गुरु पढ़ाता है, जिसकी वह दिन-रात सेवा करता है[2]।

जैन कथा-ग्रन्थों से विदित होता है कि गुरु आश्रम में रहकर छात्र पुराण, आगम विभिन्न शास्त्र, व्याकरण, छंद अलंकार, ललितकला, नृत्य, संगीत आदि की भी शिक्षा ग्रहण करता था। नायकुमार चरिउ से स्पष्ट होता है कि नागकुमार ने ६४ कलाओं और १८ लिपियों का अध्ययन किया था[3]।

## गुरु और शिष्य का संबंध

समाज में गुरु और शिष्य का संबंध अत्यंत घनिष्ठ था। शिष्य का यह कर्त्तव्य था कि वह गुरु की दिन-रात सेवा करता, और गुरु का यह कर्त्तव्य था कि वह शिष्य को पुत्रवत स्नेह करता तथा उसकी समस्त जिज्ञासाओं का समाधान करता[4]। किसी भी अध्यापक को यह उचित नहीं था कि वह किसी विद्यार्थी को अपेक्षित ज्ञान से वंचित रखता। विद्या अध्यापक की संपत्ति न मानकर धरोहर मानी जाती थी[5]। किन्तु लक्ष्मीधर राष्ट्रीयता को महत्व देते हुए कहता है कि जो अध्यापक देश का शत्रु हो उससे विद्यार्थियों को संपर्क नहीं रखना चाहिए[6]।

## वेद का अध्ययन

तद्युगीन समाज में वेद का अध्ययन पहले की ही तरह किया जाता था। देश के अध्येता वेद का अध्ययन करके सोल्लास वैदिक यज्ञ करते थे।[7] वेदाध्ययन के संबंध में अलबीरुनी द्वारा दी गई सूचना ठीक है। मेधातिथि[8], विश्वरूप[9], अपरार्क[10], आदि मध्य-

---

[1] स्मृतिचंद्रिका, २, पृ० १९५। [2] AI, Vol. II, p. 136.

[3] काल रक्खइ गणियइ गंधव्वइ वायरणाइं सिक्खिउ।
सो णिच्चं पढंतु हुड़ वाएसरिणिरिक्खिउ॥
दुवइ छंदलंकारइं णिग्घटएं जोइ साइं गहमणपयदृइं।
कव्वइं णाडयसत्थइं सुणिमइ पहरपारं णीसेसइं गुणिमइं॥
—नायकुमारचरिउ, ३·१, कारंजा संस्करण, १९३३-३४।

[4] कृत्यकल्पतरु, ब्रह्मचारी कांड, पृ० १९९-२०१, २१०-२२७, २४०-२४३।

[5] वही, पृ० २४०; आपस्तंब (१८·२४-२८) को उद्धृत करते हुए।

[6] कृत्यकल्पतरु, ब्रह्मचारीकांड, पृ० २४२, मनु० (२·११४) को उद्धृत करते हुए।

[7] EI (Epigraphia Indica) I, p.41.

[8] मेधातिथि—मनु० ३·१। [9] विश्वरूप—यारा० १·५१।

[10] अपरार्क, पृ० ७४-७५; मेधातिथि—मनु० ३·१९।

युगीन लेखकों के अनुसार छात्र को गुरु के सान्निध्य में रहकर वेद का वास्तविक ज्ञान और धर्म की समस्त धाराओं को समझना था। लक्ष्मीधर बृहस्पति को उद्धृत् करते हुए लिखता है कि ब्राह्मणों का पहला कर्तव्य है कि वे वेद पढ़ें तदनंतर 'स्मृति' और 'सदाचार'[१]।

प्राचीन काल से ब्राह्मणों को ही वेद पढ़ाने का अधिकार था। अलबीरुनी के अनुसार ब्राह्मण वर्ग का ही व्यक्ति वेद पढ़ा सकता था, और किसी वर्ण का नहीं[२]। केवल ब्राह्मण और क्षत्रिय वेद का अध्ययन कर सकते थे, और अन्य कोई वर्ण नहीं[३]। मध्यकालीन लेखक लक्ष्मीधर के अनुसार ब्राह्मण वेद की शिक्षा देता था[४]।

स्मृतिचन्द्रिका[५] और कृत्यकल्पतरु[६] के अनुसार एक वेद का अध्ययन करना ही यथेष्ट था, जो बारह वर्ष के लिए उपयुक्त था। लक्ष्मीधर ने जीवनपर्यन्त छात्र रहने वाले नैषधीक ब्रह्मचारी का उल्लेख किया है।[७]

जो लोग वेद को पूरी तरह नहीं पढ़ सकते थे, उन लोगों के लिए हलायुध ने मंत्रों को इकट्ठा कर 'ब्राह्मणसर्वस्व' लिखा। उसने अपनी रचना के विषय में स्वयं लिखा है कि वाजसनेयी, राठीय और वरेन्द्र ब्राह्मणों के लिए इसकी रचना की गई है।[८] यह निश्चित है कि वेदों के कुछ अंश ही छात्रों को याद होते थे।

संपूर्ण वेदों का अध्ययन-क्रम समय के प्रवाह में मंद पड़ गया। ग्यारहवीं-बारहवीं सदी के इन उल्लेखों से यह पूर्णतः स्पष्ट है कि सभी वेदों में पारंगत होना अपेक्षित नहीं था। किन्तु सातवीं सदी के बाण के उल्लेख से विदित होता है कि उसने षडंग सहित वेदों का सम्यक् अध्ययन किया था।[९] ह्वेनसाँग का भी यही कथन है कि ब्राह्मण चारों वेदों का अध्ययन करते थे।[१०]

## वेद का पाठ : मौखिक

वेद का ज्ञान स्मरण शक्ति पर ही आधारित था। इसकी शिक्षा मौखिक दी जाती थी।[११] अलबीरुनी लिखता है कि वे वेद को लिखने की स्वीकृति नहीं देते थे। क्योंकि यह स्वर के

---

१ कृत्यकल्पतरु, ब्रह्मचारीकांड, पृ० २६६-६७।
२ AI, Vol. II, p. 136.
३ Ibid, Vol. II, p. 136.
४ कृत्यकल्पतरु, गृहस्थकांड, पृ० २५२।
५ स्मृतिचंद्रिका, १, पृ० २९।
६ कृत्यकल्पतरु, ब्रह्मचारीकांड, पृ० २६३।
७ वही, पृ० २७१-७४।
८ ब्राह्मणसर्वस्व, पृ० ३८। Cf Our Heritage : Durgamohan Bhattacharya, vol. I, p. 147, 1955.
९ "सम्यक् पठित सांभो वेदः श्रुतानि च यथाशक्ति शास्त्राणि" हर्षचरित् पृ० १२३।
१० Watters, I, p.155.
११ दक्ष० २·३४; मिताक्षरा—याज्ञ० ३·११०; अपरार्क० पृ० १२६।

निश्चित उतार-चढ़ाव पर विवृत किया गया है और इस तरह वे लेखनी का प्रयोग इस कारण उपेक्षित करते हैं कि कुछ त्रुटियाँ न हो जायें और लिखे गए पाठ में कुछ कमी-वेसी न हो जाय। परिणाम यह हुआ कि वे अनेक वार वेद को भूले और गवाए।[१]

वेद के मौखिक पाठ का प्रचलन तो १२ वीं सदी तक था।[२] किन्तु वेद के लिपिबद्ध होने का उल्लेख अलबीरुनी ही करता है, फलतः हमारे समय से वहुत पहले ही कश्मीरवासी प्रसिद्ध ब्राह्मण वसुक्र ने अपनी इच्छा से वेद को लिखने और व्याख्या करने का कार्य लिया। वह ऐसा कार्य था जिसे करने में प्रत्येक व्यक्ति पीछे हटता था, लेकिन उसने इसे समाप्त किया। वह भयभीत था कि वेद भूल न जाय और मनुष्य की स्मृति से पूर्णतः निकल न जाय, क्योंकि उसने देखा कि लोगों के चरित्र गिरते गए और उन्होंने न सद्धर्म पर ध्यान दिया न कार्य पर।[३]

## वेदाध्ययन का स्थान

वेदाध्ययन में ऐसा निर्देश था कि घर से बाहर उन्मुक्त वातावरण में ही वेद का पाठ करना चाहिए। इसीलिए गुरु और शिष्य नगर और ग्राम से दूर एकान्त स्थान में निवास करते थे। अतः गुरु के आवास को 'गुरुकुल' कहा जाता था। विद्याध्ययन का यही स्थल ब्रह्मचर्य आश्रम था। अलवीरुनी लिखता है कि वेद में कुछ ऐसे अंश हैं जिनका वर्णन गृहस्थी में रहने वालों के बीच नहीं होना चाहिए। वे आशंका करते हैं कि कहीं यह औरत और भैंस के गर्भपात का कारण न हो। अतः वे इसका वर्णन करते समय बाहर खुले मैदान में चले जाते हैं। इस तरह शायद ही ऐसे श्लोक हों जो ऐसे प्रमुख आदेश से विरत हों।[४]

लक्ष्मीधर के अनुसार वेद न सड़क पर, न नगर में पढ़ा जाना चाहिए और न शूद्र के संमुख, न असभ्य के, वल्कि खुली जगहों में पढ़ा जाना चाहिए।[५]

'गुरुकुल' में निवास करके विद्याध्ययन करने की प्रणाली प्राचीनतम है। ७ वीं सदी के बाण के उल्लेख से विदित होता है कि गुरुकुल में अध्ययन की विधि तद्वत चली आ रही थी। बाण ने स्वयं गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की थी।[६]

## वेद के अध्ययन की त्रुटिपूर्णरीति

वेद के अध्येताओं के विषय में अलवीरूनी यह कहता है कि ब्राह्मण लोग बिना अर्थ समझे ही इसका (वेद का) पाठ करते हैं। इसी प्रकार इसे वे कंठस्थ कर लेते हैं; एक का सुनकर दूसरा स्मरण कर लेता है। ब्राह्मणों में वेद जानने वाले बहुत कम हैं। उन लोगों की संख्या तो और भी अल्प है जिनकी विद्वत्ता ऐसी ही हो जो वेद के विषयों और उसकी व्याख्या पर धार्मिक विवाद कर पावे[७]।

---

[१] A I, vol. I, pp. 125-26.

[२] कृत्यकल्पतरु, दानकांड, पृ० २०७, २१३।

[३] A I, vol. I, pp. 126-27.

[४] Ibid, vol. I, p. 127.

[५] कृत्यकल्पतरु, ब्रह्मचारीकांड, पृ० २५७–५९।

[६] हर्षचरित, पृ० ६६।

[७] Al, vol I, p, 135.

अलबीरुनी का यह कथन कि ब्राह्मण वेद को बिना समझे पढ़ते हैं यह निरुक्त[1] के इस कथन से साम्य रखता है कि जो वेद का अध्येता है वह इसका अर्थ नहीं जानता। भारत में सामान्यत: वेद को वही ब्राह्मण पढ़ते थे जो इसका अर्थ और व्याख्या करपाने में समर्थ थे। लेकिन कभी-कभी अर्थ और व्यांख्या न कर पाने वाले भी पढ़ते थे। व्यास के कथन को विस्तार से विवृत्त करते हुए अपरार्क[2] ने मात्र वेद कंठस्थ करने की रीति की आलोचना की है। मेधातिथि ने भी यही विचार प्रकट किया है। वेदाध्ययन की त्रुटिपूर्ण रीति की आलोचना आदित्यसेन के इस कथन से भी होती है कि वैदिक ज्ञान की यह परम्परा उन वेद वक्ताओं की नहीं थी, जो वेदज्ञ होने का दावा करते थे ? वे नियमानुसार वेद पढ़ते थे किन्तु छिछले रूप में; एक भी शब्द समझ सकने में असमर्थ। वे केवल पाठ से ही संतुष्ट थे[4]।

### अन्य विषयों का अध्ययन

बाण के अनुसार ब्राह्मण गुरु नियमित रूप वे वेद, व्याकरण, मीमांसा आदि की शिक्षा देता था। गुरुकुल में वेदों का निरंतर पाठ होता था। यज्ञ की अग्नि जलती थी। अग्नि-होत्र होता था तथा ब्राह्मण उपाध्याय ब्रह्मचारियों को पढ़ाने में संलग्न रहते थे[5]।

ज्योतिष, गणित, भूगोल, रसायन, भौतिकी, दर्शन, नीति, इतिहास, साहित्य, संस्कृत आदि अनेकानेक विषयों का भारत में असीम भंडार रहा है। इन विभिन्न विषयों पर प्राचीन काल से विपुल ग्रंथों का प्रणयन होता रहा है। सभी विषयों पर इतनी प्रचुर सामग्री थी कि जिनका अध्ययन कर पाना शक्य नहीं था। अलबीरूनी लिखता है कि विज्ञान और साहित्य की अन्य अनेक शाखाओं का विस्तार हिंदू करते हैं तथा उनका साहित्य सामान्यत: अपरिसीम है। इसप्रकार मैं अपने ज्ञान के अनुरुप न समझ सका[6]।

निश्चय ही किसी एक व्यक्ति के लिए विभिन्न विषयों के समस्त ग्रन्थों का ज्ञान प्राप्त कर पाना अत्यन्त दुष्कर है।

अलबीरूनी ने चार वेदों, अठारह पुराणों, बीस स्मृतियों, महाभारत, गोड़कृत ग्रंथ, पतंजलिकृत ग्रंथ, कपिलकृत न्यायभाषा, जेमिनीकृत मीमांसा, वृहस्पतिकृत लौकायत, आगस्त्यकृत अगस्तमत, शर्ववर्मनकृत कातंत्र, शशिदेववृत, उग्रभूतिकृत शिष्यहितावृति, पुशि का गणितविषयक सिद्धान्त, वराहमिहिर, आर्यभट्ट, वशिष्ठ आदि के विभिन्न विषयगत मतों और ग्रन्थों का उल्लेख किया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि उस समय अनेकानेक विषयों पर भारतीय ग्रंथ जन-प्रचार में थे जिनका अध्ययन भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी होता था।

---

१ निरुक्त० १. १८।

२ अपरार्क० पृ० ७४।

३ मेधातिथि—मनु० ३.१९।

४ पाकयज्ञविवृत्ति—लौंगासिगृह्यसूत्र की भूमिका में प्रकाशित (काश्मीर संस्कृत सीरीज पृष्ठ ८।

५ हर्षचरित, पृ० १२०।

६ Al, vol. I. p. 159.

अलबीरुनी से चार सौ वर्ष पहले, सातवीं सदी के पूर्वी चालुक्यों के एक दान-अभिलेख से विदित होता है कि भेंट पाने वाले व्यक्ति का पितामह, जो स्थानीय विद्यालय का प्राध्यापक था, वह दो वेदों में पारंगत तथा पद, क्रम, अनुक्रमणिका, कल्प, उपनिषद्, पुराण, इतिहास और धर्मशास्त्र का ज्ञाता था। भेंट पाने वाला स्वयं यज्ञ कराने में निपुण तथा उपनिषद्-इतिहास, पुराण और धर्मशास्त्र में दक्ष था[१]।

अलबीरुनी के समय के भारत में भी वेदों के अतिरिक्त धर्मशास्त्र, पुराण, ज्योतिष, व्याकरण, विज्ञान, भौतिकी और रसायन आदि का भी अध्ययन किया जाता था। जितेन्द्र, का तंत्र और हेमचंद्र के व्याकरण के नवीन समुदाय भी थे[२]। आश्वलायन,[३] वाजसनेय,[४] छांदोग्य,[५] सांख्य[६] आदि की अपनी अलग-अलग शाखा थी। स्वयं अलबीरुनी ने अपनी पुस्तक में स्थान-स्थान पर विभिन्न भारतीय विषयों की पुस्तकों से अनेक उद्धरण दिए हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि उस काल में अनेक भारतीय विषयों की शिक्षा दी जाती थी। मीमांसा, सांख्य, न्याय, चार्वाक सिद्धान्त आदि दर्शन शास्त्रों का अध्ययन किया जाता था[७]।

हिन्दू-गणित की विशेषता पर लिखते हुए अलबीरुनी का यह कथन है कि -अंकों के व्यवहार में जो सहस्र से आगे जाते हैं, वे हिन्दू ही हैं, कम से कम अपनी गणित की विशेष परिभाषाओं में। ये (परिभाषाएँ) या तो उन्होंने स्वतंत्ररूप से अनुसंधित की हैं या निश्चित व्युत्पत्तियों के अनुसार निकाली हैं जबकि दोनों तरीके मिलाकर बने हैं[८]।

व्याकरण—तत्कालीन समाज में व्याकरण का भी बहुत प्रचार था। अलबीरुनी के बहुत पहले से भारत में व्याकरण के अनेक विद्वान् हो चुके थे, जिन्होंने व्याकरण पर ग्रंथ-रचना की थी। शाकट, पाणिनि, शर्ववर्मन, शशिदेव आदि अनेक विचारकों ने व्याकरण पर बहुचर्चित ग्रंथों का प्रणयन किया था। इत्सिग के विवरण से विदित होता है कि काशिका-वृत्ति और पतंजलि के महाभाष्य का चार अथवा छः साल में अध्ययन पूर्ण होता था[९]। व्याकरणाचार्य उग्रभूति का उल्लेख अलबीरुनी ने किया है[१०]। वह पंजाब के शाहियनरेश

---

१ Annual Report of South Indian Epigraphy, 1927, p. 115

२ The Struggle for Empire, pp. 319-20.

३ El, VIII, p. 154. ४ Ibid, xix, pp. 18, 19.

५ Indian Antiquery xviii, pp. 12, 13 EI, V, pp 117-18,

६ Al, xvi. p. 103; EI, viii, p. 154.

७ EI, I, p. 51.

मीमांसाद्वय पारगो गुरुः रसौ यः काश्यपीयेनये।
सांख्ये चाप्रतिमाल्लता नयनिधिन्र्यक्षोक्षपादोक्ति दृक् ॥
यश्चार्वाक—विशाख—मल मलनो दुर्वारबौद्धाम्बुधेः।
पानानन्दित कुम्भसंभभवमुनिर्दिग्वास सामन्तकः ॥

८ Al, vol. I, p. 174.

९ Altekar : Education in Anc. India, p. 128.

१० AI, Vol. I, p. 135.

आनंदपाल (११ वीं सदी का प्रारभ) का गुरु था और व्याकरणग्रंथ 'शिष्यहितावृत्ति' का रचनाकार। उग्रभूति की पुस्तक और उसके प्रचार-प्रसार कार्य पर अलबीरूनी लिखता है कि ग्रंथ पूरा कर लेने के बाद उसने इसे कश्मीर भेजा, लेकिन घमण्डी और परिवर्तन-विरोधी होने के कारण वहाँ के लोगों ने इसे नहीं अपनाया। अतः इसके विषय में शाह से शिकायत की, और शाह ने गुरु के प्रति शिष्य के कर्त्तव्य को आचरित करते हुए, उससे उसकी इच्छा को पूर्ण करने का वचन दिया। अतएव उसने २०,००० दिरहम तथा इतने ही मूल्य के उपहार कश्मीर में उनको बाँट देने के लिए आज्ञा दी जो उसके गुरु की पुस्तक पढ़ते थे। परिणामस्वरूप, उन्होंने ग्रंथ पर भीड़ लगा दी और किसी अन्य व्याकरण की प्रतिलिपि नहीं की। लेकिन, यह उनमें एक लालच की आधारशिला थी। ग्रंथ प्रचारित और अत्यन्त पुरस्कृत हुआ[१]।

विदेशियों के लिए भारतीय व्याकरण सीख पाना अत्यन्त कठिन था। अलबीरूनी ही कहता है कि हम मुसलमान इसका कुछ नहीं सीख सकते, इसलिए कि यह ऐसे मूल से निकली शाखा है जो हमारी समझ के अंतर्गत नहीं—मेरा तात्पर्य स्वयम् भाषा से है[२]।

**रसायन** – रसायन विद्या पर लिखते हुए अलबीरूनी प्रसिद्ध रसायनशास्त्री नागार्जुन का उल्लेख करता है। वह कहता है कि 'नागार्जुन इस कला (रसायन विद्या) का विख्यात विद्वान् था। यह सोमनाथ के निकट दहेककोट का निवासी था। वह इस विद्या में पारंगत था। उसने एक ग्रंथ की रचना की थी, जिसमें इस विषय पर लिखे गए समस्त साहित्य का सार है। यह पुस्तक अत्यंत दुर्लभ है। वह हमारे समय से कोई एक सौ वर्ष पहले हुआ था[३]।

अलबीरूनी द्वारा उल्लिखित यह नागार्जुन कोई दूसरा है। क्योंकि नालंदा में दीक्षित होनेवाले तथा माध्यंतिका दर्शन का प्रवर्तन करनेवाले प्रसिद्ध नागार्जुन का समय वाटर ने प्रायः तीसरी सदी बताया है[४]। डा० आर० सी० मजुमदार के अनुसार नागार्जुन सम्राट् कनिष्क का समकालीन था[५]। नागार्जुन उस समय का प्रसिद्ध विद्वान् था[६]। उसने विज्ञान, औषधि, ज्योतिष आदि विभिन्न विषयों पर अनेक कृतियों का निर्माण किया था[७]।

**अन्यान्य विषय**—इस काल में दार्शनिक ग्रंथों का अध्ययन भी रुचिपूर्वक किया जाता था[८]। भोज[९] का 'राजमार्तण्ड' 'भीमपराक्रम', 'भुजवल निबंध', सोमेश्वर का 'मानसो-

---

१ Ibid, p. 136. २ Ibid, p. 135. ३ Ibid. p. 189.

४ IA (Indian Antiquary) 1908, p. 206.

५ Majumdar, R. C. : Ancient India, p. 175.

६ Indian Antiquary, 1886, p. 353.

७ Keith, A. B. : The Glories of Magadh, p. 141.

८ EI, p. 59.

९ Kane : journal of Oriental Research Institute, xxiii, I p. 94-127.

ल्लास' तथा भवदेवी के ग्रंथों का निर्माण इसी काल में हुआ। विज्ञानेश्वर, अपरार्क कुल्लूक और गोविन्दराज की स्मृतियों और धर्मशास्त्रों पर टीकाएँ, इसी युग में लिखी गई। लक्ष्मीधर ने 'कृत्यकल्पतरु', वल्लालसेन ने 'आचारसागर', 'दानसागर', 'अद्भुतसागर', कृपाराज ने 'व्यवहार निर्णय', देवन्नभट्ट ने स्मृतिचन्द्रिका', हेमाद्रि ने 'चतुर्वर्गचिन्तामणि' और जीमूतवाहन ने 'दायभागनियम' इसी मध्ययुग में लिखा। खगोलविद्या पर भोज का 'राजमृगांक' और शतानन्द का 'भासवती' ग्यारहवीं सदी में ही लिखा गया। द्वयाश्रय से विदित होता है कि चालुक्य राजा जयसिंह ने ज्योतिष के अध्ययनार्थ एक शिक्षा-संस्था का निर्माण कराया था[1]। खगोलशास्त्री भास्कराचार्य की कृतियों से विदित होता है कि खानदेश के प्रधानों ने एक विद्यालय की स्थापना की थी[2]। उस काल में तर्कशास्त्र का भी अध्ययन रुचिपूर्वक होता था। 'चक्ररक्तसंग्रह', 'प्रबोधचंद्रोदय', वाचस्पतिमिश्र कृत 'द्वैतसंग्रह', चंडीदासकृत 'काव्यप्रकाशदीपिका', शंखधरकृत 'लतकमालक' इस युग की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हैं[3]। यक्षपाल के गया-अभिलेख का कर्त्ता मुरारी न्याय का अध्येता था[4]। उज्जयिनी में ऊबट ने 'वाजसनेयी संहिता' पर अपनी प्रसिद्ध टीका की रचना राजा भोज के काल में ही की थी[5]।

## शिक्षा और विद्या के प्रमुख केन्द्र

प्राचीन काल से तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, वाराणसी आदि नगर विद्या के प्रधान केन्द्र थे। पाली साहित्य में तक्षशिला विद्या और संस्कृति का प्रधान केन्द्र वर्णित हुआ है। तक्षशिला के बाद वाराणसी ही प्रमुख क्षेत्र था जहाँ दूर-दूर के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के निमित्त आते थे। पूर्वमध्यकाल में जब मुसलमानों ने पंजाब को तहस-नहस करके अपने अधीन कर लिया तब वहाँ के विद्वान और शिक्षाविद् दूसरे प्रमुख नगरों में निवास के लिए चले गए। कुछ तो पंजाब के निकट काश्मीर प्रस्थित हो गए और कुछ वाराणसी जैसे सुदूर विद्या-केन्द्रों में चले गए। अलबीरुनी लिखता है कि हिन्दू विद्याएँ हमारे विजित प्रदेशों से भागकर काश्मीर, वाराणसी जैसे सुदूर स्थानों में चली गईं जहाँ मेरे हाथ नहीं पहुँच सकते।[6] लेकिन वाराणसी तो बहुत पहले से विद्या और शिक्षा का प्रधान केन्द्र था। मध्ययुगीन अभिलेखों से विदित होता है कि वाराणसी,[7] गया[8] और नागर[9] तीर्थ में वेद आदि का अध्ययन होता था। वाराणसी और काश्मीर में अनेक उच्चतम विद्यालय थे जहाँ अनेकानेक विषयों की शिक्षा दी जाती थी।

---

[1] द्वयाश्रय, १५।

[2] Journal of Royal Asiatic Society (N. S.) I, p. 414.

[3] Indian Historical Quarterly, xxii, I p. 131-39

[4] IA, xvi, p. 65, verse 14.

[5] Luard & Lele: Dhar and Paramar of Malawa, p. 29.

[6] AI, vol. L. p. 22.

[7] xix, p. 299.

[8] गौड़लेखमाला, पृ० ११२, श्लोक ३, कृष्णद्वारिका मंदिर अभिलेख।

[9] IA, xi, p. 102.

अलवीरुनी लिखता है कि यह नगर (वाराणसी) और काश्मीर हिन्दू विद्याओं के श्रेष्ठतम केन्द्र हैं ।[१]

**काश्मीर** में दर्शन, साहित्य, न्याय, ज्योतिष, इतिहास आदि के प्रतिभासंपन्न विद्वान् हुए जिन्होंने साहित्यसंस्कृति के अनेक ग्रंथों की रचना की । 'हरिविजय' का रचनाकार रत्नाकर (८०० ई० के लगभग वर्तमान) 'शिवांक' का रचयिता शिवस्वामी (८५८-८८५ ई० के लगभग वर्तमान), बृहत् कथामंजरी: 'भारतमंजरी,' 'वोधिसत्वावदान' के कर्त्ता क्षेमेन्द्र (१०५० ई० के लगभग वर्तमान), 'कलाविलास', चतुर्वर्गसंग्रह', 'चारुचर्या', 'नीतिकल्पतरु', 'समयमातृका' आदि ग्रंथों के रचयिता सोमेन्द्र (क्षेमेद्र के पुत्र), अलंकारशास्त्र के आचार्य रुय्यक (११३० के लगभग वर्तमान), 'राजतरांगणी' का कर्त्ता कल्हण (११५० ई० के लगभग वर्तमान), श्रीकंठचरित के कर्त्ता मंखक (११७० ई० के लगभग वर्तमान), वेदांतग्रंथ, खंडखाद्यक, महाकाव्य नैषधीय चरित' के कर्त्ता महाकवि श्रीहर्ष कश्मीर के ही थे ।

**वाराणसी** गहड़वालों की दूसरी राजधानी के रूप में थी[२] । प्रसिद्ध काश्मीरकवि श्रीहर्ष के पिता 'हरि' गहणवालनरेश विजयचन्द्र के सभासद थे । विख्यात काव्य नैषधचरित की रचना श्रीहर्ष ने काशी आवास में ही की थी ।[३]

इस प्रकार अलवीरुनी के विवरण से पूर्वमध्ययुगीन शिक्षाप्रणाली पर नवीन प्रकाश पड़ता है ।

---

[१] AI, vol. I, p. 173.

[२] IA, xxiii, pp. 16, 18, 81, I, pp. 198, 204 H; Elliot. History of India, vol. II, pp. 222-23, 300; Briggs. Frishta, I, pp. 178, 79·

[३] नैषधचरित, ११, ११८-१९ ।

# राष्ट्रनायक नेहरू

## सु० प्र० ना० सिंह 'सुरेश'
शोधछात्र, राजनीति एवं समाजशास्त्र विभाग

आधुनिक युग में, एशिया एवं अफ्रीका का एक विशाल राष्ट्र भारत, स्वतन्त्रता की दौड़ में भी अग्रदूत बना। भारतीय स्वतन्त्रता प्राप्ति के उदाहरण द्वारा परतन्त्र एशियाई-अफ्रीकी राष्ट्रों को अभूतपूर्व नेतृत्व एवं प्रेरणा मिली[१]। अत्यन्त सहज रूप में, उपनिवेशवाद के खिलाफ भारतीय राष्ट्रनायक नेहरू के मुख से निकलने वाली आवाज ने भी उन्हें अपनी ओर आर्कषित किया। साथ ही, इन नवोदित राष्ट्रों की विचारधाराओं तथा राजनैतिक आचार – व्यवहारों को भी भारत की आन्तरिक राजनीति के प्रयोगों ने व्यापक रूप से प्रभावित करने में सफलता प्राप्त की। ऐसे दृष्टिकोण के प्रकाश में खोज करने पर हमें बहुतेरे तथ्यों का सहज ही बोध होने लगता है जो नेहरू के व्यक्तित्व से प्रवाहित होकर इन नवोदित राष्ट्रों द्वारा अपने राजनैतिक आचार-विचार के क्षेत्र में व्यापक रूप से अपना लिए गए हैं अथवा उनसे प्रत्यक्ष रूप में प्रेरणा ग्रहण की गई है। यद्यपि यह भी सत्य है कि इन नवोदित राष्ट्रों में इनका अस्तित्व एवं प्रभाव सर्वथा एक समान नहीं रहा। इन विकासशील राष्ट्रों एवं उनके कर्णधारों ने भारतीय प्रभाव तत्वों को अपनी-अपनी रुचि एवं आवश्यकताओं के अनुरूप पृथक्-पृथक् ढंग से ग्रहण करने या विकसित अथवा प्रयुक्त करने का प्रयास किया है, यद्यपि उनका इतिहास एक दूसरे से बहुत ही मेल खाता रहा है। ऐसे प्रयासों का संक्षिप्त तुलनात्मक उल्लेख ही इस लेख का विषय है।

नेहरू जी ही एशिया एवं अफ्रिका के राष्ट्रनायकों के बीच वह सर्वप्रथम राजनायिक प्रगट होते हैं जिन्होंने इस तथ्य का अपेक्षाकृत अधिक स्पष्ट रूप से अनुभव करने का प्रयास किया है कि नवोदित राष्ट्रों को अपने अभ्युत्थान सम्बन्धी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किसी गुट विशेष की 'छतरी' धारण करने की आवश्यकता नहीं है। उनकी दृष्टि में, विकासशील राष्ट्रों के लिए तो यह बात ही अधिक लाभकर एवं उपयुक्त होगी कि वे गुट निरपेक्षता की नीति अपनाते हुए विश्व के दोनों ही प्रभावशाली गुटों (साम्यवादी एवं प्रजातंत्रवादी) से समानता के आधार पर अपने विकास क्रम में अधिकाधिक लाभ एवं सहयोग ग्रहण करें[२]। अधिकांशतः नवोदित राष्ट्रों की परराष्ट्र नीतियों पर नेहरू के ऐसे दृष्टिकोण की व्यापक छाप देखी जा सकती है[३]। नेहरू ने ऐसी नीति को लोकप्रिय बनाने का भी प्रयास किया[४]।

---

१ माइकेल ब्रेचर; नेहरू, पृ० २२७।

२ माइकेल ब्रेचर; यही पृ० २१३-२१४, फ्रेंक मारिस, जवाहरलाल नेहरू, पृ० ४४२।

३ फ्रेंक मौरिस; जवाहरलाल नेहरू, पृ० ४४१।

४ डोरोथी नारमन; (संस्करण) नेहरू (फर्स्ट सिक्सटी इयर्स) वोल्यूम २, पृ० ४५८।

परन्तु स्टालिन एवं जान फास्टर डलेस द्वारा व्यवहृत किए जाने वाले भारतीय सहायता सम्बन्धी दृष्टिकोण (जिसका आधार जो हमारा मित्र नहीं वह अवश्य ही शत्रु है) के कारण भारत को एक लम्बी अवधि तक उपेक्षा का ही सामना करना पड़ा[1]। काफी विलम्ब के बाद ही रूस एवं अमेरिका भारत को उसके विकास सम्बन्धी सहायताओं के लिए सक्रिय कदम उठाने को प्रस्तुत हो सके[2]। इस परिवर्तन से आज की स्थिति पूर्ववत नहीं रही[3]। आर्थिक सहायता के माध्यम से नवोदित राष्ट्रों को अपने प्रभाव क्षेत्र में लाने का प्रयास दोनों गुटों के बीच वस्तुतः एक प्रकार की प्रतिस्पर्धा एवं कूटनैतिक युद्ध (शीत युद्ध) का प्रधान अंग बन गया है। यह तथ्य नेहरू की अन्तर्राष्ट्रीय नीति की सफलता एवं उसके प्रभाव का मापदंड कहा जा सकता है।

नेहरू गुट निरपेक्षता की जिस नीति के माध्यम से अपने राष्ट्र के विकास सम्बन्धी स्वप्नों को पूरा करना चाहते थे, उसका एकमात्र व्यावहारिक विकल्प यही था कि मध्यस्थतावादी सिद्धान्तों को राज्य-व्यवस्था का आधार बनाया जाता। एक ऐसी व्यवस्था काम में लाई जाती जो न तो पाश्चात्य प्रजातंत्रवादी गुट को ही सर्वथा अस्वीकार्य होती और न तो साम्यवादियों के लिए ही पूर्णतया उपेक्षणीय। नेहरू ने इस अपेक्षा का भली प्रकार अनुभव किया। भारतीय व्यवस्था के उदाहरण द्वारा उन्होंने एशिया एवं अफ्रीका के नवोदित राष्ट्रों को एक ऐसी मध्यमवादी विचारधारा के ऊपर आधारित व्यवस्था-पद्धति को अंगीकृत करने की प्रेरणा प्रदान की जिसमें उदारवादी प्रजातांत्रिक मूल्यों एवं समाजवादी सामाजिक आदर्शों दोनों ही को समान महत्व के साथ 'एकमात्र विकल्प' के रूप में स्वीकार किया गया था[4]। अर्थात् भारतीय राज्य व्यवस्था के अन्तर्गत समाजवाद एवं प्रजातंत्र दोनों ही जीवन पद्धतियों के तत्त्व समान रूप से व्यवहृत हैं[5]। नेहरू को इस प्रयास में काफी हद तक सफलता मिली। उनकी सफलता का मूल्यांकन इसी से किया जा सकता है कि जहाँ अमेरिकी विचारकों ने भारत को 'एशिया का श्रेष्ठतम एवं महामनतम प्रजातंत्र' मानने की प्रवृत्ति दिखाई, वहीं रूसी विचारकों ने इसे 'एक प्रकार की समाजवादी व्यवस्था' के रूप में स्वीकार कर लेने में विशेष संकोच का प्रदर्शन न किया। एशिया एवं अफ्रिका के नवोदित राष्ट्रों के राज्य संचालन सिद्धान्तों के पीछे नेहरू की ऐसी सफल नीतियों की गहरी छाप किसी भी प्रकार के संदेह से परे हैं।

आधुनिक अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में गुट निरपेक्षता की नीति का सर्वाधिक सफल प्रयोग स्विटजरलैंड द्वारा किया गया। परन्तु इस प्रकार की स्विस नीति वस्तुतः अपनी प्रकृति में नकारात्मक रूप रखती है। नेहरू ने इसके स्थान पर गुट निरपेक्षता की एक ऐसी नीति को व्यावहारिक सफलता प्रदान की, जो अपनी प्रकृति एवं गुणों में

---

१ देखिए माइकेल ब्रेचर; वही पृ० २२४।

२ सर परसिवल ग्रीफिथ्स; माडर्न इन्डिया, १८९ से १९२।

३ वेरा माइकेल डीन; दी नेचर आफ दी नान वेस्टर्न वर्ल्ड, पृ० ७८।
माइकेल ब्रेचर; वही पृ० २०२।

४ वारवरा वार्ड; इन्डिया एन्ड दी वेस्ट, पृ० २१६।

५ वेरा माइकेल्स डीन; न्यू पेटर्नस आफ डेमोक्रेसी इन इन्डिया, पृ० १०६।

न केवल सकारात्मक प्रतीत होती है बल्कि यह 'अत्यधिक सन्नद्ध एवं क्रियाशील निरपेक्षता' का रूप ग्रहण कर लेती है।[१] एशिया एवं अफ्रीका के अधिकांशतः नवोदित राष्ट्रों की परराष्ट्र नीति का आधार आज सच पूछा जाए तो नेहरू का यही दृष्टिकोण है।

आधुनिक युग में, उदार प्रजातंत्रवादी संस्थाओं के माध्यम से संचालित राज्य व्यवस्था के अन्तर्गत, समाजवादी ढंग के नियोजन एवं नियोजित अर्थव्यवस्था को सफलता पूर्वक व्यवहृत करने का श्रेय सर्वप्रथम नेहरू को ही मिलता है।[२] भारत के द्वारा इस सम्बन्ध में भी किए गए परीक्षण काफी हद तक सफल रहे।[3] इन परीक्षणों ने ही वस्तुतः नियोजित अर्थ व्यवस्था को आज इन विकासशील देशों के जीवन का अनिवार्य अंग बना देने में सफलता प्राप्त की है। नेहरू ने समाजवाद को विश्व के समक्ष एकमात्र एवं अटल विकल्प माना।[४] परन्तु इसी के साथ नेहरू ने समाजवाद के सर्वाधिक सशक्त प्रतिनिधियों-साम्यवादियों का राष्ट्र की व्यावहारिक राजनीति में सर्वदा विरोध ही किया। एक ओर साम्यवादी राष्ट्रों से घनिष्टता का हाथ बढ़ाते हुए भी अपने देश की राजनीति में उन्होंने साम्यवादी शक्ति, संगठन एवं प्रभावों का दमन करने में कभी भी हिचक नहीं दिखाई।[५] क्योंकि नेहरू के दृष्टिकोण से साम्यवादियों के, हिंसा, ध्वन्स एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रगतिशील, विचार राष्ट्र के वास्तविक हितों के विरोधी थे। यदि नेहरू के समान ही एशिया एवं अफ्रिका के नवोदित राष्ट्रों के कर्नल नासिर जैसे कर्णधारों ने, (जो उन्हीं के समान पश्चिम के उदारवादीप्रजातंत्रीय व्यवस्थाओं की शिक्षण संस्थाओं की उपज है) ऐसे द्वैधात्मक आचरण से अपने राजनैतिक व्यवहारों के क्षेत्र में प्रेरणा ग्रहण की हो तो हमें उसमें आश्चर्य नहीं मानना चाहिए।

कुछ लोगों ने नवोदित राष्ट्रों के लिए एकदलीय या तानाशाही जैसी राजनैतिक व्यवस्थाओं को उनकी परिस्थितियों एवं समस्याओं की स्वाभाविक देन के रूप में स्वीकार करने की प्रवृत्ति दिखाई है।[६] परन्तु वास्तविकता यह नहीं है। वस्तुतः एशिया एवं अफ्रीका के नवोदिक राष्ट्रों में एक दलीय व्यवस्था के नहीं, वरन् बहुदलीय व्यवस्थाओं को सामर्थ्य प्रदान करने वाले तथ्य ही प्रधानता रखते है।[७] भारत में भी बहुदलीय व्यवस्था को समर्थन प्रदान करने वाले ऐसे आधारभूत कारणों— जैसे जाति, धर्म, भाषा

---

[१] फ्रैंक मोरिसः; वही, पृ० ४४२, ४४४। वेरा माइकेल्स डीन; यही, पृ० ८४।

[२] माइकेल, ब्रेचर; वही —पृ० १९५, १९६।

[३] वारवरा वार्ड' वही पृ० १४३।

[४] सुनुद्रा जोशी; (सं) नेहरू आन सोशलिज्म, पृ०

[५] वेरा माइकेल डीन; दी नेचर आफ दी नान वेस्टर्न वर्ल्ड पृ० ८३।
एम० एन० दास; दी पोलिटिकल फिलोसाफी आफ जवाहर लाल नेहरू, पृ० १०६।

[६] एस० एस० भूर; री मार्डलिंग आफ डेमोक्रेसी फार अफ्रोएशियन नेशन्स, पृ० ७२, ११०

[७] इनकाउन्टर (मासिक अंग्रे० अगस्त १९६५) डब्ल्यू आर्थर लेविस का लेख बिआन्ड अफ्रिकन डिक्टेटरशिप, पृ० १८।

एवं सांस्कृतिक विविधताओं, अशिक्षा, गरीबी आदि का इन नवोदित राष्ट्रों के समान ही व्यापक अस्तित्व देखा जा सकता है।[1] नेहरू ने भारतीय स्वतन्त्रता के प्रारम्भिक चरण में वस्तुतः बहुदलीय व्यवस्था के स्वागत की भी प्रवृत्ति दिखाई थी। यही नहीं वरन् उन्होंने मिश्रित सरकार द्वारा शासन व्यवस्था को राष्ट्रीय हितों से संगत करने का सीमित प्रयास भी किया था। परन्तु अपने ऐसे प्रयोगों में वे असफल ही कहे जा सकते हैं।[2] भारत के लिए जिस प्रकार की अर्थ व्यवस्था को अपनाया गया उसमें एक दृढ़, संगठित एवं स्थायी दल से समर्थित सरकार के अस्तित्व की आवश्यकता को भी क्रमशः अनिवार्य मानने पर नेहरू विवश हुए। इस अपेक्षा के अनुभव के कारण ही आगामी आम निर्वाचनों के दौरान में नेहरू ने राष्ट्रीय विकास के स्वप्न को पूरा करने के लिए कांग्रेस के हाथ मजबूत करने की अपनी अपील को विशेष महत्व दिया। इस प्रकार व्यावहारिक रूप में एक-दलीय प्रणाली के महत्व को राष्ट्रीय विकास के सन्दर्भ में स्वीकार करते हुए भी प्रजातन्त्रवादी नेहरू के लिए इस व्यवस्था को सिद्धांत रूप में स्वीकार कर लेना सम्भव न हो सका। इस आधार पर विचार करने से यही प्रतीत होता है कि एशिया एवं अफ्रिका के नव-स्वतंत्र विकासशील राष्ट्रों ने अपने राजनैतिक व्यवहारों के ऐसे क्षेत्र में भी नेहरू के तत्सम्बन्धी अनुभवों से काफी प्रेरणाएँ ग्रहण की हैं। परन्तु इन देशों ने ऐसे तत्वों को नेहरू की अपेक्षा काफी आगे बढ़कर स्वीकार किया है, इनमें दो मत नहीं।

स्वयं चाणक्य के छद्म नाम से अपने चरित्र की विवेचना करते हुए यद्यपि नेहरू ने अपने को प्रजातंत्रवादी ही माना है, फिर भी वे अपने चरित्र से सम्बन्धित कतिपय ऐसी विशेषताओं की ओर संकेत भी करते हैं जो एशिया एवं अफ्रिका के नवोदित राष्ट्रों की एक दलीय शासन व्यवस्था के शीर्षस्थ राजनायकों के व्यक्तित्व से बहुत ही मेल खाती प्रतीत होती हैं। अतः यह अत्यन्त स्वाभाविक ही है कि अपने देश, के जन-जीवन एवं राजनीति में मूर्धन्य प्रतिष्ठा प्राप्त नेहरू[3], विश्व की राजनीति में अपना स्थान रखने वाले नेहरू, के व्यक्तित्व से ऐसे राजनयिकों ने गहरी प्रेरणा ग्रहण की हो और उस तथ्य को और अधिक प्रच्छन्न रूप से व्यवहृत किया हो जिसे नेहरू अपने दल, सरकार, एवं देश की राजनीति में अपने निर्विवाद व्यक्तित्व के सहारे अप्रत्यक्ष रूप में ही प्रयुक्त कर डालने में सफल हो जाते थे।

सरकार एवं दल के भीतर विभिन्न पक्षों को एक साथ संगठित करते हुए स्वयं उनका संगम स्थल एवं संतुलन बिन्दु बने रहना, नेहरू की राजनैतिक दक्षता का सूचक है।[4] यदि थोड़ी भी विश्लेषणात्मक दृष्टि से विचार करें तो एशिया एवं अफ्रीका के नवोदित देशों के विभिन्न राजनयिकों में इस प्रकार की विशेषताओं के पर्याप्त तत्व हमें सहज ही मिल

---

[१] एस० एस० भूर; वही पृ० ३।

[२] नेहरू ने श्री श्यामा प्रसाद मुकर्जी जैसे व्यक्तियों को भी मंत्रिमंडल में लाने का प्रयास किया—परन्तु ऐसी व्यवस्था स्थायी न हो सकी।

[३] रामेश्वरी नेहरू; (भूमिका में) जवाहरलाल नेहरू दी मैन एन्ड हिज आइडियल्स, पृ० २९–३०।

[४] फ्रैंक मौरिस; वही, पृ० ४८१ माइकेल ब्रेचर वही पृ० २३०।

जाएँगे। विशेषकर स्वतन्त्र हिन्देशिया की स्थापना के श्रेयभागी राष्ट्रपति सुकर्ण को 'हिन्देशिया के द्वितीय राष्ट्रपिता नेहरू' की ऐसी विशेषताओं से विशेष रूप से प्रभावित देखा जा सकता है।

परराष्ट्र नीति में, नेहरू के पंचशील सम्बन्धी सिद्धान्तों को, जिसे उन्होंने भारतीय वैचारिक परम्पराओं (बुद्ध एवं शंकर के विचार दर्शनों) के आधार पर विकसित करके[१], एवं उसे भारतीय संविधान में प्रतिष्ठित करते हुए, भारत की अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में व्यवहृत करने का प्रयास किया था[२], राष्ट्रपति सुकर्ण के पंचशील संबंधी दृष्टकोण में क्रान्तिकारी परिवर्तन की सृष्टि करते हुए देखा जा सकता है। कतिपय अपवादों को छोड़, अन्य नवोदित राष्टों की बहु-संख्या तो इस विचार धारा की प्रगट एवं सीधी अनुगामिनी है ही।

नेहरू के धर्म एवं धर्म निरपेक्षता सम्बन्धी विचारों ने भी (जिसमें न तो किसी धर्म विशेष की मान्यता को ही कोई स्थान था और न तो अधार्मिकता को ही) इन नवोदित एशियाई अफ्रीकी राष्ट्रों के कर्णाधारों के धार्मिकता सम्बन्धी दृष्टिकोणों पर अपनी गहरी छाप डालने में सफलता प्राप्त की है। ऐसा प्रभाव हमें मिश्र के राष्ट्रपति नासिर एवं मलेशिया एवं सिंगापुर के राष्ट्र नायकों में किसी भी अन्य की अपेक्षा कहीं अधिक प्रभावशाली रूप में दिखाई देगा। इन्होंने भी मानव विकास क्रम में नेहरू के समान ही धर्म का रचनात्मक महत्व स्वीकार किया है। परन्तु उसे राजनीति का आधार बनाने से वे नेहरू के समान ही अप्रस्तुत देखे जा सकते हैं। पाकिस्तान ही ऐसे राष्ट्रों में एकमात्र अपवाद है जिसने नेहरू के ऐसे धर्म एवं गुट निरपेक्षता सम्बन्धी विचारों से अपने को किसी भी अन्य देश की तुलना में कहीं अधिक उल्टी दिशा में प्रवाहित करने में सफलता प्राप्त की है।[३] इन राष्ट्रों में कुछ ही ऐसे हैं जिन्होंने नेहरू के दृष्टिकोण के विपरीत देश की एकता के लिए राष्ट्रीयता की भावना के स्थान पर धर्म को माध्यम मानने की प्रवृत्ति दिखाई है।

गम्भीरता से विचार करने पर हमें यह भी भली प्रकार विदित हो जाता है कि नेहरू के औद्योगीकरण सम्बन्धी विचारों ने भी इन नवोदित एशियाई अफ्रीकी राष्ट्रों की विकास सम्बन्धी नीतियों पर अपनी गहरी छाप डाली है। नेहरू ने मिश्रित अर्थ व्यवस्था को सरकारी नियोजन के अन्तर्गत संचालित किए जाने की पूर्ण व्यावहारिकता सिद्ध करते हुए, राष्ट्रीय प्रगति का एक ऐसा द्विमुखी दृष्टिकोण अपनाया जिसमें मध्ययुगीन भू-व्यवस्था पद्धति के परिष्कार के आग्रह के साथ ही आधुनिक युग की श्रेष्ठतम एटामिक आविष्कारों के प्रति भी समान रूप से आग्रह दिखाया गया था। कोई आश्चर्य नहीं जबकि हम लगभग भारत की ही सादृश्यमूलक समस्याओं से गुजरने वाले नव स्वतंत्रता प्राप्त इन राष्ट्रों को भी ऐसी ही मिश्रित अर्थ व्यवस्था के प्रति विशेष रुझान प्रगट करते हुए देखते हैं, क्योंकि नवोदित एशियाई अफ्रिकी राष्ट्रों को भारत में सफलतापूर्वक व्यवहृत होने वाली ऐसी अर्थ व्यवस्था से अधिक प्रेरणात्मक तत्व और कुछ नहीं हो सकता।

———

२ फ्रैंक मौरिस; वही, पृ० वही। ३ माइकेल ब्रेचर; वही पृ० २४१।
१ वेरा माइकेल्स डीन; वही, पृ० ८६।

# जीवन सफल कैसे हो

श्री चन्द्रबली त्रिपाठी
स्टेट्स आफिस

(१)

हमें चाहिए कि हम भूल करने वालों को उनकी कठिनाइयों से उबारें। उन पर कड़ुए वाक्यों का खौलता हुआ कड़ाहा उलटकर हम उन्हें सुधार नहीं सकते। उनको पद-दलित करने के बजाय हमें उन्हें उठाने की कला सीखनी चाहिए।

यदि बुराई को हम सदा के लिए उखाड़ फेंकना चाहते हैं तो हमें इसके पहले अपने मन की ही बुराई को खोद निकालना चाहिए। कठोर शब्दों और आदतों से न तो वैमनस्य मिटता है और न राक्षसों में देवत्व की स्थापना होती है, आलोचनापूर्ण अथवा चोट पहुँचाने वाले शब्दों की अपेक्षा मधुर शब्द हृदय पर अधिक प्रभाव डालते हैं—इसलिए विरोध भरे और कड़ुवे शब्दों से विषमता का कभी नाश हो ही नहीं सकता।

यह याद रखना चाहिए कि मुंह में लाए हुए उत्तम शब्द जीवन में सुख और समृद्धि लाते हैं और हिंसात्मक और अप्रिय शब्दों से अव्यवस्था उत्पन्न होती है। क्रोधाकुल शब्दों से हमारी पाचन क्रिया में बाधा पड़ती है तथा अन्य व्यापारों में भी उथल-पुथल मच जाती है।

आज के संसार को जितनी आवश्यकता उत्तम उत्साहवर्धक शब्दों की है उतनी और किसी वस्तु की नहीं—जो लोग ऐसा करेंगे वे लोग बिना इसका पुरस्कार पाए नहीं रहेंगे, क्योंकि आशीर्वाद प्रदान करके वे स्वयं आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

याद रखना चाहिए कि पत्थरों को खाकर कोई बढ़ नहीं सका, फल-फूल नहीं सका। इसी तरह कठोर शब्दों से कोई बढ़ नहीं सकता, फल-फूल नहीं सकता।

**ऐसी बानी बोलिए, मनका आपा खोय।**
**औरन को शीतल करे, आपो शीतल होय ॥१॥**
**तुलसी मीठे बचन ते, सुख उपजत चहुँओर।**
**बसीकरण एक मंत्र है, तज दे बचन कठोर ॥२॥**
**साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप।**
**जाके हिरदै साँच है, ताके हिरदै आप ॥३॥**
**कबहुँ न भाषिय कटुबचन, बोलिय मधुर सुजान।**
**जेहिते नर आदर करे, होय जात कल्यान ॥४॥**

(२)

अपमान करके मनुष्य अपने शत्रुओं की संख्या बढ़ाता है और सम्मान करके सुहृदों की। और यह भी निश्चित है कि जिसके जितने अधिक शत्रु होंगे उसकी जीवन यात्रा उतनी ही कंटकाकीर्ण, अशान्त, असहाय और लक्ष्य तक पहुँचने में संदेहयुक्त रहेगी। इसके विपरीत जिसके सच्चे मित्रों की संख्या जितनी ही अधिक होगी उतना ही उसका जीवन विघ्नरहित, शान्त, सहायता से पूर्ण और सहज ही सफलता से युक्त रहेगा। मनुष्य यदि अभिमान व लोभ छोड़ दे तो दुनिया भर को अपने पक्ष में ला सकता है।

अपने मातहतों की बातें, आदर और प्रेम से समय देकर सुननी चाहिए, किसी का तिरस्कार न करें उनकी न्यायोचित माँग को पूरा करने की सहृदयतापूर्वक चेष्टा करें।

दूसरे का अनिष्ट करना बड़ा भारी पाप है और दूसरे का हित करना बड़ा पुण्य है।

**अष्टादशपुराणेष व्यासस्य वचनद्वयम् ।**
**परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम् ॥**

(३)

मनुष्य को उत्तम घर, उत्तम वर, उत्तम शरीर, उत्तम स्त्री तथा उत्तमपद पूर्व जन्मार्जित पुण्यों के कारण ही प्राप्त होता है। पदाधिकार पूर्व जन्म के महान पुण्य से मिलता है इसमें दो मत नहीं हो सकता। अतः इस जन्म में भी आप पुण्य ही संचय करें ताकि आपका भविष्य एवं अगला जन्म और भी उज्ज्वल हो।

आप के दोनों ओर खाईं है। तनिक भी असावधानी से आपके खाई (नरक) में गिरने का भय सदैव बना हुआ है। इसलिए खूब सोच-समझ कर ही निर्णय देना उचित है, जैसे कोई डाकू है जो दिन रात डाके में रत है किन्तु किसी प्रकार वह छूट जाता है अथवा उसके पक्ष में निर्णय हो जाता है तो निर्णय करने वाला खाईं (नरक) में चला जाता है। इसके साथ ही अपराधी ईश्वरीय दण्ड से बच नहीं सकता। मानस में भगवान शंकर ने कहा था—

**जो नहिं दण्ड करों खल तोरा ।**
**भ्रष्ट होइ श्रुति मारग मोरा ॥**

यह चौपाई ध्यान रखने योग्य है। काल की गति कोई नहीं जानता।

न जाना जानकीपति ने प्रातःकाल क्या होगा ?

श्री रामचन्द्र जी रात्रि के अन्तिम प्रहर तक यही जानते थे कि प्रातःकाल उनका राजतिलक होने वाला है। किन्तु प्रातःकाल राजतिलक के स्थान पर बनवास हो गया। अतएव कालबली से डरना चाहिए। न्याय को कभी भी न छोड़ना ही उचित है। प्रह्लाद ने सुधन्वा से पूछा कि अनुचित निर्णय करने वाले की क्या गति होती है। सुधन्वा ने बताया कि—

(१) सौत वाली स्त्री को जैसी वेदना होती है।

(२) जूए में हारे हुए और बोझ से पीड़ित मनुष्य को जैसी वेदना होती है।

(३) निकलने के लिए छटपटाते हुए कैदी और बाहर पड़े हुए भूखे को जो कष्ट होता है।

वही सब अन्यायपूर्ण निर्णय करने वाले को मिलता है। अन्यायपूर्ण निर्णय करने वाले स्वयं तो नरक में जाते ही हैं उनकी पीढ़ियाँ भी नरकगामिनीं होती हैं। तथा अन्यायपूर्ण निर्णय करने वाले का नाश हो जाता है।

———

# ṚṢI

PADMA MISRA
*Women's College*

The word *ṛṣi* has been in use since the time of the *Ṛgveda*, but the concept denoted by the term has gradually been modified from the original sense of a gifted composer to signify a celestial being, who embodies the ideals of the Vedic religion and culture. The semantic development of this word is easy to trace. The concept in its formative stage in the *Ṛgveda*, is modified in the later Saṃhitās, and the Brāhmaṇas mark the close of the first phase of its development.

The ṛṣis of the earlier hymns are inspired poets and singers, who propitiate the gods with hymns and sacrifices and are not indifferent to social success or material gain[1]. That their prayers are also inspired by material considerations is clear from their longing for securing nourishment[2], thousands of cows[3], horses[4] and honour[5]. In the later hymns of the *Ṛgveda*, the ancient ṛṣis are elevated to an exalted semi-divine status[6], which is confirmed in the later Saṃhitās. The comparatively recent ṛṣis continue to be real and living personalities for the society described in the *Brāhmaṇas*. The change of outlook in the Upaniṣads attributes new significance to the ṛṣis. They retire to the forests, but continue to embody the ideals of the contemporary society. The class of ṛṣis though becoming a closed order[7] is still open to occasional admissions, which are discontinued in the Sūtra period[8].

---

[1] *Ṛgveda*—I.I.2 ; VI 34. I ; VII. 70.5 ; VIII. 8.8

[2] *RV*—VIII. 8.15 ; all subsequent unspecified references are from the *Ṛgveda*

[3] I. 10.11 ; I. 179.6 : I. 189.8 ; VIII. 3.4 ; VIII ; 4.20 ; X. 33.4, etc.

[4] V. 33.10

[5] V. 66.5, *śrave*

[6] X. 62.4 ; X. 82.2

[7] *Nirukta*—XIII.12

[8] *Āpastamba Dharma Sūtra*—X.5.4, *avareṣu ṛṣayo na jāyante*

Towards the end of the Vedic period the word ṛṣi begins to denote an idealized class of sages to whom the Vedas were believed to have been revealed, and who were taken to be the exponents of the *dharma*[1]. In the Epics, the Smṛtis and the Purāṇas, the ṛṣis are taken to be the representatives of a sacred and remote past and merely serve as mouthpieces for religious discourses. Like the Vedas, they are entitled to a formal respect, and like their stellar counterparts they become the silent spectators of the religious world from their lofty position as celestial beings.

The development of the concept expressed by the word ṛṣi reflects the change in religious and social values, that contributed to the modification of the established order. Ṛṣi is not the only word to be affected in this manner. Some of the other words used in the *Ṛgveda* for the composers of the hymns and the officiants at the sacrifices, later acquire more general or more specific meanings[2]. The modified concept of the word ṛṣi implies idealized holy seers, who were believed to have nourished the Vedic culture[3]. This idea of idealized personalities appears to have contributed to the formation of the representative group of seven ṛṣis, who are later considered to be the progenitors of the Brāhmaṇ gotras[4].

The word ṛṣi is not as frequently used in the *Ṛgveda*, as some of the other terms denoting a composer. More than half of the total references to ṛṣi occur in the later books, in which the ṛṣis begin to assume a character closer to that of their later image. The term ṛṣi is applied in the *Ṛgveda* to some of the poets, who invoked the gods by their hymns[5]. This apparently leads the authors of the *Vedic Index* to describe the composers in general, when discussing the word ṛṣi[6]. The *purohita* is also included in

---

[1] *Nir*—1.20; *Manu*—XII. 106

[2] kavi, dhīra, vipaścit, vipra, brahman, etc.

[3] X. 14.15, *nama ṛṣibhyaḥ pūrvajebhyaḥ pūrvebhyaḥ pathikṛdbhyaḥ*; X. 130.7

[4] *Baudhāyana Śrauta Sūtra*—Pravarādhyāya

[5] I.48.15,; IV. 20.5; V. 75.1; VI. 44.13; VIII. 8.6; X. 80.5

[6] Vedic Index—I, pp. 115-8

this description, as he is said to be a singer whether acting as a *hotṛ* or *brahman* priest[1]. The ṛṣis, probably taken as the *purohitas*, are supposed to have been attached to the houses of the Vedic kings or nobles. The evidence from the *Ṛgveda*, however, does not support this assumption. The selective use of the word ṛṣi in the *Ṛgveda* eliminates the possibility that it means composers in general[2]. The surmise is supported by its use with *vāghat*, a singer[3]. In order to justify his claim to the patronage of a prince one of the poets describes himself as the ṛṣi among the singers[4]. This shows that the ṛṣi was regarded as superior to the general composer or singer of hymns.

The confusion of ṛṣi with the general singer may be due to its derivative meaning. The word is derived from the verb ṛṣ to go[5] or flow[6], and is taken to denote the person from whom the songs flow[7]. Ṛṣi, used with discrimination in the *Ṛgveda*, gradually begins to be applied to the composers of the Vedic hymns in general. According to Yāska, the followers of Upamanyu interpret ṛṣi as 'seers of hymns[8]'. This suggestion seems to have given rise to the generally accepted idea that the word ṛṣi means a seer, and that it should be derived 'perhaps from an obsolete verb *ṛish* or *dṛish* to see ?'[9] The *Amarakośa* reflects the contemporary usage and the concept expressed by the word ṛṣi, when it gives *satyavacas* (man of infallible speech), as a synonym of ṛṣi.

Another word derived from the same verb is *ṛṣu* which occurs four times in the *Ṛgveda* in connection with Agni and in

---

[1] Geldner, K. F.—*Vedische Studien*, II, p. 153;

[2] cf. Gonda, J.—*Epithets in the Rgveda*, pp. 155-6

[3] Vāghat is included in the lists of words both for the singer and officiating priest, *Nighaṇṭu*—III, 15 & 18

[4] X. 33.4

[5] I. 164.15

[6] IX. 54.1; cf. IV. 58.10; IX. 62.3

[7] cf. Grassmann, H.—*Wöterbuch zum Rigveda*

[8] *Nir*—II. 11; III. 11

[9] Monier-Williams—*Skt.-Eng. Dictionary*; Cf. Chapekar, N.G.' Ṛṣi' in *Poona Orientalist*, 26, nos. 3-4, July & October 1961. p. 130

genitive plural[1]. The meaning of the word appears to be at a fluid stage with a bias towards its derivative sense. Geldner translates it as 'Morgenstrahlen' (morning rays), and Sāyaṇa interprets it as 'rays of the Sun' in one verse[2] and as *āgantṛ* in another[3]. In the two comparatively early verses, he takes it as a synonym of ṛṣi, which seems to suit the context[4]. It appears that the meanings of the words ṛṣi and *ṛsu* were not very distinct. This would also explain the disappearance of the latter.

When used as an adjective in the *Ṛgveda*, *ṛṣva*—another cognate of the word ṛṣi—implies sublimity or illustriousness. The sense of elevation or prominence which appears to be more pronounced in the meaning of the word *ṛṣva*, may also be taken as inherent in the term ṛṣi. This may have contributed to the idea of an exalted personality implicit in the concept conveyed by the word ṛṣi.

